जबलपुर
शुक्रवार 6 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष : 3
वर्ष : 20, अंक : 304
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 19

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,015.90 | 899.71 ▲ |
| निफ्टी | 24,765.90 | 285.40 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 1,63,000/- | 7600/- ▼ |
| चांदी | 2,60,000/- | 27000 ▼ |
| (सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में) | | |
| **मुद्रा** | **प्रति डॉलर** | **ऊपर** |
| रुपया | 91.60 | 45 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 82.89 बैरल | | 1.83% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### 2024-25 में भाजपा की आय 6769.14 करोड़ रही

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने वित्तीय साल 2024-25 के लिए राष्ट्रीय पार्टियों की इनकम जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी की कुल आय 6,769.15 करोड़ है। 6 राष्ट्रीय पार्टियों की आय का 85% हिस्सा अकेले भाजपा के पास है। बीजेपी की इनकम पिछले साल के मुकाबले 55.95% और कांग्रेस से करीब 7 गुना ज्यादा है। देश के 6 प्रमुख राष्ट्रीय दलों भाजपा, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी की कुल आय 7,960 करोड़ रुपये दर्ज की गई। *एजेंसी*

### यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियाना।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।



कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। *एजेंसी*

### वायुसेना का सुखोई फाइटर जेट असम में लापता

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का एक सुखोई फाइटर जेट गुरुवार को असम में अचानक रडार से गायब हो गया। अधिकारियों के मुताबिक विमान से रडार संपर्क टूटने के बाद तुरंत स्थिति का पता लगाने के लिए खोज और जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी से पता चलता है कि सुखोई जो 4.5 जेनरेशन का एयरक्राफ्ट है, कार्बी आंगलोंग जिले में उड़ान भरते समय शाम करीब 7 बजे गायब हो गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया है। *एजेंसी*

### सॉफ्टेयर महिला इंजीनियर ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में महिला ने सास से झगड़ा होने पर सुसाइड कर लिया। घटना 4 मार्च को नॉर्थ बेंगलुरु के इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि 35 साल की मृतक महिला सुषमा आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी। सुषमा की 5 साल पहले पुनीत कुमार से शादी हुई थी, दोनों का 4 साल का बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि सुषमा और उसकी सास के बीच अक्सर खाना बनाने को लेकर झगड़ा होता था। पारिवारिक झगड़ों के कारण सुषमा तनाव में रहती थी। सुषमा ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। *एजेंसी*

# राज्यसभा चुनाव : आजाद उम्मीदवार सतीश नांदल ने बढ़ाई कांग्रेस की मुश्किलें, रोचक हुआ मुकाबला

**भाजपा से संजय भाटिया कांग्रेस से कर्मवीर सिंह बौद्ध और निर्दलीय सतीश ने दाखिला किया पर्चा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्यसभा चुनाव में तीन उम्मीदवारों के नामांकन करने से मुकाबला रोचक हो गया है। भाजपा की तरफ से उम्मीदवार संजय भाटिया ने नामांकन भरा। उनके साथ सीएम नायब सैनी भी रहे। उधर, कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा प्रत्याशी बनाया है। यह उनका पहला चुनाव होगा। भाजपा उम्मीदवार नामांकन भरने के बाद बौद्ध ने भी विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन किया। उधर, रोहतक के बोहर गांव के रहने वाले सतीश नांदल



भाजपा



कांग्रेस



निर्दलीय

राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन कर दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर के नामांकन के समय पूर्व सीएम भूपेंद्र सहित कांग्रेस के 34 विधायक मौजूद रहे। इससे पहले कांग्रेस ऑफिस में कर्मवीर बौद्ध ने नामांकन पत्र भरा। बताया जा रहा है कि हरियाणा के एक सीनियर आईएएस ने उन्हें पार्टी हाईकमान तक पहुंचाया। इसके बाद राहुल गांधी ने ही उनका नाम हरियाणा से राज्यसभा सदस्य के लिए सुझाया। नामांकन के बाद उन्होंने कांग्रेस हाईकमान का धन्यवाद किया। वहीं, सतीश करीब दो बजे निर्दलीय विधायक सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून के साथ विधानसभा पहुंचे और नामांकन किया। वहीं, चुनावी रण में तीन प्रत्याशी होने से एक बार फिर पहले (2016 और 2022) की तरह ही खेला होने के आसार बढ़ गए है। हालांकि, कांग्रेस प्रत्याशी बौद्ध ने कहा कि पार्टी के सभी 37 विधायक हमारे साथ है।

#### नांदल इनेलो में रह चुके, हुड्डा के सामने 3 बार चुनाव लड़ा

सतीश ने 2007 में इनेलो से राजनीतिक करियर शुरू किया था। राष्ट्रीय प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष भी रहे। साल 2094 और 2014 में इनेलो के टिकट पर रोहतक के गढ़ी सांपला किलोई हलके से भूपेंद्र सिंह हुड्डा के सामने चुनाव लड़ा। फिर भाजपा जॉइन की। भाजपा ने भी 2019 के विधानसभा चुनाव में नांदल को हुड्डा के सामने मैदान में उतारा था। सतीश नांदल शिवाल्या कंट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। वैश्य तकनीकी संस्थान से 1985 में सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी।

#### कर्मवीर एडीओ पद से रिटायर पत्नी लेबर विभाग में तैनात

कर्मबीर बौद्ध हरियाणा के अंबाला के रहने वाले हैं। वे हरियाणा सिविल सचिवालय से करीब 4 साल पहले प्रशासनिक अधिकारी (एडीओ) के पद से सेवानिवृत्त हुए। इनकी पत्नी लेबर डिपार्टमेंट में असिस्टेंट हैं। कर्मवीर बौद्ध कांग्रेस में किसी भी गुट या खेमे से जुड़े हुए नेता नहीं माने जाते। यही कारण है कि उन्हें संगठन के भीतर एक संतुलित और सर्व स्वीकार्य चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। वे 'संविधान बचाओ अभियान' में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं।



### नीतीश ने राज्यसभा के लिए पर्चा भरा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा कैंडिडेट के लिए नामांकन दाखिल किया। सीएम के साथ भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा, 'उनका ये कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में लिखा जाएगा। बिहार के विकास के सारे मायने को उन्होंने गति देने का काम किया।

## तेहरान ने कई देशों पर बोला हमला, अमेरिकी बेस को भी बनाया निशाना

# अब अजरबैजान में भी ईरान का ड्रोन हमला, अबू धाबी एयरपोर्ट पर विस्फोट

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध अब दूसरे देशों में भी फैल रहा है। अजरबैजान के नखचिवान क्षेत्र में हुए ड्रोन हमले को लेकर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। वहीं, अबू धाबी एयरपोर्ट पर भी विस्फोट हुआ है। अजरबैजान ने इस ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है। राष्ट्रपति इलहाम अलीयेव ने कहा कि इस घटना पर ईरान को माफी मांगनी चाहिए। इसके अलावा ईरानी राजदूत को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अजरबैजान के विदेश मंत्रालय के अनुसार एक ड्रोन नखचिवान इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन से टकराया, जबकि दूसरा शकराबाद गांव में एक स्कूल के पास गिरा। इस घटना में एयरपोर्ट टर्मिनल को नुकसान पहुंचा और दो नागरिक घायल हो गए। राष्ट्रपति अलीयेव ने इस घटना को 'कायराना हमला' बताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि ईरान ने इस ड्रोन हमले में हाथ होने से इनकार किया है और कहा है कि इस घटना की जांच की जा रही है। ईरान ने अजरबैजान में हुए ड्रोन हमले में अपनी किसी भी भूमिका से इनकार किया है।

**1200** की अब तक मौत
**5000** से अधिक बम फेंके गए



#### अमेरिकी एफ-15 ई लड़ाकू विमान मार गिराया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने देश की दक्षिण-पश्चिमी सीमा के पास एक अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक फाइटर को मार गिराया। ईरान की दो सीटों वाला यह लड़ाकू विमान "निशाना बनाकर गिरा दिया गया।" हालांकि रिपोर्ट में घटना का समय नहीं बताया गया है। वहीं अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने इन खबरों को खारिज कर दिया।

#### इजराइल की चेतावनी- बेरूत के लोग तुरंत घर छोड़ें

इजराइली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रहने वाले लोगों को तुरंत अपने घर छोड़ने की चेतावनी दी है। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि लोग अपनी जान बचाने के लिए तुरंत सुरक्षित इलाकों की ओर निकल जाएं। इजराइली सेना ने बुरज अल-बराजनेह और हदाथ इलाकों के निवासियों से पूर्व की ओर माउंट लेबनान की तरफ जाने को कहा है।

### जंग जल्द खत्म हो : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।



### भारत ने शोक जताया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज छठा दिन है। भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई। उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी। अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी। खामेनेई के निधन के बाद दुनियाभर के कई देशों से शोक संदेश भेजे जा रहे हैं।

## हरियाणा में किरायेदारों को राहत

# मकान मालिक की प्रॉपर्टी आईडी से बनेगा पीपीपी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के शहरों में खुद का मकान-प्लॉट नहीं होने के कारण परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) नहीं बनवा पा रहे लोगों को प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब किराये पर रह रहे लोग अपने मकान मालिक की प्रॉपर्टी आईडी देकर परिवार पहचान पत्र बनवा सकेंगे। दरअसल, शहरी क्षेत्रों में पीपीपी बनवाने के लिए संपत्ति पहचान पत्र अनिवार्य है। हरियाणा विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में पानीपत के विधायक प्रमोद विज ने शहरी क्षेत्रों में परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता पर सवाल उठाते हुए सरकार से पूछा कि जिन किराएदारों के पास अपनी संपत्ति नहीं है, वह किस तरीके से पहचान पत्र बनवा सकते हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री की तरफ से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि किराएदार अपने मालिक की सहमति के साथ प्रापर्टी आईडी भरकर पहचान पत्र बनवा सकते हैं।

**सरकार ने दी विधानसभा में जानकारी कहा-समाधान निकालेंगे**

#### संबंधित विकल्प का कर सकते हैं चयन

शहरी क्षेत्रों में आवेदक परिवारों के आवासीय पते के उचित सत्यापन और प्रमाणीकरण को सुनिश्चित करने के लिए प्रापर्टी आईडी को अनिवार्य किया गया है। कोई व्यक्ति किराएदार है या उसके नाम पर कोई संपत्ति नहीं है तो वह परिवार पहचान पत्र के संबंधित विकल्प का चयन कर सकता है। संबंधित व्यक्ति जिस परिसर में रहता है, वह उसकी सहमति के साथ प्रॉपर्टी आईडी दर्ज कर सकता है। इसी के आधार पर उचित सत्यापन किया जाएगा।

#### किराएदारों को दायरे में लाएंगे

विज ने पूरक सवाल उठाते हुए कहा कि किराएदारों के पास कोई संपत्ति नहीं है और वह सरकार की योजना के लाभ के दायरे में आता है, लेकिन मकान मालिक के पास संपत्ति है और वह सरकारी योजना के लाभ के दायरे से बाहर है तो ऐसे में उसे लाभ देने को लेकर क्या योजना है। कृष्ण बेदी ने कहा कि इस तरह का मामला अभी तक सरकार के सामने नहीं आया है। विधानसभा में यह मुद्दा आने के बाद इस पर विचार करते हुए सरकार जल्द ही कोई बीच का रास्ता निकालेगी।

## सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की हुई शादी



सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की गुरुवार को सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी समेत कई जानी-मानी हस्तियां पहुंची।

#### सानिया चंडोक संग लिए फेरे

**मुंबई।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की गुरुवार को सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं। अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं।

## खानपुर मेडिकल के दो डॉक्टरों की हादसे में मौत

**सोनीपत।** खानपुर कलां स्थित बीपीएस मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई कर रहे 2 युवा डॉक्टरों की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान तमिलनाडु के रहने वाले डॉ. अरविंद और त्रिपुरा निवासी डॉ. नीलोत्पल के रूप में हुई है। दोनों खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज में एमडी की पढ़ाई कर रहे थे। दोनों डॉक्टर मंगलवार देर रात मेडिकल कॉलेज से बाइक पर घूमने के लिए निकले थे। इसी दौरान खानपुर-कासंडी रोड पर उनकी बाइक अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मेडिकल कॉलेज और डॉक्टरों के बीच शोक का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक परिजनों की ओर से कोई औपचारिक शिकायत नहीं दी गई है।

**एक तमिलनाडु, और दूसरा त्रिपुरा का रहने वाला**

## झज्जर में घर से बुला वकील को गला रेतकर मार डाला

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)।** सिलानी गांव में बीती रात एक वकील की गला रेतकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने रात में कॉल कर देवराज चाहर को केस देने के बहाने घर से बाहर बुलाया और मार डाला। परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई रेफर किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वकील अपनी बीवी और ससुर के साथ किराए के मकान में रहते थे। ससुर ने बताया कि कॉल आते ही दामाद चला गया था, लेकिन जब लौटा तो खून से लथपथ था। हत्या की जानकारी सामने आने पर वकीलों ने रोष जताया। उधर, झज्जर बार एसोसिएशन ने अपने मेंबर्स को वर्क सस्पेंड करने का आदेश जारी कर दिया। सिलानी गांव के रहने वाले जगत चाहर ने बताया कि उनके बेटे देवराज चाहर की बीती रात हत्या कर दी गई। वो अपने घर में सो रहे थे, तभी किसी ने उन्हें कॉल कर कहा कि एक केस आया है। मामले में 2 लाख मिलेंगे। देवराज जैसे ही घर से छारा चुंगी के पास गया। वहां, हिमांशु नाम के युवक ने उसका गला रेत दिया।

**आरोपी बोला-2 लाख मिलेंगे, बार प्रधान का कोर्ट में हड़ताल का ऐलान**

# बंगाल के राज्यपाल बोस व लद्दाख के एलजी कवींद्र गुप्ता का इस्तीफा

***ममता बोलीं- मुझे गृहमंत्री ने बताया आरएन रवि नए गवर्नर होंगे***

**कोलकाता/लेह।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है। बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे।





**तमिलनाडु के राज्यपाल रवि को पश्चिम बंगाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी**

#### ममता व बोस के बीच सामने आए विवाद

बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं।



## गुरुग्राम में बीमा क्लेम घोटाला गिरोह का भंडाफोड़

**सीएम फ्लाइंग के छापे से खुला मामला**

# अस्पताल से मरीज तक सब होता था नकली, पुलिस को मिलीं एक करोड़ से अधिक के 60 फर्जी दावों की फाइलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने पिछले साल मई में एक अस्पताल पर इसलिए छापा मारा कि वहां के डॉक्टर की एमबीबीएस/एमडी की डिग्री शक के दायरे में थी। लेकिन इस मामले के जांच ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया जो फर्जी अस्पताल, नकली मरीज, फर्जी बिल, झूठी जांच और ऐसा ही रिकॉर्ड बनाकर झूठा मेडिकल क्लेम करते थे। जांच में करीब 1 करोड़ रुपये के फर्जी बीमा दावों की अब तक जानकारी मिल गई है।

#### धोखाधड़ी का तरीका

एसीपी जोशी ने बताया कि इस घोटाले का पैमाना चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि सामान्य तौर पर मेडिकल क्लेम में तीन पक्ष होते हैं अस्पताल, बिचौलिये और बीमा कंपनियां। इन अस्पतालों के कर्मचारी और डॉक्टर कथित तौर पर भर्ती रिकॉर्ड, लैब रिपोर्ट, दवा बिल और इलाज के बिल फर्जी बनाते थे, ताकि ऐसा लगे कि मरीज वास्तव में भर्ती होकर इलाज करा चुके हैं। उनके नाम पर बीमा दावा दाखिल किया जाता था। इन 'फर्जी मरीजों' और अस्पताल स्टाफ के बीच क्लेम की रकम बांट ली जाती थी। फिर बीमा कंपनियों के निजी जांचकर्ता (पीआई) बाकी काम पूरा करते थे। गुरुग्राम अस्पताल के गिरफ्तार तीन कर्मचारियों सपना, वर्षा (दोनों गुरुग्राम निवासी) और राजस्थान निवासी गौरव पर फर्जी बीमा दावों की तैयारी और प्रक्रिया में मदद करने का आरोप है।

गुरुग्राम पुलिस ने हाल ही में ग्लेक्सी वन नाम के अस्पताल पर छापे के बाद इस घोटाले को उजागर किया है। पुलिस ने फर्जी डिग्री वाले ए.एस. यादव (55) को गिरफ्तार भी कर लिया किया। वह न्यू निहाल कॉलोनी में अस्पताल चला रहा था। इससे पहले हुई छापेमारी के दौरान उसके दो बेटों और तीन कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया था। एसीपी (पश्चिम) अभिलक्ष जोशी ने बताया कि उन्हें पता चला कि यादव चार अन्य फर्जी अस्पताल भी चला रहा था, जो केवल कागजों पर मेडिकल संस्थान थे लेकिन वास्तव में धोखाधड़ी के अड्डे के रूप में काम कर रहे थे। ये फरुखनगर (गुरुग्राम जिला) व द्वारका में थे। पुलिस को छापेमारी के दौरान ग्लेक्सी वन से करीब 60 कथित फर्जी बीमा दावा फाइलें बरामद हुईं, जो लगभग 25 कंपनियों से जुड़ी थीं।

#### बड़ा नेटवर्क शामिल

पुलिस का दावा है कि यादव अकेला नहीं था, बल्कि एक बड़ी कड़ी का हिस्सा था। एसीपी जोशी ने कहा कि वह खुद को एमबीबीएस-एमडी बताता था, लेकिन उड़न दस्ते ने पहले ही एमडी डिग्री को फर्जी पाया था। अब उसकी अन्य डिग्री की जांच की जा रही है। उसके बैंक खाते फ्रीज किए गए है, लेकिन उनमें व उसके पास बहुत कम पैसा मिला। वह एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। यादव के दोनों बेटों पर योजना बनाने और उसे अमल में लाने में मदद करने का आरोप है। निहाल कॉलोनी स्थित अस्पताल उसके बेटे के नाम पर पंजीकृत था।

होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मथुरा में अनूठी होली, राधा और श्रीकृष्ण के अलौकिक प्रेम के लिए विख्यात

# रंग-गुलाल से सराबोर हो रही कान्हा की नगरी मथुरा मंदिर, आश्रम, घर और गलियों में मची होली की धूम

एजेंसी ▶▶ मथुरा/नई दिल्ली/ लखनऊ

होली का पर्व देशभर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देशभर के मंदिरों में खास आयोजन किए गए। वहीं ब्रज में होली का रंग उत्सव पूरे 40 दिनों तक खेला जाता है। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म स्थान द्वारकाधीश वृंदावन, श्री ठाकुर बांके बिहारी मंदिर, राधा रमण राधा दामोदर और इस्कॉन मंदिर में भी जबर्दस्त तरीके से होली खेली गई। श्रद्धालुओं को नाचते, गाते हुए रंगों के उत्सव का आनंद लेते देखा जा सकता है। राजस्थान के अधिकतर जिलों में बुधवार को धुलंडी उत्सव मनाया गया। राज्य के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही गुलाल अर्पित कर उत्सव की शुरुआत हुई। जयपुर के प्रसिद्ध गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और उत्सव में भाग लिया। अजमेर के पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक शामिल हुए। हजारों लोग मेले के मैदान में जुटे, डीजे संगीत पर नाचे और रंगों से खेलते रहे। सुबह से ही लोग होली के गानों पर नाचते और एक-दूसरे को रंग लगाते दिखाई दिए। उधर दिल्ली में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और दिल्ली से पूर्व सीएम केजरीवाल ने भी होली का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

## मथुरा में श्रद्धालु और बृजवासी रंग में सराबोर



## वाराणसी में गुलाल का स्प्रे उड़ाते लोग



## आधुनिक ऑस्ट्रेलिया में होली को 'आत्मसात' किया जाना 'वास्तव में अद्भुत' है: प्रधानमंत्री अल्बनीज

*कैनबरा। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने होली के अवसर पर हिंदुओं और दक्षिण एशियाई मूल के नागरिकों को बधाई दी तथा कहा कि रंगों के इस त्योहार को आधुनिक ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में इतना उत्साहपूर्वक आत्मसात होते देखना वास्तव में अद्भुत है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास के अनुसार, भारतीय प्रवासी समुदाय ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रवासी समुदाय है। यह देखते हुए कि हिंदू और दक्षिण एशियाई मूल के कई ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए, होली साझा इतिहास, विरासत और परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक साथ आने का अवसर है, अल्बनीज़ ने कहा, "यह वास्तव में बुराई पर अच्छाई की विजय, मित्रता और क्षमा का चिरस्थायी मूल्य और मानवीय भावना की एकता का एक त्योहार है।"*



आगरा में विदेशी होली पर्व पर नाचते हुए।

## विख्यात ब्रज मंडल में देश-विदेश के श्रद्धालु होली खेलने पहुंचे, अब तक 60 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में अनूठी होली एवं राधा और श्रीकृष्ण के अलौकिक प्रेम के लिए विख्यात ब्रज मण्डल (मथुरा, वृन्दावन सहित जिले के सभी तीर्थस्थल) में अब तक 60 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यहां आ चुके हैं। इस बीच, गोवर्धन एवं मगोर्रा थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा भीड़ में महिलाओं के ऊपर जबरन गुलाल फेंकने व हुड़दंग करने के आरोप में 24 से अधिक उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि अब तक कुल 44 लाख श्रद्धालुओं के ब्रज की होली के विभिन्न उत्सवों में शामिल होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि ब्रज में अभी भी देश-विदेश के श्रद्धालुओं का आना जारी है। उन्होंने बताया कि बरसाना के लाडली जी के सफेद छतरी पर विराजमान होकर दर्शन देने, चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया को बलदेव व जाब गांव के हुरंगा तथा राधारानी की नानी के गांव मुखराई में चरकुला नृत्य आदि अनेक ऐसे अवसर हैं जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। रावत ने बताया कि अनुमान है कि ऐसे में अभी पांच-छह लाख और श्रद्धालुओं का आगमन हो सकता है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि गोवर्धन तथा मगोर्रा थाना क्षेत्रों में क्रमशः 17 तथा नौ हुड़दंगियों को शांतिभंग करने के आरोप में कार्रवाई कर जेल भेजा जा चुका है।

उप्र के सीएम ने गोरखपुर में खेली होली



रक्षा मंत्री राजनाथ पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए।



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा अपने आवास पर अबीर लगाते हुए।



दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का स्वागत करते वीरेंद्र सचदेवा।



दिल्ली में राहुल गांधी ने मनाया रंगों का पर्व



## शाहजहांपुर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ 'लाट साहब' का जुलूस

**शाहजहांपुर (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में होली पर निकलने वाला 'लाट साहब' का जुलूस इस बार कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। एक अजीबोगरीब परंपरा के तहत निकाले जाने वाले इस जुलूस के दौरान हुरियारे 'लाट साहब की जय' बोलते हुए उन्हें जूतो से मार रहे थे। हालांकि लाट साहब पुलिस तथा पीएसी के सुरक्षा घेरे में रहे। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि लाट साहब का जुलूस परंपरागत तरीके से फूलमती देवी मंदिर से शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि इस दौरान परंपरा के अनुसार लाट साहब ने मंदिर में माथा टेका और उसके बाद यह जुलूस कोतवाली पहुंचा जहां कोतवाल ने लाट साहब को 'सलामी' दी। उन्होंने बताया कि बाद में परंपरा के अनुसार लाट साहब ने कोतवाल से पूरे साल हुए अपराधों का ब्यौरा मांगा और इससे 'बचने' के लिए कोतवाल ने लाट साहब को नगद धनराशि तथा शराब की बोतल दी। सूत्रों ने बताया कि जुलूस के पूरे रास्ते भर हुरियारे लाट साहब के जयकारे लगाते हुए उन्हें जूते मारते रहे। बाद में यह जुलूस चार खंबा होते हुए टाउन हॉल होते हुए आठ किलोमीटर के दायरे में घूम कर फिर फूलमती मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हो गया। सूत्रों ने बताया कि इसी तरह छोटे लाल साहब का जुलूस भी शांति एवं सौहार्द के वातावरण में संपन्न हो गया है। लाट साहब के जुलूस के आयोजक मंडल के एक सदस्य ने बताया कि जुलूस मार्ग पर नगर निगम द्वारा डामर की एक पट्टी डाले जाने से लोगों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## मंत्री परमेश्वर ने शिवकुमार के खेमे की जासूसी के आरोपों को खारिज किया

भाषा ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मंगलवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया राज्य की खुफिया एजेंसियों का इस्तेमाल उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खेमे की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कर रहे हैं। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष के बीच ऐसे आरोप लगाए गए हैं। विपक्षी भाजपा और जद (एस) नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों और संबंधित खबरों को तवज्जो नहीं देते हुए उन्होंने कहा कि कोई अवैध फोन टैपिंग नहीं हो रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि राजनीतिक खुफिया विभाग मुख्यमंत्री को विभिन्न घटनाक्रमों पर दैनिक जानकारी देता है और ऐसा पिछली सभी सरकारों के दौरान किया जाता रहा है। परमेश्वर ने एक सवाल के



जवाब में कहा कि सरकार हम चला रहे हैं। हमारे पास ज्यादा जानकारी होगी, उनके (विपक्ष) पास नहीं। उन्हें किसने बताया? क्या खुफिया विभाग ने उन्हें सूचना दी? हम सरकार चला रहे हैं और हमारे पास विभिन्न मामलों की जानकारी है। ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि जहां तक मुझे जानकारी है, कोई फोन टैपिंग नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री को भी ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी नहीं है।"

जाली कंपनियों के नाम पर करते थे ठगी, अब तक 250 करोड़ का लगा चुके चूना

## उप्र में जीएसटी गबन करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

भाषा ▶▶ कानपुर (उप्र)

कानपुर पुलिस ने लोगों के पहचान संबंधी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके जाली कंपनियां बनाकर बड़े पैमाने पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस को शक है कि यह गिरोह एक बड़े अंतरराज्यीय कर चोरी नेटवर्क का हिस्सा है और इस मामले में कपिल मिश्रा व अमरदीप नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कानपुर के पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह गिरोह ई-रिक्शा चालकों, छात्रों

**गिरोह एक बड़े अंतरराज्यीय कर चोरी नेटवर्क का हिस्सा**

और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को रियायती दरों पर कर्ज का लालच देकर निशाना बनाता था। लाल ने कहा कि अभी तक की जांच में कुल 250 करोड़ रुपये के लेनदेन का पता चला है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने कर्ज दिलाने के बहाने लोगों से उनके पैन कार्ड, आधार कार्ड और हस्ताक्षरित दस्तावेज लिए। बाद में इनका इस्तेमाल जाली कंपनी पंजीकृत कराने, जीएसटी नंबर हासिल करने और बड़े पैमाने पर 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) ठगी के लिए बैंक खाते खोलने में किया। लाल ने बताया कि नजीराबाद में रहने वाले अनुराग वर्मा ने शिकायत की कि उनकी बहन की शादी के लिए कर्ज लेने के नाम पर जमा किए गए दस्तावेज का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके बाद यह मामला सामने आया। उन्होंने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ की जांच में पता चला कि वर्मा की जानकारी के बिना उनके नाम पर पहले से ही एक कंपनी का पंजीकरण कर लिया गया था और उसके जरिए वित्तीय लेन-देन किए जा रहे थे। बैंक खातों के विश्लेषण मोबाइल कॉल विवरण और डिजिटल वित्तीय लेनदेन की जांच में एक ऐसे नेटवर्क का पता चला जो इस तरह दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कई जाली कंपनियां संचालित कर रहा था। पड़ोसी उन्नाव जिले के एक ई-रिक्शा चालक मनोज गुप्ता के बेटे उज्ज्वल के नाम पर खोले गए बैंक खाते से 117 करोड़ का वित्तीय लेन-देन हुआ। अधिकारियों ने कहा कि परिवार ने इलाज के लिए ऋण लेते समय अपने दस्तावेज जमा किए थे और उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि उनके नाम पर एक कंपनी और बैंक खाता खोला गया है।

पीपरवानी जंगल में आठ जनवरी 2015 की रात में हुई घटना

## मप्र : अदालत ने 11 साल पुराने हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई

**प्रेम प्रसंग व पारिवारिक रंजिश के चलते पूरी घटना को अंजाम दिया गया**

एजेंसी ▶▶ सिवनी

मध्यप्रदेश की सिवनी जिला अदालत ने 11 साल पहले तीन लोगों को जिंदा जलाए जाने के एक मामले में चार लोगों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के कुरई थाना अंतर्गत धोबीटोला माल (पीपरवानी) जंगल में आठ जनवरी 2015 की रात में हुई इस घटना के दोषियों में सगे भाईयों के अलावा अन्य दो शामिल हैं। जिला अदालत के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश लक्ष्मण कुमार वर्मा ने 27 फरवरी को निर्णय देकर प्रेम प्रसंग के चलते हुए इस हत्याकांड के दोषियों को सजा सुनाई थी। अभियोजन में प्रशासन की ओर से अपर लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया ने प्रकरण में साक्ष्य व गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। चौरसिया ने न्यायालय से पारित निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में बोलेरो वाहन में सवार बालाघाट के तीन युवकों राजेश नागोत्रा (28), दीपक भंवरे (23) तथा निहाल सिंगोर (18) को दोषियों ने पहले बेरहमी से पीटा और फिर मिट्टी का तेल तथा पेट्रोल डालकर वाहन समेत जिंदा आग के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि सुनवाई के बाद 75 पृष्ठों के निर्णय में न्यायालय ने सभी आरोपितों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 34 (हत्या), 435 (आग द्वारा क्षति) व 201 (साक्ष्य मिटाना) का दोषी पाया। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने आरोपित चंद्रभोज उर्फ चंदू शिव (42), दीनदयाल ब्रम्हे (40), शिवम ब्रम्हे (28) और विनोद ब्रम्हे (35) को इस प्रकरण में दोषी पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रेम प्रसंग व पारिवारिक रंजिश के चलते पूरी घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि मृतक दीपक भंवरे का एक युवती से प्रेम संबंध था, इससे नाराज होकर आरोपितों ने इस जघन्य कांड को अंजाम दिया। चौरसिया ने बताया कि दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे न भरने पर उन्हें अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की घोषणा

## संसद की विशेषाधिकार समिति के लिए 15 सदस्य मनोनीत, रविशंकर प्रसाद होंगे अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की विशेषाधिकार समिति के लिए मंगलवार को 15 सदस्य मनोनीत किए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, इस समिति में प्रसाद के अलावा भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, संगीता कुमारी सिंह देव, जगदंबिका पाल, त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं जगदीश शेट्टर, कांग्रेस के तारिक अनवर, मनीष तिवारी और मणिकम टैगोर, समाजवादी पार्टी के





धर्मेंद्र यादव, द्रमुक के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बार्ने और शिवसेना (उबाठा) के अरविंद सावंत को सदस्य बनाया गया है। विशेषाधिकार समिति संसद की एक स्थायी समिति होती है, जो सदस्यों या सदन के विशेषाधिकार हनन और अवमानना के मामलों की जांच करती है। यह समिति अध्यक्ष द्वारा संदर्भित मामलों की जांच कर कार्यवाही की सिफारिश करती है। समिति में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मनोनीत 15 सदस्य और राज्यसभा के सभापति द्वारा मनोनीत 10 सदस्य होते हैं। वर्ष 2024 में गठित 18वीं लोकसभा में विशेषाधिकार समिति का गठन पहली बार हुआ है। इस बीच, टैगोर ने कहा कि निलंबन के कारण वह समिति की बैठक में शामिल नहीं हो सकते। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मुझे निलंबित कर दिया गया है। मैं समिति की बैठक में शामिल नहीं हो सकता। टैगोर और सात अन्य विपक्षी सांसदों को पिछले महीने "अनुशासनहीन व्यवहार" के लिए पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होगा और दो अप्रैल को समाप्त होगा।

## खबर संक्षेप

### पानीपत : तेल टैंकर की टक्कर से कार पलटी, युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत शहर के पेप्सी पुल के पास मंगलवार शाम एक हुए सड़क हादसे में विकास नगर के एक युवक की जान चली गई। एक तेज रफ्तार तेल टैंकर ने लापरवाही से ओवरटेक करते हुए एक गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार बहादुर नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, विकास नगर के बहादुर और गाड़ी ड्राइवर सुभाष चंद्र (निवासी वधावाराम कॉलोनी) मंगलवार शाम करीब 6 बजे अपनी गाड़ी में सवार होकर घरौंडा से पानीपत आ रहे थे।

### हिसार में 400 रुपये के विवाद में मारपीट

**नारनौंद (हिसार)।** हांसी जिले के गांव सुलचानी में 400 रुपये के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना में 60 वर्षीय दलवीर सिंह और उनकी पुत्रवधू सुनीता घायल हो गए। दलवीर सिंह ने शिकायत में बताया कि उनका बेटा रणबीर बीमार रहता है। 22 फरवरी की सुबह करीब 7:30 बजे सुमित का फोन आया। सुमित ने रणबीर से 400 रुपए मांगने की बात कही। दलवीर ने कहा कि वे खुद पैसे दे देंगे। लगभग 9 बजे जब दलवीर घर से बाहर निकले, तो उन्होंने गांव के चौक में बारूराम, उसके बेटे सुमित और बारूराम की पत्नी को अपने बेटे रणबीर और पुत्रवधू सुनीता के साथ मारपीट करते देखा। बीच-बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट हुई।

### रोहतक में जमीन के नाम पर 23 लाख की ठगी, धोखाधड़ी का केस

**रोहतक।** रोहतक के एक व्यक्ति से जमीन बेचने के नाम पर 23 लाख 20 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोखरा गांव के एक परिवार और एक बिचौलिए ने बयाना की राशि लेने के बाद जमीन किसी और को बेच दी। इस संबंध में महम थाने में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रोहतक के सेक्टर-34 स्थित सनसिटी एरिया के रहने वाले बजरंग लाल ने बताया कि हरिओम ने उसकी मुलाकात मोखरा निवासी महिपाल से करवाई थी। महिपाल ने उनकी मुलाकात जमीन मालिक राजबाला से करवाई। रजिस्ट्री के वक्त पता चला कि यह जमीन पहले ही दो और लोगों को बेची जा चुकी है।

### मानेसर में करीब साढ़े 27 करोड़ की लागत से बनेगा ऑडिटोरियम

**मानेसर।** नगर निगम मानेसर में वार्ड 15 के गांव नखड़ौला में 1.27 एकड़ भूमि पर करीब साढ़े 27 करोड़ रुपये की लागत से 550 लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। छह मार्च को टेंडर खोला जाएगा। इसके बाद योग्य एजेंसी को कार्य सौंप दिया जाएगा। इस ऑडिटोरियम में लाइब्रेरी, एग्जीबिशन सेंटर, एक बड़ा व दो छोटे कांफ्रेंस हॉल भी बनाए जाएंगे। नगर निगम द्वारा अगले दो साल में इस ऑडिटोरियम को तैयार करा दिया जाएगा। ऑडिटोरियम में 100 गाड़ियों की पार्किंग, 220 स्क्वेयर मीटर में लाइब्रेरी बनाई जाएगी। लाइब्रेरी में 100 लोगों के बैठने की क्षमता होगी।

### सिरसा में चार साल के मासूम को कुत्तों ने नोंचा

**सिरसा।** गांव फूलकां में खुंखार कुत्ते ने साढ़े 4 वर्षीय बच्चे को बुरी तरह से नोंच खाया। गनीमत रही कि कुत्ते ने बच्चे को घर के गेट पर काटा और बच्चे का शोर सुनकर स्वजन ने बड़ी मुश्किल से कुत्ते के चंगुल से उसे छुड़वाया। स्वजन बच्चे को उपचार के लिए तुरंत नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां अब हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। फूलकां निवासी इंद्रपाल कुलड़िया ने बताया कि सोमवार को उसका साढ़े चार वर्षीय बेटा हर्षित घर के गेट पर अपनी दादी के साथ खेल रहा था। एक खुंखार कुत्ते ने बच्चे पर हमला कर दिया।

## हरियाणा में बरसों से चली आ रही होली पर्व मानने की तीन अनोखी परंपरा, बृज से हैं प्रभावित

देश से लेकर विदेशों तक है हरियाणा के पर्व की धूम

# बंचारी में फाग से अगले दिन 24 गांव के लोग मिलकर खेलते हैं 500 साल पुराना पिचकारी मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



होली को लेकर हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग अनोखी परंपरा, मेले व उत्सव मनाए जाते हैं। एक ऐसी ही सदियों से चली आ रही परंपरा पलवल के गांव बंचारी में भी है। यहां की होली देश ही नहीं, बल्कि विदेशों तक में प्रसिद्ध है। यहां दुल्हेंडी के एक दिन बाद मनाए जाने वाला फूलडोर मेला या पिचकारी मेला खास पहचान रखता है। यहां करीब 500 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ बंचारी गांव में बने ऐतिहासिक भगवान कृष्ण के बड़े भाई दाऊजी महाराज मंदिर के प्रांगण से किया जाता है। फाग के अगले दिन गलियों और चौपालों में पारंपरिक वेशभूषा में सजे लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आते हैं। गांव के मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद झांकिया निकाली जाती हैं।

फूलडोर शब्द ब्रज परंपरा से जुड़ा है, जिसमें फूलों और रंगों के माध्यम से प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया जाता है। इस मेले में रंगों के साथ-साथ फूलों की वर्षा भी की जाती है। पारंपरिक लकड़ी और धातु की पिचकारियां इस उत्सव का विशेष आकर्षण होती हैं, इसी कारण इसे 'पिचकारी मेला' भी कहा जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह परंपरा ब्रज संस्कृति से प्रभावित है और भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला की झलक इसमें दिखाई देती है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि सदियों पहले यहां के पूर्वजों ने ब्रज की होली से प्रेरित होकर इस मेले की शुरुआत की थी, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही है। गांव की सभी चौपालों पर इस दिन रंग की बारिश होती है। सुबह से ही ग्रामीण महिला व पुरुष चौपालों पर एकत्रित होना शुरू हो जाते है। गांव के एक छोर से शुरू होकर लोग सभी चौपालों पर जाते है। इसी प्रकार दूसरे छोर के लोग सभी चौपालों पर जाते है। प्रत्येक चौपाल पर ड्रमों में रंग व गुलाल रखा जाता है। जहां से हुरियारें पिचकारियों में रंग भरकर एक-दूसरे पर बरसाते है। मेले के दौरान यहां दो पार्टियां बनाई जाती हैं, जो एक-दूसरे पर पीतल व तांबे आदि की बनी पिचकारियों से जमकर रंग बरसाती हैं। इस दौरान महिलाओं के साथ युवा और पुरुषों होली के फाग और रसियाओं की धुन पर जमकर नृत्य करते है। करीब पांच सदियों से चली आ रही बंचारी की यह होली न केवल ब्रज संस्कृति की पहचान है, बल्कि हरियाणा की समृद्ध लोक परंपराओं का भी जीवंत उदाहरण है। रंग, उमंग और परंपरा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिलता हो। इस मेला को 24 गांव के लोग मिलकर मनाते है।

### नौल्था में 1288 से मना रहे डाट होली : धक्के से गिरे तो हार गई टीम

पानीपत। पानीपत के नौल्था में 1288 से डाट होली खेलने की परंपरा चल रही है। गली में युवकों की 2 टोलियां आमने-सामने होती हैं। युवकों की टोलियां हाथ ऊपर कर अपने सीने से एक दूसरे को पीछे धकेलती हैं। इस जोर आजमाइश में जो गिर जाता है या पीछे हट जाता है, उसे हार माननी पड़ती है। इसमें एक और चुनौती शामिल होती है। गांव में बड़े-बड़े कढ़ाहों में रंग पकाया जाता है। छतों के ऊपर से यह रंग युवाओं के ऊपर डाला जाता है। नौल्था फाग कमेटी के मेंबर ने बताया कि नौल्था की होली पूरे देश में मशहूर है। 3 मार्च को गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि भाईचारा बना रहे। सुबह 11 बजे गांव की गलियों में डाट होली खेली जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, बाबा लाठे वाले 909 साल पहले फाग के दौरान मथुरा के दाऊजी गांव गए थे। वहां फाग उत्सव में लोगों का आपसी प्रेम और भाईचारा देख कर प्रभावित हुए। उन्होंने गांव में आकर उत्सव को मनाने का फैसला लिया और तभी से नौल्था में हर साल डाट होली उत्सव मनाया जा रहा है। सुबह सबसे पहले देवर-भाभी के बीच होली खेली जाती है।



### बड़वा में डेढ़ महीना चलती है होली, डफ प्रतियोगिता में भाग लेती हैं उत्तर राज्यों की टीमें



**भिवानी।** जिले के बड़वा गांव में होली पर्व दो चार दिन नहीं, ब्लकि पूरे डेढ़ महीने तक चलता है। यहां बसंत पंचमी से शुरू होकर गणगौर तक होली का उत्सव मनाया जाता है, जिसमें भव्य डफ प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होती है। गांव के ऐतिहासिक झांग आश्रम में बसंत पंचमी पर सबसे बड़ी डफ मंडली उत्सव का आरंभ करती है। इसी तरह, बाबा रामदेव मेला मंदिर में भी होली के दौरान एक भव्य डफ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसमें उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से शीर्ष डफ और धमाल टीमें भाग लेती हैं।

## झज्जर में नर्सिंग कॉलेज संचालक के बेटे का स्कॉर्पियो में अपहरण



- ग्रामीणों ने किया पीछा, नहीं आए हाथ
- पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही

**झज्जर।** झज्जर जिले के बरानी गांव चौक में बुधवार को 8 वर्षीय बालक हुनरजीत (नरदीप) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति उसे एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी में डठाकर ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुट गए हैं। बच्चे का पिता अमरजीत बीडीएम नर्सिंग कॉलेज का संचालक है। मिली जानकारी के अनुसार, बरानी गांव निवासी अमरजीत फौगाट का बेटा हुनरजीत बुधवार दोपहर गांव चौक के पास मौजूद था। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार वहां आकर रुकी और बताया जा रहा है कि उसमें सवार अज्ञात व्यक्ति बच्चे को अपने साथ ले गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। परिजन बच्चे की सुरक्षित वापसी के लिए गुहार लगा रहे हैं और आमजन से मदद की अपील की है। परिवार ने कहा है कि यदि किसी को भी सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी या बच्चे के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाना या परिवार को सूचित करें। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। संदिग्ध वाहन की पहचान के लिए टीम गठित की गई है।

## फर्जी फर्मों से जीएसटी की 143 करोड़ की धोखाधड़ी पकड़ी, 45.30 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सीजीएसटी गुरुग्राम की टीम ने उत्तर दिल्ली के बुराड़ी, स्वरूप नगर और मुकुंदपुर क्षेत्रों में एक बड़े फर्जी जीएसटी पंजीकरण रैकेट का भंडाफोड़ किया है। 2 मार्च को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के घर से 45.30 लाख का कैश भी बरामद किया है। कई स्थानों पर टीम ने छापे मारे हैं।

सीजीएसटी गुरुग्राम क्षेत्र के तहत 24 फर्जी फर्मों का पंजीकरण करवाया गया था। इन फर्मों द्वारा कुल 734.95 करोड़ रुपये के फर्जी बिल जारी किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 143.05 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ लिया गया और 174.72 करोड़ रुपये की आईटीसी आगे पास की गई। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी ने 1400 फर्जी फर्मों के पंजीकरण के लिए आवेदन किया था। जीएसटी पंजीकरण के लिए उपयोग किए गए आईपी एड्रेस का विश्लेषण करके विश्वसनीय खुफिया जानकारी जुटाई गई, जिसके आधार पर विभिन्न परिसरों की पहचान की गई। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप, दस्तावेज और सिम कार्ड सहित आपत्तिजनक सबूत जब्त किए गए। आरोपी बेरोजगारों के दस्तावेजों से फर्म खोलते थे।

### बेरोजगारों के दस्तावेजों से फर्म खोलते थे

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी जॉब है नाम से जॉब पोर्टल का दुरुपयोग करते थे। वह 'सिक्योरिटी गार्ड जॉब' के नाम से विज्ञापन देकर बेरोजगार व्यक्तियों के केवाईसी दस्तावेज एकत्र करते थे। बाद में इन दस्तावेजों का उपयोग संबंधित व्यक्तियों की जानकारी के बिना फर्जी फर्मों के जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने के लिए करते थे। गुरुग्राम की जेएमएफसी अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को तीन दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## त्रिकोणीय प्रेम संबंध में दूसरे ब्वॉयफ्रेंड ने युवक को उतारा था मौत के घाट



- यमुनानगर राजीव हत्याकांड : पुलिस ने प्रेमिका और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जम्मदिन वाले दिन लापता हुए राजीव की हत्या में बड़ा खुलासा हुआ है। एक त्रिकोणीय प्रेम संबंध के जाल में फंसकर राजीव की हत्या की गई और उसका शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मृतक युवक की गर्लफ्रेंड स्नेहा और उसके दूसरे ब्वॉयफ्रेंड अमित को गिरफ्तार किया है। स्नेहा न्यायिक हिरासत में है, जबकि अमित 3 दिन के पुलिस रिमांड पर है। जांच में बात सामने आई है कि अमित ने एक दिन राजीव को स्नेहा के साथ उसके घर पर देख लिया था। इसके बाद दोनों में झगड़ा हो गया। वहीं, स्नेहा ने अमित को उकसाया कि राजीव के पास उसके कुछ फोटो है। बताया जा रहा है कि तीर्थ नगर निवासी अमित लोडिंग-अनलोडिंग का काम करता है। उसकी 10 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद उसके पास 5 साल की बेटी और 3 साल का बेटा है। अमित की पत्नी ने बताया कि शादी के करीब एक साल बाद ही मुझे पता चल गया था कि अमित का स्नेहा से अफेयर है। पत्नी ने बताया कि बाद में स्नेहा की शादी हो गई तो परिवार को लगा कि अब दोनों का रिश्ता खत्म हो जाएगा, लेकिन शादी के बाद भी स्नेहा अमित से बातचीत करती रही। वह एक बच्चे की मां भी बनी। कुछ समय बाद वह अपने पति को छोड़कर फिर से मायके तीर्थ नगर आ गई और किराए के मकान में रहने लगी। इसके बाद उसकी राजीव से दोस्ती हो गई, जो बात अमित को पसंद नहीं थी।

## सरसों की खरीद 28 मार्च से शुरू होगी, 6,200 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी

*मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने की खरीद प्रबंधों की समीक्षा*

- मसूर की खरीद 20 मार्च और चने की खरीद 1 अप्रैल से होगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा में मसूर की खरीद 20 मार्च से 30 अप्रैल तक, सरसों की खरीद 28 मार्च से 1 मई तक, चने की खरीद 1 अप्रैल से 10 मई तक, ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद 15 मई से 20 जून तक और सूरजमुखी की खरीद 1 जून से 30 जून, 2026 तक की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यहां रबी विपणन सीजन 2026-27 के लिए मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत सरसों, चना, मसूर, सूरजमुखी तथा ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीद को लेकर किए जा रहे प्रबंधों की व्यापक समीक्षा की। बताया गया कि वर्ष 2025-26 में प्रमुख फसलों के रकबे और उत्पादन में उत्साहजनक वृद्धि दर्ज की गई है। सरसों का उत्पादन लगभग 13.17 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। इसी प्रकार सूरजमुखी का उत्पादन 0.70 लाख मीट्रिक टन रहने की संभावना है, जबकि चना और मसूर के उत्पादन में भी सुधार दर्ज किया गया है। ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन 98 मीट्रिक टन तक बढ़ने का अनुमान है।

### अधिकारियों को निर्देश दिए

मुख्य सचिव ने उच्च उत्पादन अनुमानों पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्ध खरीद सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को बिना किसी विलंब के लाभकारी मूल्य मिल सके। साथ ही, किसानों में एमएसपी और खरीद प्रक्रिया के संबंध में व्यापक जागरूकता सुनिश्चित की जाए। बैठक में चालू सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की भी समीक्षा की गई। सरसों के लिए एमएसपी 6,200 रुपये प्रति क्विंटल, चने के लिए 5,875 रुपये, मसूर के लिए 7,000 रुपये, सूरजमुखी के लिए 7,721 रुपये तथा ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए 8,768 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पूर्व वर्षों की खरीद की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा ने मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत प्रभावी खरीद सुनिश्चित की है। वर्ष 2024-25 में 8.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक सरसों की खरीद की गई। वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्र सरकार की स्वीकृतियों के अनुरूप खरीद प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

### सभी मानकों का कड़ाई से पालन करें

मुख्य सचिव ने एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत निर्धारित 25 प्रतिशत खरीद सीमा सहित सभी मानकों का कड़ाई से पालन करें। यदि आवश्यक हो तो किसानों के हित में इस सीमा से अधिक खरीद के लिए भी आवश्यक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित करें। रस्तोगी ने केन्द्र सरकार को समय पर शपथ पत्र प्रस्तुत करने, हैफेड और एचएसडब्ल्यूसी सहित खरीद एजेंसियों के नामांकन, मंडियों और खरीद केंद्रों की पहचान तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पीओएस मशीनों की स्थापना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खरीद शुरू होने से पहले पर्याप्त बुनियादी ढांचा, मानव संसाधन और लॉजिस्टिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## होली पर दो गुट भिड़े, सड़क किनारे खड़े एक बेगुनाह की हत्या

*पानीपत में त्योहार की खुशियां मातम में बदली, कई चोटिल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




होली के पावन पर्व पर खुशियों के रंगों की जगह सड़क पर खून बिखरा। कच्ची फाटक रोड पर दो बाइक सवार गुटों के बीच हुई मामूली टक्कर ने हिंसक रूप ले लिया। इसमें एक बेगुनाह युवक की हत्या हो गई। आरोपियों ने दूसरे गुट का सदस्य समझकर एक युवक पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अस्पताल ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस की कई टीमें आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को होली के दिन कच्ची फाटक रोड पर कई लोग त्योहार मना रहे थे। इसी दौरान दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई और देखते ही देखते झगड़ा शुरू हो गया। इसमें कुछ युवकों को चोटें आईं। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद उस समय दोनों गुट वहां से चले गए थे।

कुछ देर बाद एक गुट के युवक फिर से मौके पर लौटे। आरोप है कि उन्होंने वहां मौजूद रोहित पुत्र रणबीर, निवासी शक्तिनगर को दूसरे गुट का सदस्य समझ लिया। बदमाशों ने रोहित पर ईंटों से ताबड़तोड़ प्रहार शुरू कर दिए। हमला इतना भीषण था कि रोहित वहीं खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल रोहित को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जांच में जुटी सीआईए और साइबर टीम

*घटना की सूचना मिलते ही थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस के साथ सीआईए यूनिट और साइबर टीम भी सक्रिय हो गई है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

**योजना** भविष्य में दो नई रेल लाइनों के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा

# अंबाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर तीसरी-चौथी लाइन के लिए सर्वे को मिली मंजूरी

- दो नई रेल लाइन के लिए स्वीकृति मिलने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का जताया आभार
- अंबाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर सफर होगा आसान, लाखों यात्रियों को मिलेगा लाभ, डेराबस्सी से जीरकपुर बाईपास तक एलीवेटिड हाइवे, वाहन चालकों का घटेगा समय : अनिल विज

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है जोकि अंबाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए होली पर एक बड़ी खुशखबरी है।

विज ने बताया कि अम्बाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर तीसरी और चौथी रेल लाइन निर्माण के लिए रेलवे ने "फाइनल लोकेशन सर्वे" (एफएलएस) को हरी झंडी दे दी है। नई लाइन बिछाने के लिए अब जल्द सर्वे का कार्य प्रारंभ होगा। इस स्वीकृति के लिए उन्होंने रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद जताते हुए बताया कि उन्हें पत्र के माध्यम से रेल मंत्री द्वारा फाइनल लोकेशन सर्वे स्वीकृत मिलने की जानकारी मिली है जो कि लाखों यात्रियों के लिए बड़ी खुशबरी है।

गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-चंडीगढ़ के मध्य बढ़ती यात्री संख्या के मद्देनजर रेलमंत्री के समक्ष इस मांग को उठाया था जिसके बाद रेलमंत्री द्वारा इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई करते हुए अम्बाला-चंडीगढ़ के मध्य तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण हेतु "फाइनल लोकेशन सर्वे" की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

सर्वे के उपरांत आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अंबाला छावनी से चंडीगढ़ मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्ग, विद्यार्थी, व्यापारी एवं श्रमिक आवागमन करते हैं। वर्तमान में बस सेवाओं और निजी वाहनों पर निर्भरता अधिक है, इससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। इस नई रेल लाइन के शुरू होने से न केवल यात्रियों को किफायती, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुविधा मिलेगी, बल्कि सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव भी घटेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि तीसरी और चौथी रेल लाइन का सर्वे जल्द पूरा होगा।

**डेराबस्सी से जीरकपुर बाईपास तक एलीवेटिड हाइवे, वाहन चालकों का घटेगा समय** : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला से चंडीमंदिर, कालका-शिमला का सफर अब पहले से आसान होगा। डेराबस्सी से जीरकपुर बाईपास की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए 10 किलोमीटर लंबा एलीवेटिड (जमीन से ऊंचा) रोड बनाया जाएगा ताकि अम्बाला से आने वाले वाहनों को सीधा बिना रूके जीरकपुर बाईपास पर जोड़ा सके और जीरकपुर बाईपास से वह सीधे चंडीमंदिर, कालका व शिमला के लिए जा सके। यह 10 किलोमीटर लंबा नया एलीवेटिड रोड निर्माणाधीन अम्बाला-मोहाली हाईवे से शुरू होकर सीधा जीरकपुर बाईपास पर मिलेगा जिसपर लगभग 1464 करोड़ की लागत लगेगी। इस नई सड़क के बनने से वाहन चालकों के समय की बचत होगी। यह रोड डेराबस्सी के रज्जो माजरा से शुरू होकर जीरकपुर बाईपास पर जोड़ी जाएगी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से सिफारिश की थी और अब इसपर काम होने पर उन्होंने मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है।

### कई राज्यों के यात्रियों को मिलेगा लाभ

अम्बाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग पर तीसरी और चौथी रेल लाइन की सख्त आवश्यकता है क्योंकि इस समय दो रेललाइन ही इस व्यस्तम रेलमार्ग पर है। अम्बाला-चंडीगढ़ रेलमार्ग से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व चंडीगढ़ के लाखों यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं जिस कारण इस रेलमार्ग पर परिचालित ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ जाता है। इसके अलावा अम्बाला छावनी प्रमुख सैन्य और औद्योगिक केंद्र है जबकि राज्य की राजधानी चंडीगढ़ के मध्य प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इस दोनों शहरों के मध्य कनेक्टिविटी बेहतर होने से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन आसान होगा।

# पीएफ पर मिलता रहेगा 8.25% ब्याज, जून से सितंबर के बीच खातों में आएगा पैसा

## ⏭ सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के इस फैसले पर अब वित्त मंत्रालय की मुहर लगेगी ⏭ इसके बाद कर्मचारियों के खातों में पैसा क्रेडिट हो जाएगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी पीएफ पर 8.25% की दर से ही ब्याज मिलता रहेगा। सरकार ने ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी या कटौती नहीं की है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के इस फैसले पर अब वित्त मंत्रालय की मुहर लगेगी, जिसके बाद कर्मचारियों के खातों में पैसा क्रेडिट होगा। आम तौर पर सीबीटी की घोषणा के कुछ महीनों बाद ब्याज की रकम खातों में जमा की जाती है। पिछले रिकॉर्ड को देखें तो यह पैसा हर साल जून से सितंबर के बीच क्रेडिट होता है। उदाहरण के लिए, वित्त वर्ष 2024-25 का ब्याज जुलाई 2025 में खातों में डाला गया था। हालांकि, इसकी कोई तय तारीख नहीं होती, इसलिए सब्सक्राइबर्स को समय-समय पर अपना बैलेंस चेक करते रहना चाहिए।

### देरी होने पर भी नहीं होगा ब्याज का नुकसान

अक्सर सब्सक्राइबर्स को चिंता रहती है कि अगर ब्याज क्रेडिट होने में देरी होती है, तो क्या उन्हें नुकसान होगा? ईपीएफओ ने साफ किया है कि ब्याज क्रेडिट होने में देरी से मेंबर्स को कोई वित्तीय नुकसान नहीं होता है। नवंबर 2024 में बदले गए नियमों के मुताबिक, अब सेटलमेंट की तारीख तक का पूरा ब्याज दिया जाता है, जबकि पहले केवल पिछले महीने तक का ही ब्याज मिलता था।




### 'पासबुक लाइट' से चेक करें अपना बैलेंस

- ईपीएफओ ने बैलेंस चेक करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 'पासबुक लाइट' फीचर शुरू किया है:
- ईपीएफओ की वेबसाइट पर जाएं और यूएएन के जरिए लॉगिन करें।
- ऊपर बाईं ओर 'व्यू' विकल्प पर क्लिक करें।
- ड्रॉप डाउन मेनू से 'पासबुक' चुनें।
- यहां आप अपने पिछले 5 योगदानों को देख सकते हैं।
- पूरी जानकारी के लिए मेंबर आईडी चुनकर 'व्यू पासबुक' पर क्लिक करें।

### पिछले 5 सालों में की ब्याज दरें

2024-25: 8.25%
2023-24: 8.25%
2022-23: 8.15%
2021-22: 8.10%
2020-21: 8.50%

### 1952 में 3% ब्याज से शुरुआत हुई थी

1952 में पीएफ पर ब्याज दर केवल 3% थी। इसके बाद इसमें बढ़ोतरी होती गई। 1972 में यह 6% और 1984 में यह पहली बार 10% के ऊपर पहुंच गई। पीएफ धारकों को 1989 से 1999 के दौरान 12% ब्याज मिलता था।
इसके बाद ब्याज दर में गिरावट आनी शुरू हो गई। 1999 के बाद ब्याज दर कभी भी 10% के करीब नहीं पहुंची। 2001 के बाद से यह 9.50% के नीचे ही रही है। पिछले सात सालों से यह 8.5% या उससे कम रही है।

### फाइनेंशियल ईयर के आखिर में तय होती है ब्याज दर

पीएफ में ब्याज दर के फैसले के लिए सबसे पहले फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड ऑडिट कमेटी की बैठक होती है। यह इस फाइनेंशियल ईयर में जमा हुए पैसों के बारे में हिसाब देती है। इसके बाद सीबीटी की बैठक होती है। सीबीटी के निर्णय के बाद वित्त मंत्रालय सहमति के बाद ब्याज दर लागू करता है। ब्याज दर पर फैसला फाइनेंशियल ईयर के आखिर में होता है।

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट यूएई से आठ उड़ानों का संचालन करेगी

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट पश्चिम एशिया संकट के कारण फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह से आठ विशेष उड़ानों का संचालन करेगी। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि वह फुजैराह से दिल्ली के लिए चार, मुंबई के लिए तीन और कोच्चि के लिए एक उड़ान का संचालन करेगी। इससे पहले मंगलवार को विमानन कंपनी ने फुजैराह से दिल्ली, मुंबई और कोच्चि के लिए चार विशेष उड़ानों का संचालन किया था।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में 1,000 करोड़ में खरीदी जमीन

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने आवास परियोजना के विकास के लिए गुरुग्राम में लगभग 1,000 करोड़ रुपये में 11.36 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी को इस आगामी परियोजना से 4,500 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी ने कोलकाता में भी पांच एकड़ का एक भूखंड हासिल करने के लिए बोली जीती है। यहां वह एक आवास परियोजना का निर्माण करेगी और उसे इससे लगभग 1,650 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है।

### सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015 पर और निफ्टी 285 अंक बढकर 24,765 के स्तर पर आया

# मिडिल ईस्ट में तनाव से बाजार में असमंजस 1 दिन पहले 10 लाख करोड़ डूबे, फिर संभला

- मेटल और बैंक शेयर्स में ज्यादा गिरावट आई
- दक्षिण कोरिया व जापानी बाजार भी टूटे

मुंबई

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच गुरुवार को शेयर बाजार थोडा संभलकर बंद हुआ। सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015 पर और निफ्टी 285 अंक बढकर 24,765 के स्तर पर आ गया। इससे पहले बुधवार को जबरदस्त गिरावट रही। सेंसेक्स 1123 अंक या 1.40% गिरकर 79,116 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 385 अंक या 1.55% टूटा है। ये 24,480 के स्तर पर आ गया। मेटल और बैंक शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे हैं। एक ही दिन में निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सोमवार को शेयर बाजार बंद होने पर बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैपिटल 4,56,90,693.19 करोड़ रुपये थी, जो बुधवार को मार्केट होने पर 4,46,98,333.92 करोड़ रुपये रह गई। यानी एक ही दिन में निवेशकों की संपत्ति में 9.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी आई। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है।



### बाजार गिरने की मुख्य वजहें

- ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
- कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
- अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।

### कच्चा तेल 3 दिन में 13% से ज्यादा चढ़ा

ब्रेंट क्रूड में बुधवार को करीब आधा फीसदी की तेजी है। ये 80 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। बीते तीन दिन में इसके दाम 13% से ज्यादा चढ़ चुके हैं। अगर यह तनाव और बढ़ा, तो तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक जो सकती हैं। इसका असर भारत में पेट्रोल-डीजल पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 100 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकता है। वहीं, डीजल 88 से बढ़कर 92 रुपये प्रति लीटर तक जा सकता है। अन्य शहरों में भी इसी तरह कीमतें बढ़ सकती है।

**अमेरिकी बाजार में रिकवरी:** अमेरिकी शेयर बाजार डाओ जोंस 3 मार्च को कारोबार के दौरान एक समय 1,200 पॉइंट से भी ज्यादा टूट गया था, लेकिन बाद में इसने निचले स्तरों से करीब 800 पॉइंट की रिकवरी की। डाउ जोन्स 403 अंक (0.83%) गिरकर 48,501 के स्तर पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 1.02% गिरकर 22,516 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 65 अंक (0.94%) गिरकर 6,816 पर बंद हुआ।

### एशियाई बाजारों में ये हाल

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 700 अंक या 12% गिरकर 5,093 पर बंद हुआ।
- जापान का निक्केई 2,033 अंक या 3.61% गिरकर 54,245 पर बंद हुआ है।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 519 अंक या 2.01% गिरकर 25,249 पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 40 अंक या 0.98% गिरकर 4,082 पर बंद हुआ।

### ट्रम्प के एक बयान से आई बाजार में रिकवरी

बाजार में यह रिकवरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बयान के बाद आई है। ट्रम्प ने बताया कि उन्होंने यूनाइटेड स्टेट्स डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन से कहा है कि वह बहुत वाजिब कीमत पर समुद्री व्यापार की वित्तीय सुरक्षा के लिए इंश्योरेंस उपलब्ध कराए। ट्रम्प का यह बयान तब आया है जब ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने तेल सप्लाई के अहम रूट हॉर्मुज से गुजरने वाले किसी भी जहाज को आग लगाने की धमकी दी है। यह रास्ता दुनिया की 20% से ज्यादा तेल सप्लाई के लिए सबसे बड़ा और अहम पॉइंट है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिकी नौसेना हॉर्मुज जलमार्ग से टैंकरों को सुरक्षा देकर बाहर निकालेगी, ताकि एनर्जी की सप्लाई बिना किसी रुकावट के जारी रहे।

### विदेशी निवेशकों ने 3,295 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक, 2 मार्च को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार से 3,295 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार को संभालने की कोशिश की और 8,594 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की।

# महंगाई बढ़ने से फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर रही धीमी : सर्वे

- नए क्रय आदेशों की वृद्धि दर 13 माह के निचले स्तर पर आई
- सेवा पीएमआई फरवरी में 58.1 रहा, जो जनवरी के 58.5 के लगभग समान

**नई दिल्ली (भाषा)।** घरेलू मांग में सुधार की गति धीमी पड़ने और मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी के कारण फरवरी माह में भारत के सेवा क्षेत्र की विकास दर में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि के चलते नए क्रय आदेशों की वृद्धि दर 13 माह के निचले स्तर पर आ गई है। सावधिक प्रभावों हेतु समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक' जनवरी के 58.5 से घटकर फरवरी में 58.1 रह गया। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की कार्यप्रणाली के अनुसार, 50 से अधिक का अंक क्षेत्र के विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से कम का अंक संकुचन का परिचायक होता है। एचएसबीसी की मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, /"भारत का सेवा पीएमआई फरवरी में 58.1 रहा, जो जनवरी के 58.5 के लगभग समान है। यह इस क्षेत्र में निरंतर सुदृढ़ विस्तार का संकेत है। यद्यपि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के मध्य नए आदेशों की वृद्धि दर 13 माह के न्यूनतम स्तर पर रही, किंतु सेवा प्रदाताओं ने अंतरराष्ट्रीय विक्रय में उल्लेखनीय प्रगति देखी और परिचालन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु नियुक्तियों में तीव्रता प्रदर्शित की।/" सर्वेक्षण के विवरण के अनुसार, ग्राहकों की बढ़ती पूछताछ और विपणन प्रयासों ने कुछ इकाइयों की बिक्री को संबल प्रदान किया, जबकि कुछ कंपनियों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वातावरण के कारण विकास की गति बाधित होने की बात कही। निर्यात के मोर्चे पर प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।



### इन देशों में लाभ हुआ

सेवा प्रदाता कंपनियों ने कनाडा, जर्मनी, चीन, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और अमेरिका सहित विश्व के कई क्षेत्रों से लाभ होने की सूचना दी। औसतन, अंतरराष्ट्रीय बिक्री पिछले अगस्त के पश्चात तीव्रतम गति से बढ़ी है। मूल्य के मोर्चे पर, फरवरी के आंकड़े भारतीय सेवा क्षेत्र की कंपनियों के परिचालन व्यय में पिछले ढाई वर्षों की सर्वाधिक तीव्र वृद्धि को दर्शाते हैं। इसके परिणामस्वरूप, सेवाओं के प्रावधान हेतु ली जाने वाली कीमतों में पिछले छह महीनों की सबसे बड़ी वृद्धि की गई।

### शहरी गैस क्षेत्र में संकट की आशंका

# कतर ने एलएनजी उत्पादन रोका भारत को आपूर्ति प्रभावित

भाषा ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर ने अपने ऊर्जा संयंत्रों पर हुए हमलों के बाद तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का उत्पादन रोक दिया है। इससे भारत को होने वाली आपूर्ति प्रभावित हुई है और प्रमुख घरेलू क्षेत्रों के लिए ईंधन की उपलब्धता का संकट खड़ा हो गया है। भारत अपनी गैस आवश्यकताओं के एक बड़े हिस्से के लिए कतर के साथ दीर्घकालिक एलएनजी अनुबंधों पर निर्भर है। कतर से खेप का आवागमन अस्थायी रूप से रुकने के कारण औद्योगिक उपभोक्ताओं और शहरी गैस वितरण (सीजीडी) कंपनियों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक की कटौती देखी गई है। जहां कुछ औद्योगिक इकाइयां वैकल्पिक ईंधन का उपयोग कर सकती हैं, वहीं सीएनजी बेचने वाले शहरी गैस क्षेत्र ने गंभीर संकट की चेतावनी दी है।



### यह बोली सीजीडी कंपनियां

सीजीडी कंपनियों का कहना है कि कतर की सस्ती गैस के स्थान पर दोगुनी कीमत वाली 'स्पॉट एलएनजी' खरीदने से सीएनजी का मूल्य लाभ समाप्त हो जाएगा, जिससे ग्राहक स्थायी रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर रुख कर सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक 'पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड' कतर में अपने जहाज नहीं भेज पा रही है। इसका मुख्य कारण 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' का लगभग बंद होना है। कतर सहित अधिकांश पश्चिम एशियाई देश इसी संकीर्ण समुद्री मार्ग से अपने तेल और गैस का निर्यात करते हैं। इसके अलावा ईरान के ड्रोन हमले में दुनिया के सबसे बड़े निर्यात केंद्र (कतर स्थित) को निशाना बनाए जाने के बाद वहां उत्पादन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पेट्रोनेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जहाज भेजने में असमर्थता के कारण उसने कतर की कंपनी 'कतरएनर्जी' को 'फोर्स मेज्योर' (अपरिहार्य परिस्थितियों का प्रावधान) नोटिस जारी किया है।

# सूरत के टेक्साइट बिजनेस पर असर शिपिंग कॉस्ट 400 फीसदी तक बढ़ी

पश्चिम एशिया संकट से कच्चे माल की कीमत बढ़ रही

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट से सूरत का टेक्सटाइल सेक्टर खतरे में पड़ गया है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि शिपिंग कॉस्ट 400 फीसदी तक बढ़ गई है, पेमेंट मिलने में देरी हो रही है और कच्चे माल की कीमत बढ़ रहा है। आर्टिफिशियल फाइबर की कीमत 10 से 15 रुपये प्रति किलो तक बढ़ चुकी है। होर्मुज की खाड़ी में जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने के कारण कच्चे तेल की कीमत शनिवार के करीब 13 फीसदी चढ़ चुकी है। आगे इसमें और तेजी आने की आशंका है। सूरत दुनिया में सिंथेटिक यार्न का दूसरा सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब है। यहां रोजाना 6 करोड़ मीटर से ज्यादा फैब्रिक बनता है। सूरत वीवर्स एसोसिएशन के प्रेजिडेंट अशोक जीरावाला ने कहा कि हमारा माल जहाजों में अटका पड़ा है जिससे पेमेंट में देरी हो रही है। दूसरी तरफ कच्चे माल की कीमत बढ़ रही है। इससे न केवल इंटरनेशनल सप्लाई प्रभावित होगी बल्कि घरेलू बाजारों पर भी इसका असर होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में लड़ाई के कारण 300 से 400 करोड़ रुपये का रेवेन्यू प्रभावित हो सकता है।

### शिपिंग चार्ज में उछाल

साउथ गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व प्रेजिडेंट आशीष ने कहा कि हमारा यार्न ईरान और इजरायल दोनों जगह जाता है। ईरान-इजरायल की लड़ाई से सप्लाई को नुकसान हुआ है। दुबई पर ईरान के हमले ने अफ्रीका के लिए भी सप्लाई चेन को प्रभावित किया है। अमूमन दुबई के ट्रेडर हमसे माल मंगाते हैं और फिर उसे अफ्रीका भेजते हैं लेकिन अभी यह भी बंद है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण शिपिंग चार्ज में भी काफी बढ़ोतरी हुई है। शिपिंग चार्ज में 400 फीसदी तक तेजी आई है क्योंकि कोई भी अभी अपनी जान जोखिम में नहीं डालना चाहता है। हमारा यार्न ईरान और इजरायल दोनों जगह जाता है।

### मारुति सुजुकी की सालाना कैपेसिटी 26 लाख यूनिट की है

# गाड़ियों का ऑर्डर पूरा नहीं कर पा रही मारुति, अब क्षमता बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करने के बावजूद ऑर्डर पूरा नहीं कर पा रही है। कंपनी के पास करीब 200,000 गाड़ियों का पेंडिंग ऑर्डर है। बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए कंपनी ने अब अगले फाइनेंशियल ईयर में अपनी क्षमता में 500,000 यूनिट का इजाफा करने की योजना बनाई है। अभी कंपनी के हरियाणा और गुजरात प्लांट की सालाना क्षमता 26 लाख यूनिट की है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक मारुति सुजुकी का कहना है कि डिमांड पूरी करने के लिए उसके प्लांट पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। कंपनी के पास अभी 12 दिन की डीलर इंवेंट्री है। इसमें सात दिन का ट्रांजिट भी शामिल है। यह 30 दिन की नॉर्मल डीलर इंवेंट्री से आधे से भी कम है। कंपनी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा कि पिछले हमने कंपनी की बुकिंग में 20 फीसदी तेजी आई। हमारी क्षमता इतनी अधिक नहीं है लेकिन हम पूरा प्रयास कर रहे हैं किसी को भी गाड़ी के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।

अगले साल कंपनी दो नए प्लांट से उत्पादन शुरू करेगी
इनमें से प्रत्येक की सालाना क्षमता 250,000 यूनिट की होगी




### कितनी गाड़ियां बनाती है कंपनी?

कंपनी ने पिछले महीने 161,000 कारें डिस्पैच की जबकि पिछले साल फरवरी में 160,791 गाड़ियां डिस्पैच की थी। सुजुकी मोटर ने पिछले महीने पोस्ट-अर्निंग्स कॉल में बताया था कि कंपनी हर महीने 220,000-230,000 गाड़ियां बना रही है। इनमें से 170,000-180,000 यूनिट घरेलू बिक्री के लिए हैं जबकि 50,000 गाड़ियों का एक्सपोर्ट किया जा रहा है। कंपनी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देशों को एक्सपोर्ट करती है। अगले फाइनेंशियल ईयर में दो नए प्लांट से उत्पादन शुरू होने पर हर महीने 20,000 ज्यादा गाड़ियां एक्सपोर्ट होंगी। सुजुकी की ग्लोबल सेल में मारुति की 56 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी का कहना है कि अगले साल भारत में 250,000 यूनिट के दो नए प्लांट्स से उत्पादन शुरू होगा। पिछले हमने कंपनी की बुकिंग में 20 फीसदी तेजी आई। हमारी क्षमता इतनी अधिक नहीं है लेकिन हम पूरा प्रयास कर रहे हैं किसी को भी गाड़ी के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।

# 31 मार्च तक पीपीएफ-सुकन्या में मिनिमम अमाउंट जमा करें, वरना बंद हो सकता है खाता

**नई दिल्ली।** अगर आपका पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) अकाउंट है, लेकिन इस वित्त वर्ष में इनमें पैसे नहीं डाल पाए, तो अकाउंट एक्टिव रखने के लिए इनमें 31 मार्च 2026 तक कुछ रुपए जरूर डाल दें। पीपीएफ और एसएसवाई में पैसे नहीं डाले जाने पर ये अकाउंट्स इनएक्टिव (बंद) हो सकते हैं। अगर न्यूनतम जरूरी रकम नहीं डाली, तो इन्हें दोबारा एक्टिव करवाने के लिए आपको जुर्माना देना पड़ेगा। आपको अपनी इन योजनाओं में मिनिमम निवेश बनाए रखना होता है ताकि यह पता चल सके कि आपका खाता एक्टिव है। हम आपको बता रहे हैं कि अकाउंट में आपको कितना मिनिमम अमाउंट जमा करना होता है। पीपीएफ अकाउंट रखने वालों के लिए मिनिमम डिपॉजिट 500 रुपए है यानी आपको इसमें एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपए का निवेश करना होता है। ऐसा न करने पर आपका खाता बंद हो सकता है। इसमें पैसा डालने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2023 है तो आप उससे पहले ये मिनिमम बैलेंस डाल दें। अगर आप आखिरी तारीख तक पैसा नहीं डालते हैं तो आपको हर साल के हिसाब से 50 रुपये जुर्माना देना होगा। पीपीएफ अकाउंट पर अभी 7.1% ब्याज मिल रहा है। सुकन्या समृद्धि योजना में अगर अकाउंट है तो आपको हर वर्ष में मिनिमम 250 रुपये जमा करने होते हैं। अगर आप यह पैसा नहीं जमा करते हैं तो आपको 50 रुपए जुर्माना देना पड़ेगा। सुकन्या समृद्धि योजना अकाउंट पर अभी 8.2% ब्याज मिल रहा है।

**दोबारा एक्टिव करवाने के लिए जुर्माना देना पड़ेगा**

### एअर इंडिया, इंडिगो और एमिरेट्स जैसी एयरलाइन फुल रिफंड दे रही

# मिडिल ईस्ट में तनाव से ज्यादातर उड़ानें रद्द

**फ्री री-शेड्यूल की सुविधा भी दी जा रही**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव का असर अब अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। मिडिल ईस्ट के कई देशों का एयरस्पेस प्रभावित होने के कारण दुबई, अबू धाबी, दोहा और मनामा जैसे प्रमुख शहरों की उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द की गई हैं। अकेले मंगलवार को 357 उड़ानें कैंसिल होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भारत सहित कई देशों की एयरलाइंस ने यात्रियों को राहत देने के लिए विशेष सुविधाएं घोषित की हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है।



### एयर इंडिया : 5 मार्च तक यात्रा पर पूरी छूट

एअर इंडिया ने स्पष्ट किया है कि जिन यात्रियों ने 28 फरवरी या उससे पहले टिकट बुक कराई थी और उनकी यात्रा 5 मार्च तक निर्धारित थी, वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी फ्लाइट को री-शेड्यूल कर सकते हैं। अगर यात्री यात्रा नहीं करना चाहते, तो उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा। रिफंड या बदलाव के लिए यात्री एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

### इंडिगो : 7 मार्च 2026 तक नो कैंसिलेशन चार्ज

इंडिगो ने मिडिल ईस्ट रूट्स के यात्रियों को 7 मार्च 2026 तक विशेष राहत दी है। प्रभावित यात्री 'प्लान बी' लिंक के जरिए रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। एयरलाइन ने यह भी बताया है कि 4 मार्च से मस्कट, जेद्दा और मदीना के लिए कुछ उड़ानें दोबारा शुरू की जा सकती हैं, हालांकि यह स्थानीय प्रशासन की मंजूरी पर निर्भर करेगा।

### एतिहाद और एमिरेट्स : अबू धाबी और दुबई रूट्स प्रभावित

एतिहाद एयरवेज ने अबू धाबी से आने-जाने वाली सभी उड़ानों को बुधवार दोपहर 2 बजे (यूएई समय) तक सस्पेंड कर दिया है। 7 मार्च तक यात्रा करने वाले यात्री रिफंड फॉर्म भरकर पूरा पैसा वापस ले सकते हैं। वहीं एमिरेट्स ने 5 मार्च तक की बुकिंग वाले यात्रियों को री-बुकिंग या फुल रिफंड का विकल्प दिया है।

### कतर एयरवेज: 10 मार्च तक बुकिंग पर राहत

कतर एयरवेज ने 28 फरवरी से 10 मार्च के बीच की यात्रा वाले यात्रियों को लचीला विकल्प दिया है। यात्री अपनी मूल यात्रा तिथि से 14 दिनों के भीतर नई तारीख चुन सकते हैं या टिकट की अनयूज्ड वैल्यू का रिफंड ले सकते हैं। एयरलाइन ने यात्रियों से एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट स्टेटस जांचने की अपील की है।

### दुबई में फंसे भारतीयों के लिए विशेष मदद

दुबई में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए ट्रैवल कंपनी ईजी माई ट्रिप ने वापसी प्रबंध में मदद की पेशकश की है। कंपनी ने एक ऑनलाइन फॉर्म जारी किया है, जिसके जरिए इच्छुक यात्री पंजीकरण कर सकते हैं। सीमित सीटों के कारण प्राथमिकता के आधार पर यात्रियों को भारत लाने की व्यवस्था की जा रही है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच एयरलाइंस और सरकार यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दे रही हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फ्लाइट की स्थिति नियमित रूप से जांचते रहें और आधिकारिक वेबसाइट से ही जानकारी प्राप्त करें।

## 6 करोड़ रुपए के नए ठेके को दी गई थी चुनौती

# डायल 112 के ठेके को लेकर तेलंगाना की कंपनी ने हाईकोर्ट से याचिका ली वापस

हरिभूमि जबलपुर ।



तेलंगाना की कंपनी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज ने राज्य में डायल 112 के ठेके को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका वापस ले ली है। याचिका में पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा ऑटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के सम्बन्ध में जारी किये गए 6 करोड़ रुपए के नए ठेके को चुनौती दी गई थी। कंपनी ने हाईकोर्ट में इसकी कोई वजह नहीं बताई । वहीं,राज्य सरकार के उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने दावा किया कि उनके द्वारा पेश किये गए 18 हजार पन्नों के जवाब के चलते तेलंगाना की कंपनी ने अपनी याचिका वापस ली है। सरकार के जवाब में डायल 112 सेवाओं में तेलंगाना की कंपनी की कमियों को गिनाया गया था।

याचिका में कहा गया था कि पुलिस टेलीकम्युनिकेशन मुख्यालय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को ऑटोमैटिक कंप्यूटर एडेड डिस्पैच सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, इंटीग्रेशन और मेंटेनेंस के लिए नया टेंडर जारी किया गया। जबकि यही काम पहले से ही याचिकाकर्ता कंपनी को अनुबंध के तहत सौंपा जा चुका है। याचिकाकर्ता कंपनी की ओर से तर्क दिया गया था कि 12 मार्च 2025 को जारी मूल टेंडर के तहत वह मप्र डायल 112 द्वितीय फेज का इम्प्लीमेंटेशन, मेंटेनेंस और ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर रही है। ऐसे में उसी कार्य के लिए दोबारा टेंडर निकालना न केवल अनुचित है बल्कि अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन भी है। प्रारंभिक सुनवाई के कोर्ट ने सरकार को विस्तृत जवाब पेश करने के निर्देश दिए थे।

## एमपीपीएससी की ग्रंथपाल परीक्षा का परीक्षा रिजल्ट जारी करने से रोक हटी

**जबलपुर**। मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित ग्रंथपाल का परीक्षा परिणाम जारी करने का रास्ता साफ हो गया है। मप्र हाईकोर्ट ने रिजल्ट जारी करने पर लगाई रोक हटा दी है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने पीएससी को रिजल्ट जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का परिणाम सीलबंद लिफाफे में पेश करें। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी।

भोपाल की प्रीति उमरे, वेंकट राव व अन्य की ओर से याचिका दायर कर परीक्षा को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने शैक्षणिक योग्यता संबंधी अहर्ता को चुनौती दी थी। पीएससी ने उन्हें साक्षात्कार में शामिल नहीं किया था, जबकि वे परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके थे। इस मामले में हाईकोर्ट ने 17 जनवरी को अंतरिम राहत के तौर पर याचिकाकर्ताओं को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि बिना अनुमति परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं करें। पीएससी की ओर से एक आवेदन पेश कर परिणाम जारी करने की मांग की गई। पीएससी की ओर से बताया गया कि कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के अलावा अन्य उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी करने की अनुमति दे दी है। परीक्षा पहले हो गई थी।




### सुबह 7 बजे से मैदान में उतरेगा निगम अमला, 31 मार्च तक वसूली से जुड़े कर्मचारियों के अवकाश पर रोक

# 9 मार्च तक हाउस नंबरिंग पूरी करने के निर्देश, राजस्व वसूली में तेजी लाने पर जोर

**जबलपुर**। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर के विकास कार्यों, जनगणना और राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हाउस नंबरिंग का कार्य 9 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए। इसके लिए निगम का अमला सुबह 7 बजे से फील्ड में उतरकर अभियान चलाएगा। निगमायुक्त ने निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए राजस्व वसूली अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक वसूली से जुड़े कर्मचारियों के अवकाश पर रोक रहेगी, हालांकि अत्यंत आवश्यक स्थिति में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को नागरिकों के साथ शालीन और व्यवहार कुशल तरीके से वसूली करने की हिदायत दी। बैठक के दौरान लोककर्म विभाग के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह, मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनेकृविवि के उद्यान शास्त्र विभाग ने आयोजित किया कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

# मसाला फसलों की उन्नत खेती से बढ़ेगी किसानों की आय : डॉ. स्वाती बारचे

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) के उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास परियोजना के अंतर्गत विकासखंड पनागर के ग्राम डूंगरिया में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्यानिकी संकाय की अधिष्ठाता डॉ. स्वाती बारचे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



डॉ. स्वाती बारचे ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मसाला फसलों की उन्नत खेती अपनाने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने धनिया, मेथी, लहसुन, अदरक, मिर्च और हल्दी जैसी मसाला फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को फसल प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से भी अवगत कराया। साथ ही आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, गुणवत्तायुक्त बीज, पौध सामग्री और जैव उर्वरकों के उपयोग पर भी जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मसाला फसलों की उन्नत खेती को बढ़ावा देना और किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी डॉ. रजनी शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित झा, डॉ. रीना नायर, कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद गुप्ता तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती मोनिका झा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### *अब 31 मार्च तक छुट्टी के दिनों में भी जमा होगा टैक्स : निगमायुक्त*

**जबलपुर**। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब मात्र 25 दिन ही शेष बचा हुआ है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए 31 मार्च 2026 तक सभी शासकीय अवकाशों को कार्यदिवस में बदल दिया है। अब छुट्टी के दिन भी करदाता अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। नागरिकों को टैक्स जमा करने के लिए अब दफ्तर खुलने का इंतजार नहीं करना होगा। रविवार और अन्य अवकाशों में भी कैश काउंटर खुले रहेंगे। नागरिकों की व्यस्तता को देखते हुए सभी संभागीय कार्यालयों के कैश काउंटर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से ही खुल जाएंगे। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्पष्ट किया है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं रहेगा। समस्त संभागीय कार्यालयों तथा राजस्व शाखा मुख्यालय के कर्मचारी नियमित रूप से राजस्व वसूली कार्य करेगें।

### नर्मदा तट से 300 मीटर क्षेत्र में निर्माण को लेकर नियमों की अनदेखी का आरोप

# भेड़ाघाट पंचवटी रेस्ट हाउस में निर्माण पर उठे सवाल

**भेड़ाघाट**। विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट स्थित पंचवटी रेस्ट हाउस क्रमांक-1 में किए जा रहे भवन निर्माण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जेसीबी मशीनों से खुदाई कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जबकि नर्मदा नदी तट से 300 मीटर की परिधि में निर्माण कार्य पर रोक से संबंधित नियमों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा भी उच्च न्यायालय के आदेश क्रमांक 10561/2019 के अनुपालन को लेकर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि नर्मदा तट के पास निर्माण कार्य से संगमरमर की चट्टानों और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि आम लोगों को नियमों का हवाला देकर कार्रवाई की जाती है, जबकि शासकीय विभाग ही नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है, यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भेड़ाघाट की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन महत्व सुरक्षित रह सके।

#### इनका कहना है

लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन से अनुमति की स्वीकृती के बाद ही निर्माण किया जा रहा होगा। इसकी जानकारी मैं लेता हूं फिर कार्यवाही की जायेगी।

**विक्रम सिंह झरिया**
सीएमओ, नगर परिषद भेड़ाघाट



# संपत्तिकर बकायादारों पर जल्द बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर**। नगर निगम ने संपत्ति कर के बड़े बकायादारों के खिलाफ अब तक की सबसे कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के समस्त बैंकों के रीजनल मैनेजर्स को एक औपचारिक पत्र जारी कर बड़े बकायादारों के बैंक खातों की विस्तृत जानकारी मांगी है। निगम का उद्देश्य इन खातों को सीज कर सीधे बकाया राशि की वसूली करना है। निगमायुक्त ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यह कार्यवाही मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की विभिन्न धाराओं के तहत जारी की जा रही है जिसमें धारा 173, 174, 175 एवं 178 के अंतर्गत करों की वसूली के लिए वैधानिक प्रक्रिया और कुर्की का प्रावधान है। इसके तहत बकाया देयों की वसूली के लिए बैंक खातों को 'चल संपत्ति' की श्रेणी में माना गया है।




**बकायादारों के बैंक खाते होंगे सीज, निगमायुक्त ने बैंकों को जारी किया पत्र**

नगर निगम ने बैंकों को उन बकायादारों की सूची प्रेषित की है जिनके ऊपर भारी टैक्स बकाया है। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि वे इन व्यक्तियों/संस्थाओं के चालूएवं बचत खातों का विवरण। खाताधारक का पूर्ण नाम एवं पता यथाशीघ्र उपलब्ध कराएं ताकि निगम अपनी वसूली प्रक्रिया को आगे बढ़ा सके। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि नगर निगम को शहर के लाखों करदाताओं से करोड़ों रुपये की वसूली करनी है। कई बड़े बकायादार बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। वर्तमान में निगम का खजाना रिक्त होने और विकास कार्यों की गति बनाए रखने के लिए राजस्व वसूली अनिवार्य हो गई है। निगम ने कई संपत्तियों की कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई भी की है, लेकिन अब सीधे बैंक खातों पर प्रहार कर वसूली को सुनिश्चित किया जा रहा है।

### करीब 10 दिन पहले विक्टोरिया अस्पताल में कराया गया था भर्ती

# अज्ञात व्यक्ति का गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर**। मानसिक रूप से अस्वस्थ एक अज्ञात लगभग 40 वर्षीय व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार करीब 10 दिन पहले 108 एम्बुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल विक्टोरिया में भर्ती कराया गया था, जहां से बाद में उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उपचार के बाद उसे मेडिकल रैन बसेरा में रखा गया था, जहां कल उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी थाना गढ़ा पुलिस द्वारा गरीब नवाज कमेटी को दी गई। पुलिस की आवश्यक कार्रवाई पूरी होने के बाद मृतक का तिलवारा मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार गरीब नवाज कमेटी द्वारा कराया गया। इस दौरान मो. आरिफ, मो. कासिम, मो. नदीम, अब्दुल बारी, मो. अमीर, दीपक निगम, बछु नांकनी और बाबू भाई सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# स्टेट बार काउंसिल चुनाव के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर**। स्टेट बार काउंसिल चुनाव की कमेटी ने अधिवक्ता दीपक अवस्थी एवं ज्ञानेन्द्र सिंह बघेल को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा कमेटी ने चुनाव से संबंधित अन्य कार्यों के संचालन के लिए अधिवक्ता प्रशांत दुबे को सचिव नियुक्त किया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई-पॉवर्ड इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन जस्टिस प्रितिंकर दिवाकर की अध्यक्षता वाली कमेटी चुनाव करा रही है। कमेटी में पूर्व न्यायाधीश केके त्रिवेदी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ सदस्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। जस्टिस एसके पालो चुनाव अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। विगत 27 फरवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब 16 मार्च को प्रारम्भिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर 24 मार्च तक आपत्तियां बुलाई जाएंगी। आपत्तियों के निराकरण करने के बाद एक अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। आठ से 10 अप्रैल तक उम्मीदवार अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 20 अप्रैल से 22 अप्रैल की शाम 4 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल की शाम 5 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। 12 मई को मतदान होगा और फिर 16 जून से वोटों की गिनती शुरू होगी।

### बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 820 करोड़ की वसूली निकाली

# स्मार्ट मीटर को लेकर ऊर्जा मंत्री का जवाब विरोधाभासी!

**जबलपुर**। मप्र विधानसभा में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विधायक सुरेश राजे को लिखित जवाब में बताया कि परिसरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का खर्च उपभोक्ताओं से नहीं वसूला जायेगा। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने ऊर्जा मंत्री द्वारा स्मार्ट मीटर फ्री में लगाए जाने संबंधी जवाब को विरोधाभासी बताया है। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली कंपनियों ने 10.19 प्रतिशत रेट बढ़ाने हेतु नियामक आयोग को प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता रिपोर्ट (एआरआर) में स्मार्ट मीटरों के खर्च हेतु 820.62 करोड़ उपभोक्ताओं से वसूला जाए, यह मांग की है। डॉ.पीपी नाजपांडे ने बताया कि इस एआरआर के पृष्ठ 129 में स्मार्ट मीटरों के ऑपरेशनल खर्च पर 307 करोड़ तथा पृष्ठ 133 में लीज चार्ज खर्च हेतु 513.62 करोड़ कुल 820.62 करोड़ के खर्च की वसूली की अनुमति मांगी है। चूंकि यह 820.62 करोड़ का खर्च एआरआर में जोड़ा गया है, अतः बिजली के रेट बढ़ाने में यह खर्च भी आधार बन जायेगा। अतः स्मार्ट मीटर फ्री नहीं है, यह प्रमाणित होता है। मंच के रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, टीके रायघटक, डीके सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, पीएस राजपूत आदि ने कहा है कि ऊर्जा मंत्री का जवाब गुमराह करने वाला है।



# पनागर में मिला बुजुर्ग का शव, हत्या का संदेह

**जबलपुर**। पनागर थाना अंतर्गत छत्तरपुर गांव में ककरई तालाब के पास जंगली इलाके में गांव के ही 60 वर्षीय बुजुर्ग हल्लू कोल का शव लहूलुहान हालत में मिला है। बुजुर्ग लंबे समय से इस सुनसान इलाके में स्थित एक खेत की रखवाली का काम करते थे। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक का शव गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर बरामद हुआ। घटनास्थल पर शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं और काफी मात्रा में खून भी फैला हुआ था। मृतक के परिजनों ने सिर पर लगी इन चोटों को देखते हुए हत्या की आशंका व्यक्त की है। घटना की सूचना पाकर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह साफ हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और जंगली रास्ते पर आने-जाने वालों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

### परम्परागत तरीके से मनाया गया रंगों का त्यौहार

# होली के रंगों और गुलाल से सराबोर रहा शहर




**जबलपुर।** बुराई पर अच्छाई का प्रतीक रंगों का अलमस्त त्यौहार होलिकोत्सव परम्परागत तरीके से मनाया गया। लोग रंगों में सराबोर रहे, अपने-अपने में मस्त रहे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस ने वो लगाम कसी कि हुड़दंग तो हुई लेकिन शालीन। शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस ने स्टापेज लगा रखे थे, जिससे शराबियों के वाहनों की रफ्तार और अलमस्ती दोनों नियंत्रित रही। इस साल चंद्रग्रहण होने की वजह से होलिका दहन के तीसरे दिन रंगों का पर्व धुरेडी मनाया गया, ग्रहण वाले दिन सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बुधवार को सुबह से ही रंग और अबीर उड़ने लगा। हुरियारे रंगों में डूबने लगे। सुबह से शाम तक शहर में रंग गुलाल होता रहा। कालोनियों में होली का माहौल ही कुछ अलग था। लोग टोलियां बनाकर एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा रहे थे। जबकि हुड़दंगियों को अपना अंदाज ही अलग था। कोई काला, कोई पीला, कोई नीले रंग में लिपटा झूम रहा था। डीजे साउण्ड सिस्टम पर सख्ती से पाबंदी के बाद भी देर रात तक कहीं-कहीं नाच गाना होता रहा। जबकि दूसरे दिन लाउड स्पीकर पूरी तरह बंद रहे, लेकिन साउण्ड बॉक्स और ढोल ढमाकों के साथ खासकर नवयुवकों की टोलियां हुड़दंग मचाती रही। ये बात अच्छी रही कि लोग आपस में ही होली खेलते रहे। किसी अपरिचित व्यक्ति पर न रंग डाला, न गुलाल फेंकी। इसलिए भी लड़ाई झगड़े की वारदातें कम हुईं। पुरानी रंजिशों को लेकर भी कुछ छुटपुट वारदातें जरूर हुईं।

#### बच्चों की पिचकारियां

बच्चों की अठखेलियां निराला समा बांध रही थीं। पिचकारियों में भरे रंगों की बौछारें अधिकांशतः उन्हीं के बीच चली। यदाकदा उनकी पिचकारियों की दिशा भटकी जरूर, लेकिन उनकी मासूम बौछारों में लोग घुल मिल गये, हंसते हुये बच्चों को प्यार करते अपने रास्ते निकल गये।

#### भाईदूज का पर्व मनाया

इस साल भाईदूज का पर्व तिथि के मुताबिक धुरेड़ी के दूसरे दिन गुरुवार 5 मार्च को परम्परागत उत्साह के साथ मनाया गया। बहनें भाईयों के माथे पर टीका लगा उनकी दीर्घायु होने की कामना करेंगी। सेंट्रल जेल में भाईदूज के पर्व पर कैदी भाईयों को तिलक लगाने पहुंची बहनों के लिये विशेष इंतजाम किये गये है. उन्हें इस बार तंबू की जगह मुलाकात खिड़की से टीका लगाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई.

# खूब उडा रंग और गुलाल

## बड़ों से लेकर बच्चों तक ने खेली जमकर होली





**सिहोरा।** रंगों के महापर्व होली पर बड़ों से लेकर बच्चों तक ने जहां रंग और गुलाल से जमकर होली खेली वहीं अनेक लोगो ने जगह जगह पार्टी कर बुधवार को धुरेड़ी का पूरा लुप्त उठाया। होली की उडदंग और शराब के नशे में नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो में अनेक छुटपुट घटनाएं घटित होनी की जानकारी मिली थी। होली के दुसरे दिन जहां सड़कों पर दुपहिया वाहन ही इक्का दुक्का चले तो दो दिनो तक लगभग नगर का पूरा बाजार बंद रहा और सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा बस पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ही घूमती नजर आई हालाकि प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के चलते दो दिनो में कोई बडी वारदात नही हो पाई क्योंकि पुलिस ने होलिका दहन के दिन से ही पुलिस व्यवस्था में कसावट ला दी थी और जहाँ तहाँ फिक्स प्वाइंट बनाकर टीमे तैयार कर दी थी। हालाकी चन्द्रग्रहण होने के कारण इस बार होलिका दहन के तीसरे दिन ही बुधवार को जमकर होली खेली गई।

#### बहनों ने लगाया मंगल टीका

भाई दोज के दिन गुरुवार को घर घर में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया बहनो ने अपने भाइयों के माथे पर मंगल तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की तो भाइयों ने भी बहन को अनेक उपहार देकर उनके चरण स्पर्श कर आशिर्वाद प्राप्त किया। दो दिनो में जहाँ नगर में अनेक होली के कार्यक्रम आयोजित किए गये तो वहीं गांवों में फागों के आयोजन संपन्न हुए। अभी रंगपंचमी तक रंग गुलाब का दौर चलता रहेगा।

# नेमा समाज ने मनाया होलियाना महोत्सव



**जबलपुर।**

नेमा युवक संघ जबलपुर द्वारा कचनार सिटी विजयनगर स्थित समाज भवन में नेमा समाज का परम्परागत होलियाना महोत्सव का भव्य आयोजन सोल्लास पूर्वक किया गया, जिसमें सुगंधमय वृंदावन सदृश्य वातावरण में श्री राधा-कृष्णजी स्वरूप में, होली के भजनों एवं फाग गायन प्रस्तुति की सुमधुर प्रस्तुति पर सराबोर स्वाजातीय मातृ शक्ति, बंधु, बाल, वृद्ध सभी अपनी-अपनी टोली में आनंद, उल्लास व उमंग के साथ थिरक उठे। द्वितीय चरण में होलिका दहन के उपरांत ललाट पर फूलों की होली खेलते हुये तिलक चंदन कर परस्पर शुभकामनायें प्रगट की गयी।

इस अवसर पर डॉ. पी. नेमा, हरिनारायण नेमा, रेवाराम नेमा, सुनील नेमा, डॉ. राजेन्द्र नेमा, संघाध्यक्ष युवामणि राकेश नेमा, आनंद नेमा, विनीता नेमा, रेखा नेमा, अजय कमल, विमल प्रकाश, मनीष प्रवीण नेमा, डॉ. संदीप नेमा सहित अनेकजन उपस्थित रहे।

# महिला सद्भावना मंच ने आयोजित की महिला इफ्तार पार्टी



**जबलपुर।**

महिला विंग जेआईएच (बिग सिटी) जबलपुर एवं महिला सद्भावना मंच, जबलपुर के द्वारा महिला इफ्तार पार्टी का आयोजन गत दिवस दर्सगाह हायर सेकेंडरी स्कूल, गोहलपुर, जबलपुर में किया गया, जिसमें सभी संप्रदाय व समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। एडवोकेट अंजना कुरारिया, समाजसेवी डॉ. सविता शुक्ला, महिला सद्भावना मंच की अध्यक्ष एवं समाजसेवी जानकी देवी विश्वकर्मा व अन्य समाजसेविकाएं भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में जेआईएच (बिग सिटी) जबलपुर की नाजिमा मोहतरमा नाजिया बानो साहिबा ने रोज़े और तकवा का मक़सद समझाते हुए कहा कि ईश्वर से डरकर जिंदगी गुजारना और गुनाहों से बचते हुए अच्छे कर्म करने और देश एवं समाज में सांप्रदायिक सदभाव बनाए रखने में ही हमारे शहर, प्रदेश और देश की उन्नति होगी। इसी में हम सभी नागरिकों की सफलता है। आखिर में कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं का तहेदिल से शुक्रिया अदा करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।




## दिव्यांग विद्यार्थियों संग खेली होली

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज के दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो.अरुण शुक्ल द्वारा महाविद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के हॉस्टल जाकर होली पर्व मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. शुक्ल ने कहा कि आप सभी बहुत विशेष हैं। आप में भी वही प्रतिभा, वही क्षमता और वही सपने हैं, जो किसी भी अन्य विद्यार्थी में होते हैं। हमें मिलकर एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए और समाज में समानता और सम्मान का वातावरण बनाना चाहिए। होली का त्योहार हमें यह भी सिखाता है कि हम सभी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को अपनाएँ। इस अवसर पर मिठाई का वितरण किया गया, जिसे प्राप्त करके विद्यार्थियों में हर्ष एवं उत्साह दिखा। इस अवसर पर डॉ. शिवेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।

# ऑल इंडिया जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसियेशन का 22वां दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर।** आल इंडिया जनरल इंश्योरेंस पेंशनर एसोसियेशन वेस्टर्न जोन (मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ एवं गोवा) का 22वां दो दिवसीय सम्मेलन मध्यप्रदेश के संस्कारधानी जबलपुर में जबलपुर स्पोर्ट्स क्लब बिलहरी में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती एवं स्वर्गीय कामरेड काका सामन्त के चित्र पर माल्यार्पण के साथ बैठक प्रारंभ हुई। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी, क्षेत्रिय कार्यालय इन्दौर के उप महाप्रबंधक समीर कालरा के मुख्य अतिथि तथा पेंशनर्स एसोसिएशन (वेस्टर्न जोन) के महासचिव कॉमरेड यू बैनर्जी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस अवसर पर कॉमरेड प्रदीप धर्मठोक, कॉमरेड ललित स्वर्णा, कॉमरेड सतीश शेन्डे, कामरेड सीएल मोदी, कॉमरेड ए.एम. कुलकर्णी, कॉमरेड परान्जपे ने उद्घाटन अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में वेस्टर्न जोन के करीब 70 कार्यकारिणी सदस्य एवं जबलपुर सम्भाग के विभिन्न क्षेत्रों से आए पेंशनर सदस्य उपस्थित थे। जबलपुर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केएल जाटव, कार्यकारी अध्यक्ष विजय हांडा, कोषाध्यक्ष ए.एम. जायसवाल, कुसुम चौधरी, प्रज्ञा चौधरी, आशीष खेरा, बीबी महाजन, आशीष रस्तोगी, धनंजय चानना, सपन त्रिवेदी, योगेंद्र तिवारी, महेश कुरील, विनोद पहारिया, जयंत रैकवार, संजय जायसवाल, विश्वनाथ दास, राकेश गुप्ता, रवि पिल्ले, निर्मल शर्मा, मोहनलाल कोरी, शरद महाजन, ललित बेहरे, जय काशिव, द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ हुआ।

## महर्षि विद्या मंदिर में प्राचार्य और शिक्षकों ने मिलकर खेली फूलों की होली



**जबलपुर।** महर्षि विद्या मंदिर विजय नगर में 28 फरवरी 2026 को होली का त्यौहार बड़े उत्साह से मनाया गया। प्राचार्य श्रीकांत सोनी के नेतृत्व में समस्त स्टाफ सदस्यों ने रंगों का पावन त्यौहार होली बहुत धूमधाम से मनाया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य संस्कृति से जोड़ना, भाईचारे और एकता का संदेश देना था। इस अवसर पर प्राचार्य और शिक्षकों ने साथ मिलकर फूलों और सुरक्षित रंगों से होली खेली।

## फूलों की होली के साथ किया भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक



**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में भगवान चैतन्य महाप्रभु का अभिषेक एवं भक्तों द्वारा भगवान राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली का आनंद महोत्सव मनाया गया ऐसा लग रहा था जैसा वृंदावन का नजारा हो। भक्तों ने भगवान राधा कृष्ण को फूल अर्पित किए आश्रम के पुजारी द्वारा फूल भक्तों पर बरसाए। विशेष पूजन में प्रचारक अमित दवे लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ नरेंद्र कोष्टी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम का संचालन नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने किया भजन मंडलियों द्वारा विशेष प्रस्तुति की गई विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्रीमती सुषमा शंकर पटेल श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान विनोद विश्वकर्मा दुर्गा पटेल मनोज गुलावबानी आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित




**सिहोरा-** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन 2 मार्च तक महाविद्यालय के द्वारा गोद लिये ग्राम भाटादोन में आयोजित किया गया। शिविर के उद्घाटन दिवस में ग्राम के सरपंच प्रदीप कुमार श्रीवास,कार्यक्रम अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार बघेल एवं महाविद्यालय के 52 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा 5 ग्रामों का भ्रमण किया गया जिसमें ग्राम भाटादोन,टिकरिया,बरेली आदि शामिल थे। छात्र छात्राओं ने कुर्रे पिपरिया में स्थित सिद्धंन धाम में साफ सफाई के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया। इसी के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों द्वारा सिद्धंन धाम के आसपास फैले पॉलीथीन आदि की साफ सफाई कर कचरा मुक्त किया। सात दिवसीय शिविर में महाविद्यालय से प्रभारी प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव प्राध्यापक डॉ श्रीकृष्ण तिवारी,डॉ सुदेश कुमार महरोलिया,डॉ सूनू आर के मैथ्यू ,डॉ नीता तिवारी आदि ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।




**श्री देवेन्द्र कौर -** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री प्रभुदयाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती देवेन्द्र कौर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती विशाखा गायकी-** रामनगर रामपुर निवासी श्री विवेक श्रीधर गायकी की धर्मपत्नी श्रीमती विशाखा गायकी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता सोनकर-** भानतलैया निवासी श्री महेश सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सोनकर (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उमा देवी-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री कृष्ण देव कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती उमा देवी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बालकृष्ण राजपूत-** पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री बालकृष्ण राजपूत (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गणेश प्रसाद चौरसिया-** घंटाघर के पास बड़ी ओमती निवासी श्री गणेश प्रसाद चौरसिया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल तामिया-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री शंकर लाल तामिया (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश गोंटिया-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री महेश गोंटिया (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमरजीत सिंह-** हंसिका सिटी गौरीघाट निवासी श्री अमरजीत सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुसुम देवी-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री छोटे लाल की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम देवी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धीरज कुमार संतोषी-** शीतलामाई स्थित मुलिया बाई की धर्मशाला के निकट निवासी श्री मोहन लाल संतोषी के पुत्र श्री धीरज कुमार संतोषी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल-** सेठीनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री छोटे लाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला कोरी-** हाउबाग गोरखपुर निवासी श्रवे सुरेश कुमार कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुसुम बावरिया-** अवंती विहार रामनगर रामपुर निवासी श्री फूलचंद बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बावरिया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवीचंद सोंधिया-** करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री देवीचंद सोंधिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा सोनी-** दरहाई सराफा निवासी श्री गोपाल प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा सोनी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई-** कांचघर पोस्ट आफिस के पीछे निवासी श्री ढेवा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय-** रानीपुर गोरैया प्लाट आमनपुर निवासी श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

#### डॉ वी वी श्रीवास्तव



**जबलपुर।** शहर के चिकित्सा क्षेत्र के जाने-माने वरिष्ठ शल्य चिकित्सक एवं विक्टोरिया हॉस्पिटल के सीएमओ रहे चुके डॉ व्ही व्ही श्रीवास्तव का 93 वर्ष की आयु में आज प्रातः 3:30 बजे निधन हो गया। डॉ श्रीवास्तव ने लंबे समय चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दी हैं। उनका अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## फूलों की होली, गुलाल तिलक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कल निकलेगी 'रंग-बरसे बारात'




**जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र में इस वर्ष होली का पर्व विशेष उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। होली रंग-बरसे बारात महोत्सव आयोजन समिति के बैनर तले 7 मार्च को भव्य होली मिलन एवं रंग-बरसे बारात का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे संजीवनी नगर रॉयल स्कूल के पास से होगा, जो मुखर्जी अस्पताल, दीपक ज्वेलर्स, बुधोलिया अस्पताल और गौतम मढ़िया होते हुए गुलौआ चौक पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न होगा। आयोजन समिति के संयोजक राहुल शुक्ला, कृष्णकुमार तिवारी, कमलेश यादव, मदन पटेल और एडवोकेट प्रशांत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में गुलाल तिलक, फूलों की होली, फाग गीत, बुंदेली और राई नृत्य के साथ संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। यात्रा में चलित डीजे, बैंड, राधे-कृष्ण की झांकी और दुलदुल घोड़ी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं नगर निगम की फायर ब्रिगेड द्वारा रंगों की वर्षा भी की जाएगी। समापन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वल्पाहार और मिठाइयों का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल सभी नागरिक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित होंगे और यात्रा मार्ग में बुजुर्गों तथा मातृशक्ति का विशेष सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर कछपुरा महाविद्यालय परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की गईं। कार्यक्रम में शहर के कई सामाजिक संगठन, व्यापारी और नागरिक भी सहयोग कर रहे हैं। समिति ने गढ़ा सहित संस्कारधानी के नागरिकों, युवाओं और मातृशक्ति से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. JC706402A, RANK- NB SUB (NT), NAME-SHEWALE AMAR SHIVAJI S/O SHIVAJI SHAKHARAM SHEWALE, UNIT MH JABALPUR M.P. R/O JAKHEWADI ROAD KADGAON, GADHINGLAJ, DISTRICT KOLHAPUR, STATE MAHARASHTRA PIN-416582 solemnly declare and affirm on oath under, I am presently residing at the above mentioned address. My Mother Aadhar card's, my Mother Name **(JAYASHREE SHIVAJI SHEWALE)** which is true and correct but in my Army service Recard my Mother Name is recorded **(JAYASHREE)** Which is incorrect. The true and correct Name of my Mother is **(JAYASHREE SHIVAJI SHEWALE)** and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my Mother this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME
JAYASHREE SHIVAJI SHEWALE)
INCORRECT NAME
(JAYASHREE)

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY No. JC706402A, RANK-NB SUB (NT), NAME-SHEWALE AMAR SHIVAJI S/O SHIVAJI SHAKHARAM SHEWALE, UNIT MH JABALPUR M.P. R/O JAKHEWADI ROAD KADGAON, GADHINGLAJ, DISTRICT KOLHAPUR, STATE MAHARASHTRA PIN-416502 solemnly declare and affirm on oath under. I am presently residing at the above mentioned address. My father Aadhar card's, my father Name **(SHIVAJI SHAKHARAM SHEWALE)** which is true and correct but in my Army service Record my father Name is recorded **(SHEWALE SHIVAJI SAKHARAM)** Which is incorrect. True and correct Name of my father is **(SHIVAJI SHAKHARAM SHEWALE)** and same Name shall be corrected in my Army service Record. For the above variation Name of my father this affidavit is being furnished.

CORRECT NAME
(SHIVAJI SHAKHARAM SHEWALE)
INCORRECT NAME
(SHEWALE SHIVAJI SAKHARAM)

## खबर संक्षेप

### इंडोनेशिया में 6.2 तीव्रता का भूकंप, नुकसान नहीं

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में मंगलवार को भूकंप के झटके सुमात्रा द्वीप के पास महसूस किए गए हैं। नेशनल



सेंटर फोर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर आया है। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई है। वहीं, इस भूकंप का केंद्र धरती से 20 किलोमीटर की गहराई में बताया जा रहा है। अब तक किसी बड़े जान-माल के नुकसान की तत्काल कोई खबर सामने नहीं आई है।

### गोलीबारी में भारतीय छात्रा समेत 4 की मौत

**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास राज्य की राजधानी ऑस्टिन में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में



भारतीय मूल की 21 वर्षीय छात्रा सविता शान समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं 14 अन्य घायल हो गए। अमेरिकी अधिकारियों ने मृतकों में शान की पहचान की पुष्टि की है। 53 वर्षीय हमलावर नडियागा डियाग्ने, जो सेनेगल मूल का अप्रवासी था, ने पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

### '12 बम' की ई-मेल धमकी से दहला रायपुर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने




की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। मामला सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 6 हेलिकॉप्टर और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें खरीदेगा भारत

# रक्षा मंत्रालय ने 5083 करोड़ के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए

*हेलिकॉप्टर भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित किए जाएंगे, 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा प्रोत्साहन*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय तटरक्षक बल के लिए, छह उन्नत हल्के हेलिकॉप्टर (एएलएच) एमके-II (समुद्री भूमिका) और भारतीय नौसेना के लिए सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइल (एसटीआईएल) की खरीद के लिए कुल 5,083 करोड़ के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। यह अनुबंध आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया पहल के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है। साथ ही देश की समुद्री सुरक्षा संरचना को और मजबूत बनाता है।

**भारतीय तटरक्षक बल को मिलेगी मजबूती** | **एचएएल बनाएगा नए उन्नत हेलिकॉप्टर**

### 2091 करोड़ रुपए से खरीदे जाएंगे हेलिकॉप्टर



रक्षा सचिव राजेश सिंह की उपस्थिति में हुआ एमओयू

हेलिकॉप्टर के लिए 2,901 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ खरीद के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। ये भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किए जाएंगे। ये दोहरे इंजन वाले हेलिकॉप्टर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। ये तटवर्ती हवाई अड्डों के साथ-साथ समुद्र में जहाजों से भी समुद्री सुरक्षा संबंधी कई मिशनों को अंजाम देने में सक्षम हैं। इनके शामिल होने से भारतीय तटरक्षक बल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके निर्माण में 200 से अधिक एमएसएमई सहयोग करेंगी।

**2182 करोड़ से खरीदेंगे रूसी मिसाइलें**

सतह से हवा में मार करने वाली वर्टिकल लॉन्च मिसाइलों (एसएचटीआईएल) और उनसे जुड़े मिसाइल होल्डिंग फ्रेम की खरीद के लिए 2,182 करोड़ रुपए का अनुबंध रूसी संघ की जेएससी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट के साथ किया गया है। इसका उद्देश्य युद्धपोतों की वायु रक्षा क्षमताओं को सुरक्षित करना है। इससे त्वरित कार्रवाई, हर मौसम में प्रभावी कार्रवाई करने की क्षमता विकसित होगी।

**नौसेना की बढ़ेगी क्षमता**

### पनडुब्बियों को ईंधन आपूर्ति करेंगे 'बार्ज'



भारतीय नौसेना के लिए शोफ्ट शिपयार्ड प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे (एमएसएमई शिपयार्ड) के साथ 04 गुणा 500टी स्व-चालित ईंधन बार्ज के निर्माण के लिए एक अनुबंध किया गया। ये बार्ज भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के गौरवशाली ध्वजवाहक हैं और इनका निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के वर्गीकरण नियमों के अंतर्गत किया जाएगा। इन बार्ज का प्राथमिक कार्य बंदरगाह और लंगरगाह में स्थित जहाजों और पनडुब्बियों को ईंधन की आपूर्ति करना होगा। इस अनुबंध से लघु एवं मध्यम उद्यम के विकास को निरंतर प्रोत्साहित और मजबूत करना है।

## राष्ट्रपति मैक्रों का ऐलान

### हम और भी 'परमाणु बम' बनाएंगे यूरोप की स्वतंत्रता को देंगे मजबूती



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अधिकारियों से चर्चा करते हुए

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस एक बार फिर से परमाणु बम बनाएगा और अपने परमाणु बम के बेड़े को बढ़ाएगा। मैक्रों ने आगे ये भी कहा है कि फ्रांस परमाणु बमों की गिनती नहीं बताएगा। इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को कहा है कि फ्रांस यूरोप की स्वतंत्रता को और मजबूती देने के लिए अपनी नई परमाणु पॉलिसी के तहत सहयोगी देशों को अपने परमाणु-सशस्त्र विमानों की अस्थायी तैनाती की भी मंजूरी देगा। हालांकि, मैक्रों ने ये साफ कर दिया है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर वह किसी भी दूसरे देश के साथ फैसला लेने के लिए साझेदारी नहीं करेगा। मैक्रों ने कहा है कि इस तरह के समझौतों को लेकर ब्रिटेन, जर्मनी, पोलैंड, नीदरलैंड, बेल्जियम, यूनान, स्वीडन और डेनमार्क के साथ फ्रांस की बातचीत शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपने परमाणु हथियारों की संख्या को बढ़ाएगा। जानकारी के मुताबिक, फ्रांस के पास में वर्तमान में 300 से कम परमाणु हथियार मौजूद हैं। मैक्रों ने परमाणु हथियारों में बढ़ोतरी की कोई निश्चित संख्या नहीं बताई है।

## पुलिस ने ऐहतियातन जारी किया अलर्ट

### राजौरी में विमान के आकार का मिला गुब्बारा, उर्दू में लिखा है 'पीआईए'

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में पुलिस ने मंगलवार को 'पीआईए' लिखा हुआ विमान के आकार का एक गुब्बारा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धर्मसाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सरहोती गांव में उर्दू में 'पीआईए' लिखा हुआ लाल और सफेद रंग का विमान के आकार का गुब्बारा मिला है। गुब्बारे के दिखने के बाद स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि टेरीथ पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, गुब्बारे को अपने कब्जे में लेकर उसे जब्त कर लिया।



एहतियातन सीमांत इलाकों में अलर्ट जारी करते हुए स्थानीय लोगों को हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहा। किसी भी तरह की संदिग्ध हलचल दिखने पर नजदीकी पुलिस स्टेशन में संपर्क करने की सलाह भी दी।

राजौरी जिले में एक शिविर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## अफगानिस्तान की डूरंड लाइन पर पाकिस्तान के साथ जंग जारी

# 25 से ज्यादा चौकियों कब्जाईं, 100 से अधिक सैनिक ढेर करने का दावा

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर पिछले पांच दिनों से जंग जारी है। इस बीच अफगान सेना ने पाकिस्तानी वायुसेना के हवाई हमलों का कड़ा जवाब देते हुए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए हैं। अफगान रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उनकी सेना ने 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा के पास कई जरूरी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन हमलों में काबुल से जुड़े इलाके, खोस्त का अली-शेर जिला, जलालाबाद और कंधार के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं।

### अफगानिस्तान ने कंधार और अली-शेर जिले में किए हमले



दोनों देशों के बीच यह तनाव तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान ने 21-22 फरवरी को अफगानिस्तान के अंदर कथित आतंकी कैंपों पर हमले किए थे। इसके जवाब में अफगान सेना ने आक्रामक रुख अपनाया है। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, उनकी सेना ने कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक और शोराबक जिलों में कई पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। स्पिन बोल्डक में तीन चौकियों पर कब्जा करने के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और एक सैनिक को अफगान सेना ने पकड़ लिया। अली-शेर जिले में भी दो पाकिस्तानी पोस्ट अब अफगान सेना के कब्जे में हैं।

#### बख्तरबंद टैंक किए नष्ट

अफगान रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पक्तिका प्रांत में अफगान सैनिकों ने पाकिस्तान का एक बख्तरबंद टैंक नष्ट कर दिया है। यह टैंक अफगान इलाके की तरफ अंधाधुंध गोले बरसा रहा था। मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह खोवाराजमी ने यह दावा किया।

#### पाक की बमबारी नाकाम की

अफगान पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने काबुल के पास स्थित बगराम एयर बेस पर बमबारी करने की कोशिश की थी। अफगान एयर डिफेंस सिस्टम ने मुस्तैदी दिखाते हुए इस हमले को नाकाम कर दिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### तालिबान के 67 लड़ाकों को मार गिराया: पाक

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने मंगलवार तड़के दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर 16



स्थानों पर हुए हमलों को नाकाम कर दिया और रातभर जारी अभियानों में अफगान तालिबान के 67 और लड़ाकों को मार गिराया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में अफगान तालिबान के 40 लड़ाके मारे गए। उत्तरी बलूचिस्तान के किला सैफुल्लाह, नोश्की और चमन जिलों में अफगान तालिबान के 27 लड़ाके मारे गए और कई घायल हुए।

## मध्यप्रदेश में गेहूं बेचने के इच्छुक किसानों का रजिस्ट्रेशन जारी

# 4.42 लाख किसान करवा चुके हैं अपना रजिस्ट्रेशन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय पूल में गेहूं का योगदान देने वाले पंजाब के बाद दूसरे सबसे प्रमुख राज्य मध्यप्रदेश में रबी फसल गेहूं की बिक्री करने के इच्छुक किसानों के रजिस्ट्रेशन की रफ्तार जोर पकड़ने लगी है। सरकारी एजेंसियों को अपना गेहूं बेचने के इच्छुक 4.42 लाख किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके थे, जबकि इसकी प्रक्रिया अभी जारी है।

किसानों से इस बार 2585 रूपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर मार्च के दूसरे सप्ताह के आसपास सरकारी खरीद शुरू होने की संभावना है। गौरतलब है कि पिछले रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2025 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया था जबकि मध्य प्रदेश सरकार ने इस पर 175 रूपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की थी जिससे किसानों को कुल 2600 रूपए प्रति क्विंटल का मूल्य प्राप्त हुआ था। गत वर्ष मध्य प्रदेश ने करीब 9 लाख किसानों द्वारा सरकार को 77.71 लाख टन गेहूं बेचा गया था।



गेहू की फाइल फोटो

**संभागवार पंजीयन के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| भोपाल किसान | 1,09,134 |
| इंदौर संभाग | 54,587 किसान |
| उज्जैन | 1,48,905 किसान |
| ग्वालियर | 9,695 किसान |
| चंबल | 4,692 किसान |
| जबलपुर | 39,885 किसान |
| नर्मदापुरम | 34,181 किसान |
| रीवा | 13,260 किसान |
| शहडोल | 2,551 किसान |

### मिलर्स, प्रोसेसर्स में दिलचस्पी की कमी से एफसीआई से गेहूं का उठाव नहीं

खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के माध्यम से भारतीय खाद्य निगम को 2025-26 के मौजूदा वित्त वर्ष की पूरी अवधि में 30 लाख टन गेहूं की बिक्री का कोटा आवंटित किया गया है, लेकिन बिक्री की अब तक की धीमी रफ्तार को देखते हुए लगता है कि इस आवंटित कोटे ने 20-25 प्रतिशत भाग का ही उठाव संभव हो सकेगा। दरअसल घरेलू मंडियों में प्रतिस्पर्धी मूल्य पर गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध रहने से सरकारी खाद्यान्न की खरीद में मिलर्स, प्रोसेसर्स बहुत कम दिलचस्पी दिखाते रहे है। खाद्य निगम द्वारा ओ एम एस एस के तहत अब तक आठ बार ई -नीलामी आयोजित की जा चुकी है। इसमें कुल मिलाकर करीब 6.34 लाख टन गेहूं की बिक्री हुई जो कुल आवंटित मात्रा 30 लाख टन का महज 21 प्रतिशत है। अब शायद नीलामी प्रक्रिया को बंद करने पर विचार किया जा रहा है। यदि ऐसा हुआ तो गेहूं की बिक्री का सही अंतिम आंकड़ा माना जा सकता है।

## आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 का रजिस्ट्रेशन शुरु, परीक्षा 7 जून को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) ने आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट (आईएटी) 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आईएटी शैक्षिक वर्ष 2026-27 के लिए सभी आईआईएसईआर कैंपस के अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एकमात्र और अनिवार्य परीक्षा है। ऑनलाइन आवेदन की 5 मार्च 2026 (गुरुवार) से शुरु हो गया है और एप्टीट्यूड टेस्ट 7 जून 2026 (रविवार) को होगा। आईआईएसईआर बरहामपुर, आईआईएसईआर भोपाल, आईआईएसईआर कोलकाता, आईआईएसईआर मोहाली, आईआईएसईआर पुणे, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम और आईआईएसईआर तिरुपति - किसी भी आईआईएसईआर में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट https://www.iiserad-mission.in/ पर साल 2026 के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।

### कार्ड ने किया मनोवैज्ञानिक जागरुकता बढ़ाने नया 'विवेक्यू' लांच

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर एक्शन रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) ने एक मेंटल वेलनेस पॉडकास्ट विवेक्यू लांच किया है। इसका उद्देश्य विशेषज्ञ की अगुवाई में बातचीत और डिजिटल पहुंच के जरिए व्यक्तियों को सीधे मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों से जोडन्ना है। इस पहल का अनावरण उद्योग जगत से प्रतिष्ठित नेताओं द्वारा किया गया, जिसमें मनोविज्ञान विशेषज्ञ जैसे -नलिनी डेका (आईपी कॉलेज, दिल्ली में पूर्व मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष) और प्रोफेसर एनके चड्ढा (दिल्ली यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष) शामिल थे।

## 3 मार्च से 1 अप्रैल तक आदेश रहेगा प्रभावी

# फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' टैक्स फ्री

> यह फिल्म 19 फरवरी को रिलीज हुई

हरिभूमि ▶▶ भोपाल



राज्य शासन ने हिंदी फीचर फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' को टैक्स फ्री कर दिया है। यह फिल्म 19 फरवरी को रिलीज हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी होली के एक दिन पहले मंगलवार को सपरिवार फिल्म को देखा। उन्होंने समाज के लिए बेहद उपयोग होने की वजह से फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा की। राज्य शासन ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया। आशीष मल्ल निर्देशित इस फिल्म को कथानक, समाज उपयोगी गुणों तथा सांस्कृतिक उत्थान के दृष्टिगत मप्र में प्रदर्शन की अवधि दिनांक 3 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक के लिए एसजीएसटी में छूट रहेगी। राज्य शासन ने अपने पत्र में कहा कि प्रतिपूर्ति की राशि दर्शकों से राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) की धनराशि वसूल की गई हो, तो ऐसी राशि वापसी योग्य नहीं होगी।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.**

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2025-26/2385   **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**   धनपुरी,दिनांक :-02/3/2020

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाँक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2354-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486204_1 | Construction of CC road at Ward No. 04/05 behind Kall Temple to near Vishram Baiga house. | 120 दिवस 20.42 लाख | 5000/- एवं 15300/- | 02.04.2026 05:30 PM |
| 2 | 2355-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486219_1 | Construction of CC road at Ward No. 26 Silpari Basti to Solid Waste Management Land. | 120 दिवस 20.76 लाख | 5000/- एवं 15600/- | 02.04.2026 05:30 PM |
| 3 | 2356-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486232_1 | Construction of CC road and RCC drain at Ward No. 06 Lakhan house to Lalit house to Rohit Dahiya house. | 60 दिवस 10.37 लाख | 2000/- एवं 7800/- | 02.04.2026 05:30 PM |
| 4 | 2357-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486260_1 | Construction of CC road at Ward No. 27 the house of Hammal and Kitab Master to Fankha house. | 120 दिवस 26.68 लाख | 5000/- एवं 20000/- | 02.04.2026 05:30 PM |
| 5 | 2358-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486565_1 | Construction of CC road at Ward No. 01 Munna Napit house to Suraj house. | 120 दिवस 19.29 लाख | 2000/- एवं 14500/- | 02.04.2026 05:30 PM |
| 6 | 2359-DATE-26.02.2026 2026_UAD_486279_1 | Construction of a CC road at Ward No. 02 Shiv-murat Prajapati house to DK Singh house and in front of Vibha Kumari Rathore house. | 60 दिवस 10.48 लाख | 2000/- एवं 7800/- | 02.04.2026 05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.

**जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित**
कार्यालय दक्षिण (सा.) वनमण्डल, बालाघाट
E-mail : dfotsbghat@mp.gov.in

**विज्ञापन सूचना**

**समिति प्रबंधक के पद पर भर्ती हेतु**

जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्या. दक्षिण (सा.) सामान्य वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति क्रमशः धनसुआ, लालबर्रा, जरेरा, बटकरी, बम्हनवाड़ा, गोरेघाट, रिसेवाड़ा एवं लौगुर में **प्रबंधकों के रिक्त पद पर** प्रबंधक सेवा (नियोजन, निबंधन तथा कार्य स्थिति) नियम में अध्याय 2-भर्ती नियम के तहत भर्ती की जाना है। अभ्यर्थी, प्रबंधक भर्ती हेतु आवेदन पत्र **दिनांक 10.03.2026 से 25.03.2026 तक समय दोपहर 12 बजे तक** संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं एवं निर्धारित आवेदन पत्र पर अपना पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र मय अभिलेख सीलबन्द लिफाफा में संबंधित वन परिक्षेत्र कार्यालय में **जमा करने की तिथि व समय 10.03.2026 से 25.03.2026 को दोपहर 03.00 बजे तक** निर्धारित है एवं निर्धारित अर्हता/शर्तें/आवेदन फार्म/पारिश्रमिक विवरण, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के वेबसाइट **http://www.mpforest.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/124751/2026   **व.म.अ. एवं पदेन प्रबंध संचालक**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सुगम्य भारत अभियान अंतर्गत कामठी स्टेशन पर लिफ्ट के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना**

सीपीएम, जीएसयू , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-44-NAG-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के कामठी (KP) स्टेशन पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्ट के प्रावधान के लिए शेष सिविल कार्यों का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 45,31,669/-
**बयाना राशि:** ₹ 90,600/-
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **23.03.2026** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे.
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है ।
**उप मुख्य अभियंता-जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
MS/78-338
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

निम्न लिखित निविदा के लिए शुद्धिपत्र संख्या–2 जारी किया गया है. कृपया पश्चिम मध्य रेलवे के वेब साईट "http://ireps.gov.in" पर देखें. **शुद्धि पत्र संख्या :** शुद्धि पत्र संख्या–2, **निविदा सं. :** पमरेटीपी 2026511, **संक्षिप्त विवरण :** थिक वेब स्विच, वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग, पीएससी स्लीपर और सभी फास्टनिंग्स के साथ 1:12 कैंटेड टर्नआउट की डिजाइनिंग, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और फील्ड परीक्षण, लीड रेल, भारतीय रेलवे मानक (आईआरएस) प्रकार के प्वाइंट के साथ संगत बैक ड्राइविंग असेंबली आईआर पर मशीन, जिसमें 'प्वाइंट मशीन, रॉडिंग और क्लैंप लॉक' को छोड़कर, पूरी व्यवस्था के साथ आवश्यकतानुसार सभी फिटिंग, फास्टनिंग्स, फिक्स्चर, स्ट्रेचर बार आदि शामिल हैं, जो आरडीएसओ द्वारा जारी निर्धारित आवश्यकताओं यानी कार्यात्मक आवश्यकताओं और विशिष्टताओं को पूरा करना और परीक्षण करना। **निविदा खुलने की संशोधित तारीख :** 23.03.2026 को 15.30 PM निविदा का शुद्धिपत्र को IREPS वेबसाइट https://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।
हस्ता.
उप मुख्य इंजिनियर/रेल पथ आपूर्ति
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र. जबल–एल–टी–न 42–2025 R दिनांक 18.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** (1) CORE विल्डिंग और (ii) GM बिल्डिंग और PREM बिल्डिंग में एयर कंडीशनिंग प्लांट की व्यवस्था, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में) :** Rs. 65414465.26, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में) :** 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है। :** वरि मंडल विद्युत अभियंता /सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** Rs 477100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 12/03/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 12/03/2026, **निविदा सूचना क्रमांक :** निविदा सूचना क्र जबल–एल–टी–न 61–2025 दिनांक 23.02.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** (1) मौजूदा श्रेणी "सी" आरटीजेड स्टेशन के इनडोर और आउटडोर गियर को विद्युत उपकरणों से बदलना, साथ ही एस एंड टी सेवा भवन को आयु–सह–स्थिति के आधार पर बदलना (ii) मुख्यालय/डबल्यूसीआर में पीसीएसटीई सम्मेलन हॉल और जोनल आपदा कक्ष में सुविधाओं का संवर्धन और उन्नयन करना, और (iii) एचडीयू–एनएसडब्ल्यूपी स्टेशन के बीच डवल लाइन पर, जिसमें तीसरी लाइन भी शामिल है, आईबीएस का प्रावधान करना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में) :** 1818001.74, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये में) :** 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता है। :** वरि.मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि रुपये :** Rs 36400.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष) :** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 17/03/2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15.30 बजे तक) :** 17/03/2026 निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेव साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेव साइट से डाउन लोड की जा सकती है।
(हस्ता.)
वरि मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# नीतीश की नई पारी, बिहार में बदलाव का आगाज

बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़े बदलाव के संकेत दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय से राज्य की राजनीति के केंद्र में रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र की राजनीति में जाने से बिहार में भी बदलाव का आगाज होगा। गुरुवार को उन्होंने राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। यह केवल एक पद परिवर्तन भर नहीं होगा, बल्कि बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत भी हो सकती है। खास तौर पर यह बदलाव उनकी राजनीतिक विरासत और राज्य की सत्ता संरचना दोनों को प्रभावित करने वाला होगा। उनके राज्यसभा में जाने से बिहार में उनके उत्तराधिकारी को लेकर भी नई तस्वीर सामने आ सकती है। राजनीतिक हलकों में यह कयास लगाया जा रहा है कि उनके पुत्र निशांत कुमार सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। माना जा रहा है कि यह उनके सार्वजनिक राजनीतिक जीवन की औपचारिक शुरुआत होगी। कई विश्लेषकों का मानना है कि उन्हें बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी जा सकती है, जिससे वे धीरे-धीरे प्रशासनिक और राजनीतिक अनुभव हासिल कर सकें। यह संभावना बिहार की राजनीति में इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि नीतीश कुमार ने हमेशा परिवारवाद की राजनीति का विरोध किया है। विशेष रूप से उन्होंने कई मौकों पर राष्ट्रीय जनता दल और उसके नेतृत्व पर परिवारवाद के आरोप लगाए हैं। ऐसे में यदि उनके बेटे की राजनीति में एंट्री होती है तो यह स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बनेगा। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि यह प्रक्रिया धीरे-धीरे और राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप होती है, तो इसे सीधे तौर पर पारंपरिक परिवारवाद की श्रेणी में रखना भी आसान नहीं होगा। नीतीश की राजनीतिक यात्रा भी अपने आप में काफी दिलचस्प रही है। वे उस पीढ़ी से आते हैं जिसने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से प्रेरणा लेकर राजनीति में कदम रखा था। उस दौर की राजनीति का मुख्य आधार वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और प्रशासनिक शुचिता था। नीतीश ने भी लंबे समय तक खुद को इसी छवि के साथ स्थापित करने का प्रयास किया। उम्र बढ़ने के साथ प्रशासनिक जिम्मेदारियों का दबाव और लगातार सक्रिय राजनीति में बने रहने की कठिनाई भी एक बड़ा कारक बन जाती है। यही वजह है कि यदि नीतीश केंद्र की राजनीति की ओर रुख कर रहे हैं तो इसे उनके राजनीतिक अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर उपयोग करने की रणनीति के रूप में भी देखा जा सकता है। साथ ही यह निर्णय उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक संतुलन, दोनों के लिहाज से व्यावहारिक माना जा सकता है। दूसरी ओर, बिहार की सत्ता व्यवस्था में भी इसके दूरगामी प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। अब मुख्यमंत्री पद को लेकर भी नए समीकरण बन सकते हैं। ऐसी स्थिति में भाजपा की भूमिका काफी अहम हो जाएगी, क्योंकि मौजूदा राजनीतिक गठबंधन में उसकी स्थिति मजबूत है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भविष्य में बिहार का मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है, जबकि जदयू के हिस्से में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी आ सकती है। हालांकि इस संभावित बदलाव के साथ चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। जनता दल (यू) के समर्थकों और कार्यकर्ताओं के बीच भावनात्मक स्तर पर एक खालीपन महसूस किया जा सकता है, क्योंकि नीतीश कुमार लंबे समय से पार्टी और सरकार दोनों के केंद्रीय चेहरे रहे हैं। उनके बिना पार्टी को अपनी पहचान और संगठनात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए नई रणनीति बनानी होगी।



त्रासदी
मनोज कुमार अग्रवाल

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

# युद्ध, अशांति, अराजकता के दौर में दुनिया

विश्व हिंसा और अशांति के दौर से गुजर रहा है। दुनिया के बड़े भूभाग पर अशांति और ताकतवर देशों की अराजकता बढ़ रही है। कहीं सीधी जंग में मिसाइल हमले और एयरस्ट्राइक की जा रही हैं तो कहीं प्रॉक्सीवार के जरिए टकराव हो रहा है। युद्ध मानव सभ्यता के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक होता है। विस्फोट, रासायनिक हथियार और भारी सैन्य गतिविधियां प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर देती हैं। भूमि बंजर हो जाती है और जल स्रोत प्रदूषित हो जाते हैं। बता दें कि 24 फरवरी 2022 से रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध और इसी साल 7 मई को भारत-पाकिस्तान के बीच सीमित सैन्य संघर्ष के बाद अब इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में परिस्थितियां गंभीर और जटिल बनी हुई हैं। इस समय दोनों देशों के बीच तनाव चरम सीमा पर है और दोनों देशों की सेनाएं प्रत्यक्ष सैन्य आक्रमणों में उलझी हुई हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध और अब अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध का संघर्ष यह दर्शाते हैं कि युद्ध का दंश सीमाओं से परे जाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था और शांति को बुरी तरह प्रभावित करता है।

इसे हाल ही में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध शुरू की गई भारी सैन्य कार्रवाई ने और बढ़ा दिया है। अब तक ईरान में ही इस युद्ध के कारण 555 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इस जंग में हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी के मुताबिक, ईरान में 780 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं। इनमें कथित तौर पर एक स्कूल पर हुए अमेरिका-इजराइल के हमले में मारी गईं 165 लड़कियां और स्टाफ भी शामिल हैं। युद्ध के कारण शरणार्थियों की समस्या भी उत्पन्न होती है जो अन्तराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय संकट का रूप ले लेती है। यह भी विडंबना है कि युद्ध प्रायः सत्ता, वर्चस्व और वैचारिक मतभेदों के कारण होते हैं जबकि युद्ध की कीमत आम जनता चुकाती है।

आज के परमाणु और अत्याधुनिक हथियारों के युग में युद्ध का अर्थ केवल सीमित संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक विनाश हो सकता है। विश्व भर में जारी कुछ अन्य युद्धों का सिलसिला जारी है। आपको बता दें कि 2014 से जारी 'यमन' के गृह युद्ध में लाखों लोग प्रभावित और हजारों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। यह गृह युद्ध यमन के पूर्व और वर्तमान राष्ट्रपतियों के वफादार गुटों के बीच चल रहा है। 'यमन' की राजधानी 'सना' स्थित 'होऊथी' योद्धाओं जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह' के वफादार योद्धाओं का समर्थन प्राप्त है, और 'अदन' में स्थित 'मंसूर हादी' की सरकार के बीच यह युद्ध चल रहा है।

21 फरवरी, 2026 को 'होऊथी' सेनाओं द्वारा राजधानी सना में हादी को उनके आवास पर नजरबंद करने के एक महीने बाद ही हादी वहां से भाग निकलने में सफल रहे और अदन आ गए। उन्होंने कहा कि होऊथी अधिग्रहण अवैध था और वह अब भी यमन के संवैधानिक राष्ट्रपति हैं। उधर इथोपिया में 2020 में



तत्कालीन प्रधानमंत्री 'अबी अहमद' द्वारा विपक्षी पार्टी एल.पी.टी.एफ. के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई के कारण शुरू हुए गृह युद्ध से लाखों लोग विस्थापित हुए और सैकड़ों लोग मारे गए। हालांकि नवम्बर, 2022 में हुए शांति समझौते के बाद झगड़े कम हुए हैं परंतु तनाव अभी बना हुआ है। म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 को वहां के मिलिट्री 'जुंटा' ने 'आंग सान सू की' की सरकार का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके तुरंत बाद ही 'जुंटा' कहलाने वाले सैन्य शासकों का भी विरोध शुरू हो गया और इसने एक भीषण गृहयुद्ध का रूप ले लिया है। इस खूनी गृहयुद्ध में पिछले 5 वर्षों के दौरान 73,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। 24 फरवरी, 2022 से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पांचवें वर्ष में दाखिल हो चुका है।

इस युद्ध में अंतरराष्ट्रीय अनुमानों के अनुसार दोनों पक्षों के सैनिकों और नागरिकों को मिलाकर लाखों लोगों की मौत तथा लाखों लोग घायल और विस्थापित हुए हैं। 7 अक्तूबर, 2023 को इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जमीन, राजनीतिक स्वामित्व और धार्मिक दावों से सम्बन्धित दशकों पुराना विवाद हमास द्वारा इजराइल पर बड़ा हमला किए जाने के बाद अधिक तेजी से भड़क उठा। दोनों पक्ष एक-दूसरे की भूमि पर कब्जे और एक-दूसरे पर परस्पर सुरक्षा खतरे के आरोप लगाते आ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार इजराइली हमलों के कारण गाजा का बड़ा हिस्सा बुरी तरह तबाह हो चुका है। इसके पुनर्निर्माण में 20 वर्ष से भी अधिक समय लगने का अनुमान है।

इस संघर्ष में हजारों लोग मारे गए हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा विवाद तेज हुआ है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान की जमीन से आतंकी संगठन पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं और इन हमलों में कई पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। अफ्रीकी देश 'सुडान' भी 'सूडानी सशस्त्र सेनाओं' (एस.ए.एफ.) तथा अर्द्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' (आर.एस.एफ.) के बीच 2023 से जारी युद्ध के कारण इतिहास के सर्वाधिक उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रहा है। इस कारण यहां की जनता पूरी तरह तबाह और बर्बाद हो गई है और उसकी मुसीबतों को गरीबी आदि ने और भी बढ़ा दिया है तथा लगभग 2 लाख 80 हजार लोग अपने घर छोड़ कर दूसरे स्थानों को जा चुके हैं। उक्त सारे संघर्ष वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। कुल मिलाकर आज विभिन्न देशों के नेताओं की सत्ता की भूख और निजी स्वार्थों के कारण दुनिया 'बारूद के ढेर' पर बैठी नजर आ रही है।

युद्ध की विभीषिका हमें यह सिखाती है कि हिंसा कभी समाधान नहीं हो सकती। मानवता का वास्तविक विकास शांति, सहयोग और पारस्परिक सहयोग में ही निहित है। यदि विश्व समुदाय ने इतिहास से सबक नहीं लिया, भविष्य और भी भयावह हो सकता है। समय की मांग है कि राष्ट्र अपने मतभेदों को संवाद के माध्यम से सुलझाएं और विश्व शांति को सर्वोपरि रखें। यदि अभी भी उन्होंने सबक न सीखा तो आजकल के हथियार पहले से बेहतर होने के कारण तीसरे विश्व युद्ध की स्थिति में नुकसान पिछले विश्व युद्धों में हुए नुकसान से कहीं अधिक होगा और मानवता त्राहि-त्राहि कर उठेगी।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# छत्रपति शिवाजी : दुर्गों के सम्राट, जनमन के देवता

भारतीय इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था। उन्होंने दासता की बेड़ियों को काटकर आने वाली पीढ़ियों के मानस में आत्मसम्मान और राष्ट्रवाद का वह अक्षय दीप प्रज्ज्वलित किया, जो आज भी अडिग है। भारतीय परंपरा में महापुरुषों की जयंती अक्सर हिंदू पंचांग की तिथि के अनुसार भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार शिवाजी महाराज का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया 6 मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर 6 मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहीं है, बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है। शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थीं। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थीं। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था। किशोरावस्था में ही शिवाजी ने यह समझ लिया था कि विदेशी और अन्यायपूर्ण शासन के अधीन रहकर जनकल्याण संभव नहीं। मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया। 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1674 में रायगढ़ किले में उनका भव्य राज्याभिषेक हुआ और वे 'छत्रपति' की उपाधि से अलंकृत हुए। यह केवल एक राजतिलक नहीं था बल्कि पराधीन मानसिकता के विरुद्ध स्वतंत्रता का औपचारिक उद्घोष था। आज जब हम शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर उन्हें स्मरण करते हैं तो यह केवल अतीत की वीरता को दोहराने का क्षण नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए दिशा ग्रहण करने का अवसर है। शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियां भी महान नेतृत्व को जन्म दे सकती हैं और स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं बल्कि सांस्कृतिक आत्मगौरव और नैतिक साहस का नाम है तथा सच्चा शासक वही है, जो अपनी प्रजा के सुख-दुख को अपना समझे। छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन भारतीय अस्मिता का अमर प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व इतिहास के पृष्ठों में सीमित नहीं है बल्कि जनमानस में जीवंत है।

( लेखिका शिक्षका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग बहुमूल्य उपहार



संकलित
**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए। बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि, भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।

## ईमानदारी और आत्म सम्मान



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुंचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट खरीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत खुश था। बोला, अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया, उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बजट में महंगाई को तवज्जो नहीं

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने प्रदेश के बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए महिला कल्याण के लिए 28,183.06 करोड़ आवंटित किए हैं। हालांकि, इस बजट में महंगाई व रसोई को तवज्जो नहीं दी गई, जबकि यह अत्यंत जरूरी था। बजट में महंगाई पर लगाम लगाए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। रही बात, महिला सशक्तीकरण की तो वह योजनाएं धरातल पर उतरने पर ही इनकी सार्थकता है। महिलाओं की सुरक्षा के साथ रोजगार के भी प्रावधान जरूरी हैं। इस मामले में नए महिला थाने व एंटी टेररिस्ट स्क्वायड में महिला कमांडो को शामिल करना सराहनीय कदम है।

–रूहिश, रोहतक

## ट्रेंड

### भारत-यूरोप संबंध



आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर वेस्ट एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं।
**- किरण रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री**

### फिनलैंड से समझौता



फिनलैंड भारतीय छात्रों और प्रतिभाओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। दोनों देशों के इनोवेशन इकोसिस्टम को जोड़ने के लिए आज हमने फिनलैंड के साथ एक व्यापक प्रवासन और गतिशीलता समझौता किया है।
**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### तेल आपूर्ति खतरे में



भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### कांग्रेस ने वादे नहीं निभाए



कांग्रेस ने 2024 में भी संभावित प्रत्याशियों से पैसे लिए और टिकट न मिलने पर कई के पैसे वापस नहीं किए। इस बार भी वही खेल दोहराया जा रहा है। जो पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं से किए वादे नहीं निभा पाती, वह जनता की उम्मीदों को कैसे पूरा करेगी?
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

## करंट अफेयर

# युद्ध से इज़राइल को हर हफ्ते 3 अरब डॉलर का नुकसान

**यरुशलम।** ईरान के साथ जारी युद्ध के कारण आर्थिक गतिविधियों पर मौजूदा प्रतिबंधों के चलते इज़राइल को हर सप्ताह लगभग 9.4 अरब शेकेल (करीब तीन अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान होने की संभावना है। इज़राइली वित्त मंत्रालय ने यह चेतावनी दी है। "टाइम्स ऑफ इजराइल" की एक खबर के अनुसार, वित्त मंत्रालय के महानिदेशक इलान रोम ने होम फ्रंट कमांड प्रमुख मेजर जनरल शाई क्लैपर को भेजे पत्र में आर्थिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने का आग्रह किया है ताकि बृहस्पतिवार से कारोबार और कार्यस्थलों को आंशिक रूप से चरणबद्ध तरीके से खोला जा सके। रोम ने पत्र में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के अनुरूप रक्षा नीति बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्था को बंद रखने से भारी आर्थिक लागत उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो घरेलू सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्था की जरूरतों को भी ध्यान में रखे। रोम ने यह भी उल्लेख किया कि पिछले ढाई वर्षों से सुरक्षा जरूरतों में बढ़ोतरी और युद्ध के प्रभावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पहले ही भारी आर्थिक दबाव झेल रही है। इज़राइल और अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ संयुक्त सैन्य अभियान शुरू किए जाने के तुरंत बाद इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड ने पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।



## ऑफ बीट

# अमेरिका में पहली बार गांधी की प्रतिमा का अनावरण

**न्यूयॉर्क/सिएटल।** अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया। इस कार्यक्रम में मोंटाना राज्य के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें मोंटाना विश्वविद्यालय के संकाय और छात्र, साथ ही 'मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल' के सदस्य शामिल थे। बाद में शाम में मोंटाना विश्वविद्यालय के छात्रों ने भारत के रंगों के त्योहार - 'होली' को मनाने वाले एक अन्य अनूठे कार्यक्रम में भाग लिया।



**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




लेबनान। बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह में इज़राइली हवाई हमलों के बाद उठता धुआं। इससे आसपास कोहराम मच गया।




ईरान। तेहरान में अमेरिकी-इजरायली मिलिट्री कैंपेन के दौरान लोगों के लिए मौलवी वॉलंटियर्स के एक ग्रुप के साथ प्रार्थना करते हुए।

4 दिन में भारतीय एयरलाइंस की 1117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द

# इजराइल-ईरान जंग, भारतीय विदेश मंत्रालय ने बनाया स्पेशल कंट्रोल रूम, जेद्दा से अहमदाबाद 200 यात्री आए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/तेहरान

अमेरिका - ईरान जंग विश्व युद्ध की आहट

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें भारतीय नागरिकों के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकार दी। इधर, जंग से बने विपरीत हालातों के चलते मिडिल ईस्ट के देशों से भारतीयों का लौटना जारी है।

मंगलवार देर रात जेद्दा, दुबई से कई भारतीय दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुए। भारत आने पर लोगों ने कहा कि अपने देश वापस आकर अच्छा लग रहा है। ईरान ने जंग के कारण दुनिया का सबसे अहम होर्मुज रूट (समुद्र का रास्ता) बंद कर दिया है। इसके चलते भारतीय झंडे वाले 37 जहाज और उनमें सवार 1,109 भारतीय नाविक वर्तमान में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के 8 देशों ने एयरस्पेस पूरी तरह बंद कर दिए हैं। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक भारतीय एयरलाइंस ने 1,117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द की हैं। इससे हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। खामेनेई की मौत के कुछ ही घंटों के अंदर, पाकिस्तान में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कराची में अमेरिकी कॉन्सुलेट पर धावा बोलने की कोशिश की और इस्लामाबाद में डिप्लोमैटिक इलाके के बाहर पुलिस से भिड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प में कम से कम 34 लोग मारे गए। 120 से ज्यादा घायल हुए हैं।



## श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत पर पनडुब्बी से हमला, 32 लोग घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग को पांच दिन हो चुके है। श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत पर पनडुब्बी से हमला हुआ है। श्रीलंका नेवी के मुताबिक जहाज से कई शव बरामद हुए हैं। हमले में 32 घायल हैं, जबकि कई लापता बताए जा रहे हैं। समुद्र में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नेवी प्रवक्ता के अनुसार घायलो को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआत में नेवी ने बताया था कि हमले के बाद 101 लोग लापता और 78 घायल हुए हैं, लेकिन बाद में प्रवक्ता ने साफ किया कि पहले जारी किए गए आंकड़े सही नहीं थे।

- समुद्र में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा

## एअर इंडिया की यूएई व सऊदी की फ्लाइट 4 मार्च तक ससपेंड

*एयर इंडिया ने भी यूएई, सऊदी अरब, इज़राइल और कतर के लिए अपनी अधिकांश उड़ानों के निलंबन को 4 मार्च रात 11.59 बजे तक बढ़ा दिया है। एयरलाइन के मुताबिक, क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और यात्रियों व क्रू की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, एयर इंडिया की उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप जाने वाली उड़ानें तय समय के अनुसार चल रही हैं। ये सेवाएं मध्य पूर्व के उपलब्ध एयरस्पेस से वैकल्पिक रूट के जरिए संचालित की जा रही हैं। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था, पूरा रिफंड या मुफ्त रीशेड्यूलिंग की सुविधा देने की बात कही है और यात्रियों को अपनी उड़ान की स्थिति एयरलाइन की वेबसाइट या कस्टमर हेल्पलाइन से जांचने की सलाह दी है।*



## तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट पर 31 उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन लगातार प्रभावित है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार कल 31 उड़ानें रद्द की गईं थी। एयरपोर्ट द्वारा जारी ऑपरेशनल अपडेट के मुताबिक, रद्द की गई उड़ानों में 16 आने वाली (आगमन) और 15 जाने वाली (प्रस्थान) उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई एयरलाइंस ने अपने शेड्यूल में बदलाव किए हैं। इस बीच, कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे भारतीय यात्रियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में हालात को लेकर घबराहट जैसी स्थिति नहीं है और सरकार की मदद से स्थिति नियंत्रण में है।



## ईरान का दावा- 2 दिन में 650 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए

*ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके जवाबी हमलों में पहले दो दिनों के अंदर करीब 650 अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह जानकारी चीनी न्यूज एजेंसी शिनहुआ ने दी है। आईआरजीसी के प्रवक्ता के मुताबिक, ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के हेडक्वार्टर और सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए। ईरान ने यह भी दावा किया कि उसके मिसाइल हमलों से एक अमेरिकी सैन्य जहाज को भारी नुकसान पहुंचा।*

## राजस्थान के युवक की ईरान के हमले में मौत, क्रूड ऑयल टैंकर पर गिरी थी मिसाइल, तीन दिन से शव ढूंढ़ रही एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान की वॉर में राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। नागौर जिले का रहने वाला युवक क्रूड ऑयल कंपनी के शिप पर जॉब करता था। जानकारी के अनुसार 1 मार्च की सुबह ओमान के एक पोर्ट पर ईरान की मिसाइल उनके जहाज पर गिरी थी। हादसे में शिप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दलीप शिप के अगले हिस्से में पायलट आशीष कुमार के साथ थे। आशीष बिहार के रहने वाले थे, जिनका शव मिल गया है। वहीं, दलीप के बॉडी अभी नहीं मिली है।



दलीप सिंह

### खासब पोर्ट पर खड़ा था शिप

हमले के समय जहाज खासब पोर्ट पर खड़ा था। कंपनी के अनुसार हमले के दौरान अधिकांश क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन कैप्टन आशीष समेत 2 अन्य लोग मिसिंग हो गए थे। हमले के तीन दिन बाद बुधवार सुबह कंपनी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। इनमें नागौर के खींवताना के रहने वाले दलीप भी शामिल हैं। ये शिप स्काईलाइट कंपनी का था। शिप कंपनी और सुरक्षा एजेंसीज तीन दिन से उनकी बॉडी ढूंढ रही हैं। दलीप के भाई देवेंद्र सिंह ने बताया - दलीप सिंह पुत्र कानसिंह ने 22 जनवरी 2026 को मर्चेंट नेवी में ड्यूटी जॉइन की थी। वो ऑयल/केमिकल टैंकर में क्रू मेंबर थे।

## सेना ने नियंत्रण रेखा पर संदिग्ध आतंकवादियों पर गोलीबारी की

एजेंसी ▶▶ राजौरी/जम्मू

भारतीय सेना ने मंगलवार तड़के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने की कोशिश कर रहे संदिग्ध आतंकवादियों पर गोलीबारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों को तड़के करीब सवा चार बजे तुर्कंडी अग्रिम क्षेत्र से भारत की तरफ घुसपैठ करने की कोशिश करते देखा गया।

घुसपैठ करने की कोशिश करते देखा गया

### तलाश अभियान चलाया जा रहा



उन्होंने बताया कि नियंत्रण रेखा की रक्षा कर रहे सेना के जवानों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल करने के लिए गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है और एक व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले 19-20 फरवरी को, सेना के जवानों ने राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी थी और उस दौरान कुछ हथियार व गोला-बारूद जब्त किए गए थे।

## तोरखम सीमा पर पाकिस्तानी सेना के अभियान में टीटीए कमांडर मारा

*पेशावर (भाषा)। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तोरखम सीमा के पास पाकिस्तानी सेना ने एक अभियान में अफगान तालिबान के एक कमांडर को मार गिराया। पाकिस्तान के सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान अफगानिस्तान (टीटीए) के कमांडर की पहचान कहरमान के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार कहरमान और उसके सहयोगियों को मंगलवार देर रात उस समय मार गिराया गया, जब वे सीमा के पास पहुंचने का प्रयास कर रहे थे और सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक लिया। तोरखम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के बीच एक प्रमुख सीमा चौकी है। अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने समूह पर तोपखाने से हमला किया, जिससे आतंकवादियों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में कहरमान के कई साथी भी मारे गए।*

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने समूह पर तोपखाने से हमला किया

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का सीपीपीसीसी बैठक में स्वागत



ब्रीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ग्रेट हॉल ऑफ़ द पीपल में चाइनीज़ पीपल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) के उद्घाटन को संबोधित किया। इस दौरान शी ने सीपीपीसीसी के उद्घाटन सत्र में, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के वरिष्ठ नेताओं ने प्रतिनिधियों का अभिवादन स्वीकार किया। यह कार्यक्रम देश की एकदलीय, सत्तावादी राजनीतिक व्यवस्था के तहत नीतिगत दिशा तय करने के लिए होता है। यह एक पारंपरिक दृष्य है जहां नेता तालियों का जवाब देते हैं।

लगातार बदला रहा मौसम

## राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस, वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में बुधवार की सुबह हल्की गर्म रही जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक 15.7 डिग्री सेल्सियस रहा। स्टेशनवार आंकड़े के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 14.2 डिग्री सेल्सियस, रिज में 16.2 डिग्री सेल्सियस और आयानगर में 15.3 डिग्री सेल्सियस था।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिन के दौरान अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'मध्यम' श्रेणी में था।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

पांच मार्च को जन्मदिन पर लिए 5 संकल्प

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान चलाएंगे 'मामा कोचिंग' गरीब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री तैयारी कराएंगे

- *स्वागत में माला, गुलदस्ते-गिफ्ट की जगह पौधे*
- *विदिशा, रायसेन और भैरूंदा में पहला बैच जल्द शुरू होगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा, रायसेन और सीहोर जिले के भैरूंदा में मामा कोचिंग शुरू करेंगे। जहां विदिशा संसदीय क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग मिलेगी। इसमें मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं शामिल हैं। दरअसल, शिवराज ने 5 मार्च को अपने 66वें जन्मदिन पर 5 संकल्प लिए। ये पर्यावरण, सेवा, सहायता, शिक्षा और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े हैं। शिक्षा से जुड़े प्रण के तहत मामा कोचिंग में कंपटीटिव एग्जाम की तैयारी कराई जाएगी। कोचिंग ऑनलाइन भी होगी ताकि जो छात्र सेंटर तक नहीं आ पा रहे हैं, वे अपने घर पर रहकर इसका फायदा ले सकें। विदिशा, रायसेन और भैरूंदा में 100-100 स्टूडेंट्स का पहला बैच जल्द शुरू होगा। इसके लिए 5 मार्च से फार्म भरे जाएंगे। शिवराज ने अपने दोनों मंत्रालयों- केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय में यह परंपरा शुरू करा दी है कि विभागीय कार्यक्रमों में गुलदस्ते, शॉल और मोमेंटो के बजाय पौधे भेंट करके स्वागत करें। वे सरकारी और बीजेपी के कार्यक्रमों में भी यही नवाचार शुरू करने की अपील करेंगे। पौधे लगाने वाले लोग क्यूआर कोड के जरिए अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड करके शिव वृक्ष मित्र बन सकेंगे। शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह चौहान ने साल 2021 के कोरोनाकाल में भोपाल के लिंक रोड स्थित अपने सरकारी आवास पर 'संभावना' कोचिंग की शुरुआत की थी। इस कोचिंग में आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग फ्री कराई जाती है।



### आठों विधानसभाओं में मोबाइल हॉस्पिटल चलाएंगे

*केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में मोबाइल हॉस्पिटल (चलित अस्पताल) भी शुरू करेंगे। इनमें हमेशा डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेगा, जो बीमार लोगों की जांच कर उपचार मुहैया कराएगा। मोबाइल हॉस्पिटल की व्यवस्था सांसद निधि से होगी जबकि इसे चलाने के लिए जनसहयोग लिया जाएगा।*

### टॉपर्स का सम्मान

*शिवराज अपने संसदीय क्षेत्र के दिव्यांगों को खोजकर उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देंगे। इसकी शुरुआत वे विदिशा से कर चुके हैं। इसके अलावा वे विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में 10वीं और 12वीं में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड आने वाले टॉप थ्री स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे। इस प्रकल्प को उन्होंने प्रेम सुंदर प्रतिभा सम्मान नाम दिया है।*

# देशभर में होली की रही धूम : हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित तमाम नेताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रंगोत्सव







## खबर संक्षेप

### वृंदावन में होगा अग्रवाल वैश्य समाज का अधिवेशन

**भिवानी।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा 7 मार्च को वृंदावन में प्रदेश स्तरीय अधिवेशन आयोजित करेगा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सिंगला ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिवेशन में प्रदेशभर की 90 विधानसभाओं से समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने अपना पंजीकरण सुनिश्चित करवाया है। भारी संख्या में हुए पंजीकरणों को देखकर स्वतः ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस आयोजन के प्रति वैश्य समाज में कितना उत्साह है।

### प्लॉट विवाद में दंपति को पीटा, महिला का सिर फोड़ा

**सोनीपत।** प्लॉट विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर खून बहा। घर निर्माण के दौरान मजदूरी देने पहुंचे दंपति पर जानलेवा हमला किया गया। महिला के सिर में ईंट मारकर घायल करने, मारपीट करने और 7 हजार रुपये छीनने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बारोटा निवासी सुदर्शना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भाई-बंटवारे में मिले प्लॉट पर वे मकान निर्माण करवा रहे थे। जब वह और उनका पति मजदूरों को मजदूरी देने प्लॉट पर पहुंचे तो वहां पहले से जोगिन्दर पुत्र बलबीर, उसकी मां कमलेश, पत्नी सुधा, अंकुर पुत्र सुनील चौहान और रिंकू मौजूद थे। आरोप है कि सभी ने मिलकर उन पर हमला कर दिया।

### जुलाना नपा चेयरमैन डा. संजय निलंबित

**जींद।** रिश्वत मामले में जुलाना नगर पालिका के चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई लगभग छह माह पहले सामने आए रिश्वत प्रकरण के आधार पर की गई है। एसीबी द्वारा गिरफ्तार करने के बाद वे 38 दिन जेल में रह चुके। जानकारी के अनुसार, 16 अगस्त 2025 को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने डॉ. संजय जांगड़ा को 2 लाख 27 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने एक ठेकेदार का 91 लाख 20 हजार 454 रुपये का बिल पास कराने के बदले रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार की शिकायत पर एसीबी ने डॉ. जांगड़ा को गिरफ्तार किया था।

### ज्यादा मुनाफे का लालच देकर साइबर ठगों ने फंसाया, केस दर्ज

**झज्जर।** साइबर ठगों ने तालाव रोड निवासी प्रदीप कुमार को टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से उन्हें अपने जाल में फंसाया और लाखों रुपये की ठगी की। प्रदीप कुमार ने बताया कि वह मूल रूप से चरखी दादरी के भागवी गांव से हैं। वर्तमान में झज्जर में रहते हैं। पुलिस को बताया कि वह अगस्त में एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े थे। इस ग्रुप में निवेश पर भारी मुनाफे का दावा किया जा रहा था। ग्रुप के सदस्यों की बातचीत देखकर प्रदीप को यह एक आकर्षक निवेश का अवसर लगा। ठगों ने प्रदीप को बताया कि वे शेयर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन गेम्स और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश करते हैं।

**घुटनों पर अपराधी :** पुलिस ने कड़ा संदेश देने के लिए हत्यारोपी की सरेराह कराई परेड

# पंचकूला में नवविवाहित युवक की हत्या करने वाले लुटेरे को पकड़ा, एक फरार

**लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने की थी हत्या**
**शादी के मात्र 3 सप्ताह बाद ही उजड़ा सुहाग**

1. घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया
2. दीपक ने इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने उसके पेट में चाकू मार दिया था
3. दीपक सोमवार देर रात करीब 2 बजे बाइक पर सवार होकर कंपनी से घर लौट रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

लूट के लिए युवक की हत्या करने के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी को सबक सिखाने और अपराधियों को कड़ा संदेश देने के लिए उसे घुटनों के बल चलाया। आरोपी की पहचान बिहार के गोपालगंज निवासी रोशन के रूप में हुई है, जो पंचकूला के ढकौली में किराए पर रहता है। मृतक युवक भी ढकौली में ही रहता था। बताया जा रहा है कि रोशन ने अपने एक साथी के साथ मिलकर 2 मार्च की देर रात कंपनी से लौट रहे बाइक सवार युवक दीपक को लूटने की कोशिश की थी। जब युवक ने विरोध किया, तो दोनों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक पर चाकू से वार बुरी तरह से किया गया था। बता दें कि युवक की 10 फरवरी को ही शादी हुई थी। उसकी पत्नी होली पर अपने मायके गई हुई थी। पुलिस के मुताबिक, दीपक सोमवार देर रात करीब 2 बजे बाइक पर सवार होकर कंपनी से घर लौट रहा था। जैसे ही वह पंचकूला के सेक्टर-12 ए के पास पहुंचा, तभी पैदल आए 2 बदमाशों ने उसकी बाइक रुकवा ली। चाकू दिखाकर एक बदमाश दीपक के साथ लूट करने लगा। जब बदमाशों को दीपक के पास कोई कीमती सामान नहीं मिला तो आरोपी उससे मोबाइल छीनने लगे। दीपक ने इसका विरोध किया तो एक बदमाश ने उसके पेट में चाकू मार दिया। वे दीपक की बाइक वहीं छोड़कर फरार हो गए। दीपक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन खून ज्यादा बहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



**पंचकूला।** युवक की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी की घुटनों के बल परेड करवाई।



10 फरवरी को शादी हुई का फोटो।

### अमेठी का रहने वाला, 10 फरवरी को शादी हुई

मृतक दीपक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी का रहने वाला था। वह एक कॉल सेंटर में काम करता था। उसका परिवार करीब 15 साल से ढकौली में रह रहा है। दीपक की 10 फरवरी को अमेठी की रहने वाली काजल से शादी हुई थी। शादी के लिए दीपक का परिवार करीब 15 साल बाद अमेठी के बड़गांव गया था। 17 फरवरी को दीपक पत्नी के साथ पंचकूला लौटा था। 2 दिन पहले उसकी पत्नी होली के लिए मायके लौट गई थी, लेकिन उसे क्या पता था कि दो बदमाशों के लालच की वजह से उसकी होली बेरंग हो जाएगी।

### दूसरे आरोपी की तलाश वीरवार को कोर्ट में पेश करेंगे : पुलिस

सेक्टर-26 क्राइम ब्रांच के इंचार्ज दलीप सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी रोशन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को वीरवार को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा ताकि वारदात में प्रयुक्त हथियार और लूटा गया मोबाइल बरामद किया जा सके। मामले में दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# बैंक कर्मचारी बनकर साइबर ठगी करने वाला बिहार से गिरफ्तार

*नारनौंद निवासी के बैंक खाते से उड़ाए थे 1.32 लाख रुपये 25 हजार बरामद किए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हांसी पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। बैंक कर्मचारी बनकर एटीएम पिन हासिल करने वाले आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 25 हजार रुपये भी बरामद किए गए हैं। नारनौंद के कोथकलां निवासी एक युवक से हुई ठगी के मामले में यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत साइबर थाना हांसी में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार की टीम ने तकनीकी जांच और बैंक खातों की जांच के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। कोथकला निवासी शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बैंक से लोन लिया हुआ था और उसकी साप्ताहिक किश्त कटती थी। 23 मार्च 2025 को मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए साप्ताहिक किश्त को मासिक किश्त में बदलने का झांसा दिया और कहा कि इससे ब्याज कम लगेगा। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर प्रदीप से एटीएम पिन नंबर की जानकारी मांगी। झांसे में आकर प्रदीप ने अपना पिन साझा कर दिया। कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से 1 लाख 32 हजार 500 रुपये निकाल लिए गए। बाद में जब उन्होंने बैंक से संपर्क किया तो पता चला कि कॉल फर्जी थी और वह साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं।



### हांसी थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा

*प्रदीप की शिकायत के आधार पर साइबर थाना हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान, पुलिस टीम ने आरोपी राकेश, निवासी बिहार को बिहार राज्य से नियमानुसार गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई राशि में से 25 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अनजान कॉल पर बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, जैसे एटीएम पिन या ओटीपी, साझा न करें।*

### अमेरिका से युवक ने ताऊ को दी हत्या की धमकी, दो पर केस

**पानीपत।** पानीपत के मतलौडा निवासी एक व्यक्ति को उसके भतीजे ने अमेरिका से फोन कर जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते उसकी और उसके परिवार की हत्या की साजिश की जा रही है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर अमेरिका में रह रहे दो युवकों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रोर कलां व हाल में मतलौड़ा निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका सगा भतीजा अनिल कुमार अमेरिका में रह रहा है। अनिल उनके साथ पुरानी रंजिश रखता है। 3 मार्च की दोपहर करीब 2:53 बजे विक्रम के पास एक विदेशी नंबर से कॉल आई। विक्रम का आरोप है कि कॉल पर अनिल ने उन्हें और उनके पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। अनिल ने फोन पर कहा कि वह रणदीप मलिक नाम के व्यक्ति से उनकी गोली मारकर हत्या करवा देगा। परणदीप मलिक भी इस समय अमेरिका में ही मौजूद है।

**विश्वास के कत्ल के दो मामले**

# शादीशुदा महिला की गंदी वीडियो बना किया ब्लैकमेल

*एक जगह दुल्हन फरार तो दूसरी जगह प्रेमी ने दिया धोखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

एक शादीशुदा महिला को प्रेमजाल में फंसाकर युवक ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। ब्लैकमेल कर उसके साथ दुराचार किया। जब महिला ने रेप का केस दर्ज करवाया तो उसके साथ फर्जी कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद प्रताड़ना लगातार जारी रही। एक दिन युवक महिला के जेवर व पैसे लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने सेक्टर-37 थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और वीडियो जारी कर न्याय की गुहार लगाई है। सेक्टर-37 थाना एसएचओ मंजीत ने बताया कि उनके पास एक महिला से फर्जी शादी कर मारपीट करने और लूटने का मामला सामने आया है। आरोपी को जल्द पकड़ लेंगे।महिला ने शिकायत में बताया कि चार साल पहले अपने पड़ोसी के यहां बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान प्रदीप यादव नाम के व्यक्ति ने उसकी न्यूड वीडियो बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर रेप करने लगा। उसकी हरकतों से तंग आकर महिला ने औरया जिले के थाना दिवियापुर में रेप की धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया।

### कीमती सामान और नगदी लेकर फरार

महिला का आरोप है कि 21 फरवरी 2026 को बिना बताए उसका मंगलसूत्र, पायल, मोबाइल और 5500 रुपए नकद लेकर अपना सामान भी उठाकर भाग गया। महिला का कहना है कि उसने थाना सेक्टर 37 में शिकायत दी है, लेकिन अभी तक आरोपी को पकड़ा नहीं गया है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से प्रार्थना की है कि प्रदीप को तलाश कर सामान वापस दिलवाया जाए और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

**तकनीक** करनाल में दो कार चोरों को पकड़ते वक्त मचा हड़कंप

# कार में लगे जीपीएस से चोरों का पीछा कर गाड़ी की बंद

- कार चोरी का एक आरोपी खुद को फंसता देखकर फैक्ट्री में कूदा, गेट के ऊपर से कूदकर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पुलिस ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए एक कार चोर गिरोह का खुलासा किया। गाड़ी में लगे जीपीएस सिस्टम के जरिए गाड़ी की लोकेशन मिलती रही और बीच रास्ते जीपीएस के माध्यम से ही गाड़ी को बंद कर दिया गया। खुद को फंसता हुआ देख एक आरोपी फैक्ट्री में घुस गया, जहां से पुलिस ने उसे पकड़कर बाहर निकाला। दोनों आरोपियों को थाने ले जाया गया है। मेरठ रोड पर इस दौरान हड़कंप मच गया।

पीड़ित गाड़ी मालिक ने बताया कि बजीदा जाटान में पेट्रोल पंप के आगे से उसकी गाड़ी चोरी की गई थी। सूचना मिलते ही उन्होंने पीछा किया, लेकिन तब तक आरोपी आगे निकल चुके थे। गाड़ी में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ था, जिससे लगातार लोकेशन ट्रैक हो रही थी। इसकी जानकारी पुलिस को भी दी जा रही थी।



### मालिक और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची

मालिक ने बताया कि उन्होंने जीपीएस के माध्यम से गाड़ी को स्विच ऑफ कर दिया, जिससे गाड़ी रुक गई। आरोपियों को भागने से रोकने के लिए कुछ देर बाद दोबारा स्विच ऑन किया गया। थोड़ी दूरी तय करने के बाद फिर से गाड़ी बंद कर दी गई। इसी दौरान मालिक और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई।

### फैक्ट्री में घुसा आरोपी

मालिक के अनुसार पुलिस और उन्हें आता देखकर एक आरोपी मेरठ रोड स्थित एक फैक्ट्री में घुस गया। फैक्ट्री का गेट बंद था। ऐसे में पुलिसकर्मियों ने आरोपी को उठाकर गेट के दूसरी तरफ उतारा और काबू कर लिया। दूसरा आरोपी भी वहीं से पकड़ लिया गया।

**नशे में थे दोनों आरोपी :** गाड़ी मालिक का कहना है कि दोनों आरोपी नशे में धुत्त थे और गाड़ियों को उत्तर प्रदेश की तरफ ले जा रहे थे। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### शादी के छह माह बाद दुल्हन जेवर व नकदी लेकर फरार

**सिरसा।** क्षेत्र में शादी के बाद दुल्हन के फरार होने का एक और मामला सामने आया है। पंजाब की रहने वाली एक दुल्हन शादी के बाद फरार हो गई। आरोप है कि दुल्हन घर से जेवर व कैश भी ले गई। परिजनों ने उसके घर न लौटने पर सारा सामान संभाला तो चोरी का भी पता चला। उसके मायके में पता किया तो उन्होंने जानकारी न होने की बात कही। ऐसे में परिवार का शक है कि कोई विवाहिता को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। मामले में पुलिस ने परिजनों के बयान पर एफआईआर दर्ज कर ली है। विवाहिता की उम्र करीब 21 साल है। पुलिस को दी शिकायत में ऐलनाबाद के गांव चिलकनी ढाब की महिला ने बताया कि उसके बेटे की शादी 13 अगस्त 2025 के पंजाब के लुधियाना से एक गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के बाद उन्होंने उपहार स्वरूप में पुत्रवधू को करीब चार तोले सोने के गहने, 25 तोला चांदी जेवरात व अन्य सामान दिया था। 26 फरवरी को सुबह उसकी पुत्रवधू घर से ये कहकर गई थी कि वह अपने मायके लुधियाना जा रही है। वह अपने साथ सभी सोना-चांदी के जेवर व 5 हजार रुपये की नकदी ले गई। बाद में उसका खुद का फोन बंद आ रहा है। जब उन्होंने उसके मायके में संपर्क किया, तो उन्होंने कहा-वह यहां नहीं पहुंची है। तब से उसका मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। उन्होंने उसकी काफी तलाश की, पर कोई पता नहीं चला है।

- चार तोले सोने व 25 तोले चांदी के जेवरात और पांच हजार नकदी ले गई

# 4 साल में पहली बार गायब हुए सूर्य के धब्बे, क्या पृथ्वी के लिए है किसी बड़े खतरे का संकेत

**वॉशिंगटन।** पिछले 4 सालों में पहली बार हमारा सूरज पूरी तरह से स्पॉटलेस यानी बेदाग हो गया है। जिस सूरज की सतह पर हमेशा काले धब्बे और सोलर फ्लेयर दिखाई देते थे, वह अब एक चमकती हुई पीली गेंद जैसा साफ दिख रहा है। लेकिन, क्या सूरज का यह साफ-सुथरा होना हमारे लिए अच्छी खबर है? या फिर यह किसी बड़े खतरे की आहट है? स्पेस से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। पिछले 4 सालों में पहली बार हमारा सूर्य पूरी तरह स्पॉटलेस हो गया। इसका मतलब सूरज की सतह पर दिखने वाले वे काले धब्बे, जिन्हें हम सनस्पॉट्स कहते हैं, पूरी तरह गायब हो चुके हैं। सूरज का यह शांत चेहरा जितना सुंदर दिख रहा है, वैज्ञानिक उसके पीछे छिपे उतने ही गहरे मायने खोज रहे हैं।

### क्या होते हैं ये सनस्पॉट्स?

सूरज की सतह पर जो काले धब्बे दिखते हैं, उन्हें सनस्पॉट कहा जाता है। ये धब्बे सूरज की तेज चुंबकीय हलचल के कारण बनते हैं। जब सूरज ज्यादा सक्रिय होता है तो ऐसे धब्बों की संख्या बढ़ जाती है। लेकिन, अब अचानक कुछ समय के लिए ये धब्बे गायब हो गए हैं।



### क्या सूरज कमजोर हो रहा है?

वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। नासा के अनुसार, सूरज लगभग 11 साल के एक चक्र से गुजरता है। इस दौरान कभी उसकी एक्टिविटी बढ़ती है, तो कभी कम हो जाती है। जब इसकी एक्टिविटी बढ़ती है तो उसे सौर अधिकतम और जब कम होती है तो उसे सौर अधिकतम कहा जाता है। 4 साल तक लगातार सक्रिय रहने और सौर भड़काव फेंकने के बाद, अब सूरज शायद अपनी शांत मुद्रा में जा रहा है। यही कारण है कि 1 मार्च 2026 को ली गई तस्वीरों में सूरज एक चमकती हुई पीली गेंद जैसा नजर आया, जिस पर एक भी निशान नहीं था। हालांकि, यह शांति कितने दिन रहेगी, यह अभी साफ नहीं है।

### धरती पर क्या असर पड़ेगा?

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका तुरंत कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। सूरज के धब्बों का संबंध स्पेस के मौसम से होता है। जब सूरज ज्यादा सक्रिय होता है, तब सोलर फ्लेयर और तेज कण अंतरिक्ष में फैलते हैं। इनसे सैटेलाइट, जीपीएस और रेडियो सिग्नल प्रभावित हो सकते हैं। अभी सूरज के शांत होने का मतलब है कि ऐसे खतरों की संभावना कुछ समय के लिए कम हो सकती है। लेकिन वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं, क्योंकि सूरज का मिजाज कब बदल जाए, कहना मुश्किल है।

## सच हो गई नास्त्रेदमस की भविष्यवाणी!

# ईरान-इजरायल जंग तो है महज झलक अभी और खून से लाल होगी दुनिया

**पेरिस।** फ्रांसीसी भविष्यवक्ता नास्त्रेदमस ने अपनी 400 साल पुरानी किताब 'लेस प्रोफेसीज' में साल 2026 को लेकर ऐसी खौफनाक भविष्यवाणियां की हैं, जो किसी के भी रोंगटे खड़े कर सकती हैं। 9/11 आतंकी हमले और कोविड-19 जैसी सटीक भविष्यवाणियां करने वाले नास्त्रेदमस के अनुसार, 2026 में तीसरे विश्व युद्ध की आग भड़क सकती है। इसकी झलक तो ईरान-इजरायल जंग में ही दिख गई है। इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले से पश्चिमी एशिया कांप उठा है, जिससे इनकी भविष्यवाणी सच साबित होती दिख रही है। यूरोप को लेकर इनकी भविष्यवाणी सच होती दिख रही है, तो दुनिया एक बड़े तनाशाह के उदय पर भी इनकी बात सच हो रही है।

### किताब में सैकड़ों भविष्यवाणियां हैं दर्ज

लगभग 400 साल पहले (1555 में) एक फ्रांसीसी चिकित्सक द्वारा लिखी गई इस किताब में सैकड़ों भविष्यवाणियां दर्ज हैं। सबसे ज्यादा हैरानी और खौफ की बात यह है कि 400 साल बाद भी इस किताब में लिखी कई बातें बिल्कुल सच साबित हुई हैं। दुनिया के क्रूर तानाशाह एडोल्फ हिटलर का उदय हो, 9/11 का खौफनाक आतंकी हमला हो या फिर पूरी दुनिया को घरों में कैद कर देने वाली कोविड-19 महामारी नास्त्रेदमस के पन्नों में इन सभी घटनाओं के स्पष्ट संकेत पहले से मौजूद थे।

## अमेरिका के ईरान पर हमले से पश्चिमी एशिया कांप उठा

### कविताओं में तीसरे विश्व युद्ध' का इशारा

अब हम साल 2026 में जी रहे हैं और अन्य वर्षों की तरह नास्त्रेदमस ने इस साल के लिए भी कुछ ऐसी भविष्यवाणियां छोड़ी हैं, जो रातों की नींद उड़ाने के लिए काफी हैं। 2026 के लिए सबसे भयानक भविष्यवाणी 'विश्व युद्ध' की आशंका है। अगर फिलहाल वैश्विक स्थिति को देखा जाए तो उनकी भविष्यवाणी सच साबित हो रही है। माना जा रहा है कि नास्त्रेदमस ने एक ऐसे वैश्विक युद्ध का संकेत दिया था जो पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लेगा। उनकी कविताओं की व्याख्या करने वाले विशेषज्ञों का दावा है कि यह सीधे तौर पर 'तीसरे विश्व युद्ध' का ही इशारा है। अगर यह सच साबित होता है, तो दुनिया का कोई भी देश इस भीषण तबाही से अछूता नहीं रहेगा।



### महज प्रतीकात्मक चेतावनी मानते हैं लोग

नास्त्रेदमस की किताब प्रतीकात्मक भाषा और पहेलियों से भरी है। 2026 की एक विचित्र भविष्यवाणी में मधुमक्खियों का जिक्र किया गया है। नास्त्रेदमस ने लिखा है, 'मधुमक्खियों का एक विशाल झुंड आएगा और रात अंधकारमय हो जाएगी।' कई लोग इसे महज एक प्रतीकात्मक चेतावनी मानते हैं। इतिहास के पन्नों में, विशेषकर मिस्र और नेपोलियन के युग में, मधुमक्खियों को सत्ता, ताकत और विजय का प्रतीक माना जाता रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में इसका अर्थ किसी बेहद शक्तिशाली नेता, नए सुपरपावर या किसी क्रूर तानाशाह के उदय से हो सकता है।

### शक्तिशाली तानाशाह के उदय का संकेत

नास्त्रेदमस ने अपनी किताब में दक्षिणी स्विट्जरलैंड के टिसिनो क्षेत्र को लेकर भी एक दिल दहला देने वाली बात कही थी। उन्होंने संकेत दिया था कि यह जगह पूरी तरह से खून से लथपथ हो जाएगी। टिसिनो क्षेत्र अपने मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य, शांत झीलों और ग्लेशियरों के लिए जाना जाता है। धरती पर स्वर्ग के समान ऐसी शांतिपूर्ण जगह के लिए इतनी हिंसक भविष्यवाणी लोगों को और भी ज्यादा डरा रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह तबाही किसी सैन्य युद्ध के कारण होगी, या फिर किसी भयंकर प्राकृतिक आपदा का परिणाम होगी। शांति के लिए मशहूर स्विट्जरलैंड के टिसिनो इलाके में खून-खराबे और शक्तिशाली तानाशाह के उदय का डरावना संकेत भी दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर दहशत का माहौल बना दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि नास्त्रेदमस की भविष्यवाणियां अक्सर बहुत घुमावदार होती हैं, जिन्हें कई अलग-अलग तरीकों से समझा जा सकता है।

# क्या मौत के बाद बढ़ते हैं बाल और नाखून? विशेषज्ञों ने बताई सच्चाई



**नई दिल्ली।** अक्सर लोगों को कहते हुए सुना जाता है कि मौत के बाद बाल और नाखून बढ़ते हैं। लेकिन, क्या यह सच है या सिर्फ एक भ्रम है? विशेषज्ञों ने इसकी सच्चाई बताई है। इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि मौत के तुरंत बाद दिल धड़कना बंद हो जाता है। इसके बाद शरीर में खून का प्रवाह बंद हो जाता है। इसके साथ ही शरीर के तापमान में गिरावट आने लगती है और मांसपेशियां अकड़ने लगती हैं। अलग-अलग कोशिकाएं अलग समय पर मरती हैं, लेकिन न शरीर की सक्रिय प्रक्रियाएं धीरे-धीरे रुक जाती हैं। नाखून और बाल तभी बढ़ते हैं, जब उनकी जड़ों में नई कोशिकाएं बनती हैं। इसके लिए ग्लूकोज और ऑक्सीजन की लगातार आवश्यकता होती है। जीवित शरीर में यही ऊर्जा कोशिकाओं को बांटती है। इसी प्रक्रिया के कारण नाखून आगे बढ़ते और बाल लंबे होते हैं। जैसे ही दिल खून को पंप करना बंद कर देता है, शरीर को ऑक्सीजन और ऊर्जा मिलनी बंद हो जाती है। इसके बाद कुछ ही मिनटों में दिमाग की कोशिकाएं मरने लगती हैं।

### त्वचा का सूखना और सिकुड़ना है असली वजह

विशेषज्ञों का कहना है कि असली वजह त्वचा का सूखना और सिकुड़ना है। मौत के बाद त्वचा की नमी खत्म हो जाती और पीछे की ओर खिंचने लगती है। इससे नाखून और बाल पहले से अधिक बाहर निकले हुए नजर आते हैं। लोगों को भ्रम होता है कि वे बढ़ रहे हैं। मेडिकल साइंस के मुताबिक, मौत के बाद बाल और नाखून की वास्तविक ग्रोथ नहीं होती। मौत के बाद दिखने वाला बदलाव सिर्फ त्वचा के सिकुड़ने का असर है। यानी नाखून और बाल बढ़ते नहीं हैं।

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने की कुल 63,331 यूनिट्स की बिक्री

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्केट में फरवरी 2026 की कुल बिक्री 63,331 यूनिट्स रही। यह फरवरी 2025 में दर्ज 46,811 यूनिट्स की तुलना में साल-दर-साल ) 35फीसदी की बढ़ोतरी है। बिजनेस यूनिट्स,सेगमेंट फरवरी 26 फरवरी 25 विकास,डिस्क्लिन, पीवी डोमेस्टिक 62,329 46,435 34फीसदी, पीवी आईबी 1,002 376 167 फीसदी, पीवीटोटल (ईवी शामिल है) 63,331 46,811 35 फीसदी, ईवी आईबी प्लस डोमेस्टिक 8,385 5,343 57 फीसदी, इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड की सब्सिडियरी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की सेल्स शामिल हैं।

### इंडोनेशिया ने रद्द कर दिया 70 हजार वाहनों का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स सीवी ने इंडोनेशिया से मिले वाहनों के ऑर्डर के संबंध में स्पष्टीकरण जारी कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि इंडोनेशिया से मिले 70 हजार वाहनों का आर्डर रद्द होने की खबरों से कंपनी की आर्थिक स्थिति पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। कंपनी ने बताया था कि उसकी सहायक कंपनी पीटी टाटा मोटर्स डिस्ट्रिब्यूसी इंडोनेशिया ने इंडोनेशिया में 70 हजार वाहनों की आपूर्ति का समझौता किया है। यह ऑर्डर 35,000–35,000 गाड़ियों के दो मॉडल के लिए है। योधा पिकअप और अल्ट्रा टी.7 ट्रक। नुसंतारा को की जानी है, जो कृषि आपूर्ति प्रणाली को आधुनिक बनाने और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने का काम करती है।

## ईरान-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव से आपूर्ति बाधित

# युद्ध का असर: ऑटोमोबाइल सेक्टर में बढ़ा गंभीर जोखिम, ग्रॉस मार्जिन पर पड़ेगा प्रभाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण ईंधन महंगा होने से इनपुट लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च में वृद्धि से वाहन निर्माता कंपनियों पर मार्जिन का दबाव बढ़ेगा। युद्ध के कारण ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डालर प्रति बैरल के पार जाने की आशंका जताई जा रही है जिससे भारत में पेट्रोल-डीजल, गैस सहित कार, बाइक की कीमतें बढ़ सकती हैं। यह बात भोपाल ऑटोमोबाइल एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष पांडेय ने कही।



आशीष पांडेय ने कहाकि युद्ध का असर गाड़ी बनाने वाली कंपनियों के वॉल्यूम पर नुकसान के तौर पर कुछ सीधा असर पड़ने की उम्मीद है, क्योंकि मिडिल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीकी इलाके कुल एक्सपोर्ट वॉल्यूम में 8 से 40 फीसदी का हिस्सा देते हैं। ज्यादातर ऑटो कंपनियों के लिए फ्रेट रेट रेवेन्यू का 1-3 फीसदी के बीच होता है। क्रूड की बढ़ी हुई कीमतें पहले से ही ज्यादा मटीरियल कॉस्ट को और बढ़ा सकती हैं, जिससे ग्रॉस मार्जिन पर असर पड़ सकता है।

## क्रूड की बढ़ी हुई कीमतें पहले से ही ज्यादा मटेरियल कॉस्ट को और बढ़ा सकती हैं



ऑटोमोबाइल सेक्टर

### टायर प्लास्टिक और पेंट उद्योग को चुकाने पड़ेगी अधिक कीमत

कहा जा रहा है कि एंसिलरी कंपनियों पर सप्लाई चेन में रुकावट बढ़ी है जिससे दूसरे ऑर्डर पर असर पड़ सकता है। टायर प्लास्टिक और पेंट उद्योग जो क्रूड पर निर्भर हैं उन्हें कच्चे माल के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी, जिससे वाहनों के निर्माण की लागत बढ़ेगी। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार रूट प्रभावित होने का खतरा है जिससे आयात-निर्यात में देरी और भाड़ा बढ़ सकता है।

### वाहनों की कीमतों में वृद्धि के सेल्स वॉल्यूम पर पड़ेगा असर

*आरएमजे मोटर्स के सुनील जैन 501 का कहना है कि यदि यह तनाव लंबा चलता है तो वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना से बिक्री प्रभावित हो सकती है। तेल की कीमतों में तेजी से उत्पादन परिवहन और परिचालन लागत बढ़ेगी, जिससे गाड़ियां महंगी हो सकती हैं। महंगाई बढ़ने से वाहनों की मांग में गिरावट आने की आशंका है , जिससे सेल्स वॉल्यूम पर बुरा असर पड़ेगा।*



## जेब पर भी होने वाला है 'महंगाई का अटैक'



### महंगे होंगे बासमती चावल, रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल

ईरान-इजरायल युद्ध से हॉर्मुज जलसंधि में तनाव बढ़ गया है। इससे भारत में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ना तय है। साथ ही ईरान को होने वाला बासमती चावल का निर्यात रुकने से किसानों को नुकसान होगा। यह संकट भारत की अर्थव्यवस्था और महंगाई के लिए बड़ी चुनौती है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतों में हर 10 डालर प्रति बैरल की बढ़ोतरी भारत के आयात बिल को लगभग13-14 अरब डालर (लगभग 1.15 लाख करोड़ रुपए) बढ़ा देती है। तेल खरीदने के लिए डॉलर की मांग बढ़ेगी, जिससे रुपया कमजोर होगा और 'इम्पोर्टेड इन्फ्लेशन' (आयातित महंगाई) बढ़ेगी। डीजल महंगा होने से ट्रक और लॉजिस्टिक्स का खर्चा बढ़ेगा, जिसका सीधा असर सब्जी, फल और राशन की कीमतों पर दिखेगा।

### संकट तेल तक सीमित नहीं, खेती और व्यापार पर मार

यह संकट केवल तेल तक सीमित नहीं है। भारत का कृषि निर्यात भी खतरे में है। भारत के कुल बासमती निर्यात का लगभग 25 फीसदी हिस्सा अकेले ईरान खरीदता है। भुगतान संकट या शिपिंग रुकने से भारतीय किसानों और निर्यातकों के अरबों रुपए फंस सकते हैं। चाय के बागानों से लेकर बंदरगाहों तक, निर्यात की सुस्त रफ्तार भारतीय व्यापारियों की चिंता बढ़ा रही है।

# चांदी की ऊंची छलांग, 3 लाख के पार, सोना भी हाई पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

## भू-राजनीतिक संकट के बीच निवेशकों में खलबली

पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच निवेशकों में खलबली मच गई है वे सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया, जिसका सीधा असर सर्राफा बाजार में देखने को मिला।

बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में 12 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। चांदी 3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई, जबकि सोना 1.73 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम जा पहुंचा।



ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के मुताबिक चांदी 2,68,000 रुपए से 32,000 रुपए (11.9 फीसदी) उछलकर 3 लाख रुपए प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) के पार हो गई। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 8,100 रुपए (4.92 फीसदी ) बढ़कर 1,72,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

बाजार जानकारों के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण सुरक्षित परिसंपत्तियों में आक्रामक खरीदारी शुरू हुई। ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित सैन्य हमलों की खबरों के बाद बाजार में घबराहट बढ़ी। तो वहीं वैश्विक बाजार में हाजिर सोना 116.38 डॉलर (2.21फीसदी ) की बढ़त के साथ 5,394.28 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी भी 1.43 फीसदी की तेजी के साथ 95.19 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार की।

# गैस के दाम में जबरदस्त उछाल, तीन साल के रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

गैस की कीमतों में एक बार फिर भारी बढ़ोतरी देखी गई है, जिससे यह तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। मंगलवार को थोक गैस की कीमतों में 32 फीसदी की सीधी वृद्धि दर्ज की गई, जिससे दाम थोड़े समय के लिए 151 पेंस प्रति थर्म तक जा पहुंचे। यह फरवरी 2023 के बाद का सबसे उच्च स्तर है।

बाजार में गैस की कीमतों का बढ़ना जारी है। कीमतों में हुई 50 फीसदी की वृद्धि के बाद इस सप्ताह अब तक गैस के दाम 93 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। हालांकि शुरुआती उछाल के बाद कीमतों में मामूली राहत देखी गई और यह 148 पेंस प्रति थर्म पर आकर रुकी। गैस की कीमतों में इस उछाल का सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ने की संभावना है। बिजली की कीमतें अभी भी थोक गैस की लागत से जुड़ी हुई हैं, इसलिए गैस महंगी होने से बिजली भी महंगी हो सकती है।



गैस प्लांट

# प्रविण मसालेवाले ने मुगलई स्वाद से प्रेरित 'सुहाना नूर' मसाला रेंज लॉन्च की

**पुणे।** मसालों और फूड सॉल्यूशंस के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही कंपनी प्रविण मसालेवाले ने अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 'सुहाना नूर' नाम से मिश्रित मसालों की नई रेंज लॉन्च की है। यह रेंज पारंपरिक मुगलई व्यंजनों के असली स्वाद को घर पर तैयार करने के उद्देश्य से विकसित की गई है। कंपनी के अनुसार, मुगलई भोजन अपनी धीमी आंच पर पकाने की प्रक्रिया और खास मसाला मिश्रण के लिए जाना जाता है। इसी परंपरा से प्रेरित होकर तैयार की गई सुहाना नूर रेंज में बिरयानी, ग्रेवी और स्टार्टर के लिए विशेष मसाले शामिल किए गए हैं। इनमें शाही बिरयानी मसाला, बॉम्बे बिरयानी मसाला, सिंधी बिरयानी मसाला, चिकन कोरमा मसाला, मटन कोरमा मसाला, कड़ाही मसाला, अचार गोश्त मसाला, निहारी मसाला, शामी कबाब मसाला और सीख कबाब मसाला जैसे उत्पाद शामिल हैं। कंपनी की रिसर्च टीम ने इस रेंज को विकसित करने के लिए दो वर्षों से अधिक समय तक शोध किया। इसमें मुगलई इतिहास, क्षेत्रीय पाक शैली और विशेषज्ञों की सलाह को शामिल किया गया ताकि पारंपरिक शाही स्वाद को सही तरीके से दोहराया जा सके। लॉन्च के अवसर पर कंपनी के स्ट्रैटेजी, मार्केटिंग और फाइनेंस डायरेक्टर विशाल चोरडिया ने कहा कि सुहाना नूर रेंज का उद्देश्य लोकप्रिय मुगलई व्यंजनों को घर पर आसानी से बनाने के साथ उनके असली स्वाद को बनाए रखना है। उन्होंने बताया कि पैकेट मसाला सेगमेंट में मुगलई व्यंजनों के लिए विकल्प सीमित हैं और यह नई रेंज उसी कमी को पूरा करने का प्रयास है। सुहाना नूर मसाला रेंज को फिलहाल चुनिंदा बाजारों में सामान्य और आधुनिक रिटेल स्टोर्स के साथ प्रमुख ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जा रहा है। कंपनी आने वाले महीनों में इसके वितरण को और विस्तार देने की योजना बना रही है।




## सोयाबीन उत्पादन अनुमान बढ़ाया सोपा ने

# मध्यप्रदेश के बाद अब महाराष्ट्र बना सोया स्टेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोयाबीन उद्योग ने सोयाबीन के अपने उत्पादन अनुमान में संशोधन किया है। उद्योग ने दूसरे अनुमान में सोयाबीन का उत्पादन पहले लगाए गए अनुमान से बढ़ा दिया है। इसके साथ ही सोयाबीन उत्पादन में महाराष्ट्र ने मध्य प्रदेश को पीछे छोड़ दिया है, जबकि 2024 और 2025 के ही पहले अनुमान में मध्य प्रदेश महाराष्ट्र पीछे छोड़ आगे निकल गया था।

सोयाबीन प्रोसेसिंग उद्योग सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने कहाकि हमने खरीफ 2025 के लिए सोयाबीन फसल के पहले अनुमान की समीक्षा करने के लिए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान तीन प्रमुख सोयाबीन उगाने वाले राज्यों में एक विस्तृत फील्ड सर्वे किया। यह सर्वे सोपा की टीमों द्वारा 6 दिनों में 3,467 किलोमीटर की दूरी कवर करते हुए किया गया, जिसमें किसानों, एफपीओ, सोयाबीन प्रोसेसरों, सरकारी और निजी मंडियों, व्यापारियों, ब्रोकरों और स्टॉक्सियों के साथ बातचीत शामिल थी। सर्वेक्षण के आधार पर सोपा ने खरीफ 2025 की फसल का अनुमान 105.36 लाख टन से बढ़ाकर 110.258 लाख टन कर दिया है।' हालांकि यह उत्पादन 2024 के 128.81 लाख टन से कम ही है।





# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *



### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।
चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!



एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195



1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।





# बार्सिलोना से 3-0 से हार के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड कोपा डेल रे के फाइनल में

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

■ पहले चरण के मैच में 4-0 से जीत हासिल की थी

मैड्रिड ने मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना से दूसरे चरण में 3-0 से हारने के बावजूद पहले चरण के अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर 13 साल में पहली बार कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको ने पिछले महीने मैड्रिड में खेले गए पहले चरण के मैच में 4-0 से जीत हासिल की थी। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-3 के स्कोर के साथ फाइनल में प्रवेश किया। एटलेटिको ने 2012-13 के सत्र में अपनी 10वीं कोपा ट्रॉफी जीती थी लेकिन इसके बाद उसकी टीम फाइनल में जगह नहीं बना पाई थी। दूसरे सेमीफाइनल का दूसरा चरण बुधवार को खेला जाएगा, जिसमें रियाल सोसिदाद का सामना एथलेटिक बिलबाओ से होगा। सोसिदाद ने पहले चरण में एथलेटिक को 1-0 से हराया था।



## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम में छह नए चेहरे

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए बुधवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम में छह नए खिलाड़ियों को शामिल किया। यह सीरीज 11 मार्च से खेली जाएगी। दूसरा वनडे 13 और तीसरा वनडे 15 मार्च को खेला जाएगा। सभी मैच ढाका के शेरे बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। जिन नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है उनमें माज़ सदाकत, शमील हुसैन, ग़ाज़ी घोरी, साद मसूद और अब्दुल समद शामिल हैं। टीमः शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हुसैन तलत, माज सदाकत, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद गाजी गोरी (विकेटकीपर), साद मसूद, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा और शमील

### रोहित और विराट के लिए वनडे मैचों की संख्या बढ़ा सकता है बीसीसीआई



**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली की विश्व कप 2027 की तैयारियों के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बीसीसीआई के सामने एक खास प्रस्ताव रखा है। भारतीय टीम छह साल बाद न्यूजीलैंड में एक पूर्ण द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मुकाबले खेले जाने हैं। लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बीसीसीआई से वनडे मैचों की संख्या तीन से पांच करने का अनुरोध किया है। साथ ही टी-20 मैचों को पांच की जगह तीन करने का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों के अनुसार, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े सितारे रोहित शर्मा और विराट कोहली के कारण इस दौरे में बदलाव करने का अनुरोध किया है। विराट और रोहित टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं और केवल वनडे क्रिकेट खेलते हैं।

### आईपीएल शेड्यूल 2 पार्ट में रिलीज होगा, बेंगलुरु में ही फाइनल खेला जाएगा

**मुंबई।** आईपीएल का शेड्यूल 2 पार्ट में रिलीज किया जाएगा। आईपीएलगवर्निंग काउंसिल (जीसी) ने कन्फर्म किया कि पहले पार्ट का शेड्यूल 6 या 7 मार्च को अनाउंस होगा। सोमवार को जीसी ने ऑनलाइन मीटिंग की और 19वें सीजन के शेड्यूल को चुनाव के कारण 2 फेज में बांटने का फैसला किया। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। बेंगलुरु इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।

### पीसीबी ने सरफराज अहमद को मुख्य कोच का पद देने की पेशकश की

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद के सामने पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव रखा है। पीसीबी 38 वर्षीय सरफराज से यह पद संभालने के लिए उनकी पुष्टि का इंतजार कर रहा है। अगर सरफराज यह पद स्वीकार करते हैं तो वह सबसे युवा मुख्य कोच बन जाएंगे। पाक का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत इस साल टेस्ट मैचों का कार्यक्रम काफी व्यस्त है।

टी-20 वर्ल्डकप

## भारत चौथी बार फाइनल में, संजू सैमसन ने शानदार पारी खेलते हुए 89 रन बनाए

# सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को हराया

■ अक्षर पटेल ने सिक्स जा रही गेंद को कैच बनाकर शिवम दुबे के हाथ में थमाया, भारत के लिए विनिंग टर्निंग पॉइंट

▶▶| मुंबई

**मुंबई।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारत ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके।

इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

इसके बाद हालांकि भारतीय टीम ने लचीला दृष्टिकोण अपनाया जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। संजू सैमसन को पावरप्ले में बाएं हाथ के शीर्ष तीन बल्लेबाजों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए फिर से अंतिम एकादश में जगह दी गई और उसका यह फैसला कारगर साबित हुआ। भारत के लिए पदार्पण करने के 10 साल से अधिक समय बाद सैमसन ने आखिरकार भारत की तरफ से अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की नाबाद पारी खेलकर बड़े मंच पर अपनी छाप छोड़ी। उस विशेष प्रदर्शन के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का आत्मविश्वास चरम पर होगा और भारत को उम्मीद होगी कि सेमीफाइनल में इसका असर उनके सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा पर भी पड़ेगा। खेल में कब किसकी किस्मत चमकने लग जाए कहा नहीं जा सकता। विश्व कप से पहले अभिषेक अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे, जबकि सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण अंतिम एकादश में अपनी जगह गंवानी पड़ी थी। अब हालात बदल गए हैं और अभिषेक को आत्मविश्वास बढ़ाने वाली शानदार पारी की सख्त जरूरत है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सुपर आठ में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक तो बनाया, लेकिन अभी भी वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म से काफी दूर हैं।

इंग्लैंड ने इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रखी होगी। जोफ्रा आर्चर शरीर को निशाना बनाकर की गई शॉर्ट पिच गेंदों से सैमसन की परीक्षा ले सकते हैं, जिन्हें अतीत में इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। दूसरी तरफ विल जैक्स पावरप्ले में अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से अभिषेक को परेशान कर सकते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने भी शुरुआती छह ओवरों में गेंदबाजी की है।






### जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की बेहतरीन पारी खेली पर टीम को जीत में नहीं बदल सके

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह। **इंग्लैंडः** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टोंग, ल्यूक वुड। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

### टी20 विश्व कप में बना सबसे अधिक दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को बताया कि मौजूदा टी20 विश्व कप ने प्रसारण के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि इस टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक है। आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दर्शकों की संख्या के मामले में कुछ लक्ष्य तय किए थे और वह उन्हें हासिल करने में सफल रहा। शाह ने एक्स पर लिखा, "आईसीसी टी20 विश्व कप का सफर इसे वैश्विक और सहज क्रिकेट प्रतियोगिता बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि भारत में हो रही इस प्रतियोगिता में दर्शकों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है, जो टी20 विश्व कप के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है।" उन्होंने कहा, "यह देखकर बेहद खुशी हुई कि जियो हॉटस्टार पर टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या छह करोड़ 50 लाख तक पहुंच गई है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच आज रात से शुरू हो रहे हैं और हमें उम्मीद है कि भारतीय प्रशंसकों से हमारी इस प्रतियोगिता को मिलने वाला अपार प्यार और भी रिकॉर्ड बनाने में मदद करेगा।" टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल और फाइनल अभी खेले जाने बाकी हैं, लेकिन उसने 2024 में अमेरिका में खेले गए टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया है।

## सालाह के गोल के बावजूद वॉल्व्स से हारा लिवरपूल



**लंदन।** मोहम्मद सालाह के गोल के बावजूद लिवरपूल को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। ब्राजील के मिडफील्डर आंद्रे ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर लिवरपूल की अगले सत्र में चैंपियंस लीग में खेलने की उम्मीदों को झटका दिया। मैच का नाटकीय अंत देखने को मिला जब सालाह ने 83वें मिनट में गोल करके लिवरपूल को बराबरी पर ला दिया। यह उनका प्रीमियर लीग में 10 मैचों में पहला गोल था। सालाह के गोल से कुछ समय पहले रोड्रिगो गोम्स ने 78वें मिनट में वॉल्व्स को बढ़त दिलाई थी।

## महिला हॉकी बलजीत कौर ने कहा, गति और युवा जोश से भारत को फायदा मिलेगा

भाषा ▶▶| हैदराबाद



भारतीय महिला टीम की मिडफील्डर बलजीत कौर ने यहां एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर से पहले महिला हॉकी टीम की क्षमता पर भरोसा जताया और कहा कि तेज गति से खेलने और युवा खिलाड़ियों मौजूदगी का टीम को फायदा मिलेगा। भारतीय टीम हैदराबाद में होने वाले क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रही है और 24 वर्षीय कौर उन खिलाड़ियों में से एक हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने और भारत को इस साल के अंत में होने वाले महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कौर ने कहा, "हमारा लक्ष्य जीत हासिल करना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं ताकि हम देश के लिए पदक जीत सकें।" उनका यह भी मानना है कि मौजूदा टीम कुछ खास हासिल करने के लिए बेहद संतुलित है।

उन्होंने कहा, "टीम में कई युवा और तेजतर्रार खिलाड़ी हैं और यह एक बहुत अच्छा संयोजन है। टीम के भीतर तालमेल अच्छा है और फिटनेस का स्तर भी काफी बेहतर है।" टूर्नामेंट की तैयारियों के बारे में कौर ने कहा कि टीम ने अभ्यास शिविर में काफी मेहनत की है और इसका उसे फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, "शिविर बहुत अच्छा रहा और अभ्यास सत्र बढ़िया थे। हमने शॉट लगाने सहित विभिन्न पहलुओं पर काम किया। शिविर में आने से पहले मेरा एक मुख्य लक्ष्य अपनी फिटनेस में सुधार करना था। मैंने अभ्यास के दौरान इस पर काफी काम किया।" भारत विश्व कप क्वालीफायर में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह नौ और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगा।

## महिला एशियाई कप में जापान ने ताइवान को 2-0 से हराया



**पर्थ (एजेंसी)।** मोमोको तानिकावा और किको सेइके के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से जापान ने बुधवार को भीषण गर्मी और ताइवान के मजबूत रक्षात्मक खेल पर काबू पाते हुए महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में 2-0 से जीत हासिल की। जापान ने 2014 और 2018 में लगातार खिताब जीते और उसे इस बार भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ग्रुप ए के मैच में सैम केर के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पिछले रविवार को पर्थ में फिलीपींस पर 1-0 से जीत के साथ शुरुआत की, जबकि 2024 के उपविजेता दक्षिण कोरिया ने ईरान को 3-0 से हराया। ग्रुप बी में म्योंग यू जोंग ने पहले हाफ में हैट्रिक बनाई जिससे उत्तर कोरिया ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से पराजित किया जबकि मौजूदा चैंपियन चीन ने बांग्लादेश को 2-0 से हराया।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव : गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसके

## अरविंद ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

भाषा ▶▶| प्राग

मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के छठे दौर में सटीक रणनीति अपना अपनाकर हमवतन डी गुकेश को हराया जिससे मौजूदा फिडे विश्व चैंपियन अंतिम स्थान पर खिसक गया। अरविंद की जीत का मतलब है कि गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। किसी प्रतियोगिता में नहीं खेलने के कारण विश्वनाथन आनंद इस सूची में शामिल नहीं हैं। दिसंबर 2024 में खिताब जीतने के बाद से गुकेश को विश्व चैंपियन का अपना रुतबा बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जनवरी 2025 में टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट एकमात्र अपवाद था, जब पहले स्थान के लिए खेले गए टाईब्रेकर में वह हमवतन आर प्रज्ञाननंदा से हार गए थे। अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया। गुकेश के लिए मुश्किलें खड़ी करना आसान था क्योंकि मिडिल गेम के शुरू में उन्होंने अपना एक प्यादा कुर्बान कर दिया था। अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी। दिन के अन्य मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से जोर्डन वैन फोरेस्ट 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय स्टार डेविड नवारा के साथ अंक बांटे। नवारो चार अंक लेकर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद डेविड एंटोन गुइजारोव 3.5 अंक के साथ अगले स्थान पर हैं। उनके बाद अरविंद, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव का नंबर आता है। नीमन 1.5 अंकों के साथ गुकेश से ठीक ऊपर हैं। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ अंक साझा किया।




### प्रतिवादियों को नोटिस जारी, अगली सुनवाई 20 मार्च को

# सोम डिस्टिलरीज मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की पीठ ने बहुचर्चित सोम डिस्टिलरीज के लायसेंस निलंबन मामलें में सुनवाई हुई। पहले जस्टिस विशाल मिश्रा और उसके बाद जस्टिस संदीप एन भट्ट द्वारा सुनवाई से इंकार किए जाने के बाद यह मामला चर्चित हो गया था। गुरुवार को जस्टिस विवेक अग्रवाल की पीठ में यह मामला सुनवाई के लिए आया। हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के बाद ही अगली सुनवाई की तारीख 20 मार्च को नियत की है। लगातार दो जजों के रिक्यूजल के बाद इस मामलें की सुनवाई जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल पीठ में हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने प्रतिवादियों से नोटिस जारी कर जवाब मांगा। अगली सुनवाई में इस मामलें में विस्तृत कानूनी बहस हो सकती है। यह पूरा



मामला उस कार्रवाई से जुडा है जिसमें 4 फरवरी 2026 को आबकारी विभाग ने सोम डिस्टिलरीज के सेहतगंज और रोजराजक स्थित फैक्ट्री के लायसेंस निलंबित कर दिए। विभाग ने 2023 के उस प्रकरण को आधार बनाया जिसमें नकली परमिट से अवैध शराब परिवहन का मामला सामने आया था। इस मामलें में जिला सत्र न्यायालय द्वारा कंपनी द्वारा जुड़े कुछ लोगों को सजा भी सुनाई गई थी।

केंद्रीय मंत्री की सिफारिश पर तबादले के यथास्थिति निर्देश जतारा जनपद पंचायत सीईओ ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर अपने तबादले को चुनौती दी है। याचिका में उन्होंने आरोप लगाया है कि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार की अनुशंसा से उनका तबादला कराया गया। तत्कालीन सीईओ सिद्ध गोपाल वर्मा द्वारा याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मप्र सरकार, कलेक्टर टीकमगढ़ और संबंधित महिला सरपंच को नोटिस जारी कर जवाब मांगा, साथ ही तबादले को लेकर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मनोज चंसोरिया ने अदालत को बताया कि जतारा जनपद में याचिकाकर्ता सीईओ के पद पर पदस्थ थे। उनके क्षेत्र अधिकार में आने वाली सतगोवा ग्राम पंचायत सरपंच संगीता यादव और उनके पति जानकीशरण यादव के खिलाफ अनिमियतातओं की शिकायत मिलने के बाद जांच शुरु की गई जिसे रोकने के लिए कई तरह का दबाव बनाया गया। इसके बाद भी उन्होंने जांच प्रक्रिया जारी रखी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सरपंच और उसके पति के राजनीतिक हस्तक्षेप से केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने उनके तबादले की अनुशंसा कर दी। याचिकाकर्ता का दावा है कि बिना किसी गलती के तीन साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए थे। याचिका में उन्होंने तबादले नीति उल्लंघन का सवाल भी उठाया है। याचिका में केंद्रीय मंत्री को भी प्रतिवादी बनाया गया है।

### जबलपुर के 4 परिवार दुबई में फंसे

# युद्ध तनाव के कारण उड़ाने रद्द

हरिभूमि जबलपुर।



ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान दुबई से उड़ाने बंद होने से जबलपुर के चार व्यापारी अपने परिवार सहित दुबई में फंसे हैं। वीडियो जारी कर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक शहर के व्यापारी शैलेश जैन, प्रशांत विश्वकर्मा, संजय सिंघई और प्रवीण जैन 21 फरवरी को परिवार के साथ दुबई रवाना हुए थे। उनकी वापसी 28 फरवरी को तय थी। इसी दौरान ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने से कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि कुछ को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया। दुबई में फंसे व्यापारियों ने मंगलवार को दो वीडियो जारी कर अपनी स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में वे ठहरे हैं, वहां अभी हालात सामान्य और सुरक्षित हैं। लेकिन एयरपोर्ट संचालन और उड़ानों के दोबारा शुरू होने को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही, जिससे चिंता बढ़ती जा रही है। फंसे हुए व्यापारियों ने केंद्र सरकार से सुरक्षित घर वापसी के लिए मदद की अपील की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विशेष व्यवस्था कर जल्द उन्हें स्वदेश लाया जाएगा। युद्ध जैसे हालात के कारण यूएई में कई उड़ानें रद्द की गई थीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की शारजाह–इंदौर फ्लाइट आईएक्स-256 को 28 फरवरी से लगातार रद्द किया जा रहा था।

### चरगवां में दो पक्षों में संघर्ष, महिलाओं समेत 7 घायल

**जबलपुर।** जबलपुर के देहात थाना क्षेत्र चरगवां के ग्राम बम्बावारी में बुधवार की दोपहर सरकारी ज़मीन के रास्ते के विवाद ने कहा सुनी के बाद हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए इस विवाद में दोनों ओर से लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त के अनुसार दोपहर करीब 2:30 बजे गांव की ही सरकारी ज़मीन पर बने एक रास्ते के उपयोग को लेकर गांव के ही लक्ष्मण पटेल और कोमल पटेल के गुटों के बीच पहले तो कहासुनी हुई और फिर देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे और धारदार हथियार निकल आए। चरगवां थाने के एएसआई प्रकाश सिंह पटेल ने बताया कि इस संघर्ष में कोमल सिंह लोधी के पक्ष से कोमल समेत 5 तथा दूसरे पक्ष से लक्ष्मण सिंह और उसकी पत्नी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

### पुलिस ने मोर्चा संभाला क्षेत्र में दहशत व तनाव

# कदम तलैया में गुटीय संघर्ष, पथराव, गोली चली

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत छोटी ओमती कदम तलैया क्षेत्र में बुधवार की रात उस वक्त दहशत का माहौल बन गया जब पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटो के बीच संघर्ष हो गया। इस दौरान जमकर पथराव हुआ और भीड़ में किसी ने गोली चला दी, जिससे भगदड़ मच गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि पुलिस ने इसमें साधारण मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



घटना के संबंध में बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अप्पा एवं अंशुल सोनकर ने दो तीन दिन पूर्व शुभम सोनकर को बातचीत के बहाने बुलाकर मारपीट की थी। परिवार के लोगों द्वारा समझाईश देने के बाद मामला शांत हो गया था। धुरेडी की रात फिर विवाद की स्थिति बनी। दोनों पक्षों में कहासुनी हुई और देखते ही देखते पथराव होने लगा। इसी बीच किसी ने गोली भी चला दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भानतलैया से छोटी ओमती मार्ग पर कदम तलैया के पास सोनकर समाज के दो गुटों के बीच मामूली विवाद हुआ था। देखते ही देखते दोनों ओर से बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पहले आपसी गाली-गलौज हुई और फिर झड़प शुरू हो गई। शरारती तत्वों ने एक-दूसरे पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। फिलहाल पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और विवाद में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बेलबाग निवासी 30 वर्षीय शुभम सोनकर कल रात अपने भाई आयुष के साथ छोटी ओमती कदम तलैया, लक्ष्मी चिकन शॉप के सामने खड़ा था, तभी आरोपी अप्पा और अंशुल ने शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करते हुए गालीगलौज व मारपीट की एवं अप्पा ने आयुष पर पत्थर से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(इ), 119(1), 351(2), 3(5)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### गंभीर घायल बहू जबलपुर रेफर, देर रात कटनी-बरही मार्ग पर हुआ हादसा

# पिकअप की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, बहू गंभीर

**जबलपुर।** संभाग के कटनी जिलांतर्गत बड़वारा थाना क्षेत्र में सोमवार होलिका दहन 2 मार्च की देर रात कटनी-बरही मार्ग पर सुड्डी ग्राम मोड़ के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर में बाइक पर सवार पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार की एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया है। मृतकों की पहचान माधवनगर थाना क्षेत्र के भानपुर निवासी शिव सिंह (55 वर्ष) और उनके पुत्र मनोज सिंह (35 वर्ष) के रूप में हुई है। वे अपनी बहू चंदा बाई के साथ बरही के सुखदास ग्राम से लौट रहे थे। पिता-पुत्र , बहू चंदा बाई की भाभी के निधन पर आयोजित शोक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां से वे रात करीब 9 बजे लौट रहे थे कि इसी बीच सुड्डी मोड़ के पास कटनी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पास के खेत में जा घुसी। राहगीरों से मिली हादसे की सूचना पर बड़वारा पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने शिव सिंह और उसके पुत्र मनोज सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बहू चंदा बाई को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है। आरोपी चालक की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### खाद्य विभाग रहा सक्रिय, 50 किलो छैना कराया नष्ट

# चमचम में तैर रहे थे काकरोच और कीट

**जबलपुर।** त्यौहारों पर चैतन्य होने वाले खाद्य विभाग के अमले ने खाद्य पदार्थों मे मिलावट पर अंकुश लगाने के चले अभियान के अंतर्गत होलिका दहन को भी अपना



अभियान जारी रखते हुए शहर व आसपास की अनेक मिठाई की दुकानों पर दबिश देकर बडी मात्रा में अखाद्य मिठाईयां बरामद कर इन्हें मौके पर ही नष्ट कराया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मंगलवार को अँधेरदेव स्थित श्रीराम स्वीट्स एंड नमकीन तथा अधारताल चौक स्थित श्री स्वीट्स एंड बेकरी का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रीराम स्वीट्स से छैना और नमकीन के नमूने लिये गये तो वहीं अधारताल स्थित श्री स्वीट्स एंड बेकरी में विक्रय हेतु संग्रहित लगभग 50 किलोग्राम छैना (चमचम) कीट तथा कॉकरोच से दूषित होना पाये जाने पर इसे नगर निगम दल की सहायता से पूरी तरह विनिष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान अवरोध पैदा करने पर इस दुकान के मालिक मुकेश तिवारी के खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की गई। श्री दुबे के मुताबिक प्रतिष्ठान पर सिल्वर फॉयल के स्थान पर अलुमिनियम फॉयल का उपयोग करने के संदेह पर मलाई रोल का नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किया गया। प्रयोगशाला से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर संबंधित कारोबार कर्ता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी।

# क्राइम ब्रांच व पनागर पुलिस की कार्रवाई, 600 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच और पनागर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 600 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है, जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर जिले में मादक पदार्थ और अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) जितेन्द्र सिंह और नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच व पनागर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार के अनुसार 4 मार्च की रात गश्त के दौरान ग्राम सकरी में एक व्यक्ति नीले रंग का झोला लेकर संदिग्ध हालत में मिला, जो पुलिस को देखकर भागने लगा।

**ग्राम सकरी में घेराबंदी कर पकड़ा गया युवक, करीब 30 हजार रुपये का मादक पदार्थ जब्त**

पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेन्द्र पुरी गोस्वामी (35) निवासी ग्राम सकरी बताया। तलाशी लेने पर झोले से 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है और उससे गांजा के स्त्रोत के बारे में पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक रवि सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक विनोद पटेल, आरक्षक राहुल, मनीष तथा क्राइम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक अटल, राजेश मिश्रा और आरक्षक राजेश की




### गोताखोरों के समय पर नहीं पहुंचने पर हंगामा

# बरगी बांध में नहाने गई युवकों की टोली, एक की डूबने से मौत

**जबलपुर।** जबलपुर के बरगी बांध जलाशय के जीरो पॉइंट पर बुधवार को नहाने गए युवकों के समूह में शामिल एक 25 वर्षीय युवक देखते ही देखते गहरे पानी में समां गया। इस घटना का दुखद पहलू यह रहा कि सूचना के बाद भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गोताखोर मौके पर नहीं पहुंचे । इस पर मौके पर जमा युवक के परिजनों व अन्य लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया जिससे काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। बाद में गोताखोर पहुंचे परंतु रात अधिक हो जाने व अंधेरा घिरने के कारण गुरुवार की सुबह से पुनः रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।



घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग 1 बजे बरगी जैन मंदिर के पीछे रहने वाला शैलेश नेमा अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के बाद डेम में नहाने गया था। नहाने के दौरान अचानक वह गहरे पानी की ओर बढ़ गया और संतुलन बिगड़ते ही लहरों में ओझल हो गया। साथियों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज गहराई और फिसलन भरे पिचिंग पत्थरों के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना की खबर फैलते ही जीरो पॉइंट पर लोगों की भीड़ जा पहुंची। वहीं सूचना पाकर पुलिस चौकी बरगी नगर से चौकी प्रभारी सरिता पटेल दल सहित मौके पर पहुंचीं। इसके बाद मुख्यालय से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। सर्च टीम पहुंची और फर टीम ने देर शाम तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। जैसे-जैसे समय बीतता गया, परिजनों का आक्रोश बढ़ता गया। प्रशासन पर लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की कमी के आरोप लगाते हुए घाट पर नारेबाजी की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी अंजुल मिश्रा और थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी और सुबह फिर से सघन सर्च अभियान चलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240